बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 157, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ग्रहों को ऑर्बिट में स्थापित होने में लगे 100 मिलियन वर्ष 16

दिल्ली को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद 15

विनम्र श्रद्धांजलि

न जायते म्रियते वा कदाचि । न्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो । न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।

आपका परम स्नेही, सरल एवं धैर्यवान व्यक्तित्व, अपने कार्य व मरीजों के प्रति समर्पण, निष्ठा का भाव, अथक परिश्रम करते हुए सबको साथ ले कर चलने वाला निस्वार्थ जीवन का हर पल हमें जीवन में हमेशा मार्गदर्शन एवं प्रेरणा देता रहेगा।

स्व. डॉ. निशांत गुप्ता

वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ

मैनेजिंग डायरेक्टर – गंगाशील ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एवं इंस्टीट्यूशन्स

13 जून 1975 - 22 अप्रैल 2024

अत्यंत दुखित मन से आप सभी को सूचित करना है कि हम सबके प्रिय डॉ. निशांत गुप्ता (राहुल) का दिनांक 22.04.2024 को गोलोक गमन हो गया है। दिव्य आत्मा कि स्मृति में 24.04.2024 को उठावनी हरि मन्दिर, मॉडल टाउन, बरेली में दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे तक होनी निश्चित हुई है। आप सभी सम्मलित होकर पुण्य आत्मा कि शांति हेतु प्रभु से हमारे साथ प्रार्थना करें।

दिनांक – 24.04.2024 | समय – दोपहर 01:00 बजे से 02:00 बजे तक
स्थान – हरी मंदिर, मॉडल टाउन, बरेली

शोकाकुल परिवार

डॉ. एन.के. गुप्ता । डॉ. शशि बाला राठी (पिता,माता)
डॉ. शालिनी माहेश्वरी, डॉ. नंदिनी गुप्ता, आर्यवद्धन गुप्ता (पत्नी, पुत्री, पुत्र)
डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, डॉ. मोनिका माहेश्वरी (बहनोई, बहन)
डॉ. अनुज भसीन, डॉ. सोनिका भसीन (बहनोई, बहन)
डॉ. संदीप गुप्ता, डॉ. प्रियंका गुप्ता (बहनोई, बहन)
डॉ. अपूर्वा माहेश्वरी, आयुष माहेश्वरी, अनन्या, रिया, लव्य (भांजी,भांजे)
समस्त मूंदड़ा परिवार
श्री मनीष वैष्णव एवं श्री संकेत बाली

गंगाशील / गंगाचरण ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एवं इंस्टीट्यूशन्स

स्व. डॉ. निशांत गुप्ता जी

एक सूरज था कि तारों के घराने से उठा, आँख हैरान है क्या शख्स जमाने से उठा।

उपेंद्र शंकर दास वैष्णव, मनीष वैष्णव, सुगंध एवं परिवार	सुधीर बाली, सुदेश बाली, संकेत बाली, प्राची बाली एवं परिवार	डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ. वंदना बजाज एवं परिवार	डॉ. ज्ञानेंद्र गुप्ता, डॉ. मोनालिसा गुप्ता एवं परिवार	संदीप सिंह एवं परिवार
डॉ. प्रेम मोहन झा एवं परिवार	डॉ. दीपक कोदेसिया एवं परिवार	डॉ. राहुल सिंह एवं परिवार	डॉ. मो. कलीम एवं परिवार	राजेंद्र नाथ, सौरभ खंडेलवाल एवं परिवार
चैतन्य गावड़े, विकास अग्रवाल, उपनीत झा एवं परिवार	मनोज कुमार गौतम विभव, रेहम एवं गौतम परिवार	अभिषेक पॉल, सन्नी शलभ, राहुल श्रीवास्तव एवं परिवार	विजय कुमार वर्मा, राहुल वर्मा, रोहित वर्मा एवं परिवार	जीतू यादव, डॉ. सचि यादव एवं परिवार
प्रभात कुमार ओझा, अजय कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह एवं परिवार	राहुल तोमर एवं परिवार	आशीष मिश्रा एवं परिवार	अर्पित जायसवाल, अमित गुप्ता एवं परिवार	शिव प्रताप सिंह, अशोक पटेल एवं परिवार
मो. परवेज, मो. फैज़ान एवं परिवार	मो. तस्लीम, मो. आकिब, हिबा खान एवं परिवार	मो. वाइज मलिक, कविता एवं परिवार	रचित माहेश्वरी, बंधन सक्सेना एवं परिवार	राहुल कुमार, राजेंद्र चरण एवं परिवार
राजेश राठौर, धर्मेंद्र शर्मा, अरविन्द कुमार, राकेश उपाध्याय एवं परिवार	राकेश, विपिन, अरविन्द, शुभम, दीपक, डॉ. अफजल एवं परिवार	यशपाल, राणा प्रताप, अभिषेक, रिषिकीर्ति, दीपक	संजय सिंह, बूंदपाल सिंह, पंकज कुमार एवं परिवार	.त्रिलोकी, नीरज, आनंद, आसिफ, अनुपम, दीपक
इरफान अहमद, नदीम इदरीसी, सद्दाम हुसैन एवं परिवार	अमित शर्मा, त्रिवेंद्र चौधरी, शाह आलम एवं परिवार	हुमैरा, निकिता, कपिल, अभिषेक, संतोष, कमल	शैलेन्द्र, जीतेन्द्र कुमार, उत्कर्ष, अश्विनी एवं परिवार	मनीष सिंह, शाहजानन्द मेडिकल डिवाइसेस, दिल्ली
सुमित कश्यप एवं परिवार	प्रदीप, सचिन, देवेश, कपिल एवं परिवार	खुशी ट्रेडर्स, बरेली	विवेक कुमार, इंडिया मेडट्रॉनिक लिमिटेड	अर्जु प्रताप सिंह, इन्वो मेडिक्स प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ
देवेश चंद श्रीवास्तव, देव सुर्गिकल्स, लखनऊ	राज कुमार सिन्हा, कार्डिओ केयर सिस्टम, लखनऊ	संजीव अग्रवाल, मेरिल लाइफ साइंसेज इंडिया प्रा. लि., दिल्ली	वक्त के साथ जख्म तो भर जायेंगे, मगर जो बिछड़े सफर जिन्दगी में फिर ना कभी लौट कर आयेंगे – भावभीनी श्रद्धांजलि	

बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 157, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सैन्य खर्च में भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश 16

सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी 15

पत्नी फंदे पर लटकी तो सिपाही ने गोली मार कर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- चित्रकूट के रैपुरा थानांतर्गत देवकली गांव में हुई घटना

अमृत विचार : रैपुरा थानांतर्गत देवकली गांव में सोमवार देर रात पत्नी के फांसी लगाने के लगभग एक घंटे बाद पुलिसकर्मी ने सरकारी रायफल से खुद को गोली मारकर जान दे दी। सिपाही चुनावी ड्यूटी से लौटा था। बताया गया कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और इसके बाद पहले पत्नी और फिर पति ने आत्महत्या कर ली।

देवकली निवासी जौहरी लाल पटेल का बड़ा बेटा मयंक पटेल (32) जीआरपी झांसी में तैनात था। कुछ दिन पहले वह पत्नी कुसुम (27) और डेढ़ साल के बेटे आर्यन उर्फ दादू के साथ गांव आया था। मयंक प्रथम चरण के चुनाव में बिजनौर ड्यूटी पर गया था और 21 अप्रैल को गांव लौटा था। 22 अप्रैल की रात उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद रात में ही कुसुम का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार लगभग एक घंटे बाद मयंक चुनाव ड्यूटी में नोयडा जाने की बात कहकर अपनी सरकारी रायफल लेकर घर से निकल गया।

घर से कुछ दूरी पर रायफल को अपनी ठुड्डी से लगाकर फायर कर दिया। इससे गोली सिर को भेदते हुए निकल गई और मयंक की मौके पर ही मौत हो गई। पति-पत्नी की मौत से गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए।

वाहन अधिग्रहण में लापरवाही एआरटीओ प्रवर्तन निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिलाधिकारी की रिपोर्ट के बाद प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने की कार्रवाई

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान कर्मियों और फोर्स के लिए हल्के वाहनों के अधिग्रहण में लापरवाही बरतने और निर्वाचन संबंधित दायित्वों का ठीक से पालन नहीं करने पर बरेली के एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कर्दम को प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने निलंबित कर दिया है।

एआरटीओ परिवर्तन राजेश कर्दम को वाहनों के अधिग्रहण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। जिले के निजी वाहन मालिकों को भी नोटिस जारी कर दिए गए थे। शिकायत जिला अधिकारी रविंद्र कुमार के पास भी पहुंची थी। जिलाधिकारी ने एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कर्दम के खिलाफ परिवहन विभाग के मुख्यालय पास रिपोर्ट भेजी थी। रिपोर्ट पर एल वेंकटेश्वर लू ने लापरवाही पाए जाने के मामले में एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कर्दम को निलंबित कर दिया है।

250 किमी तक दुश्मन को निशाना बनाएगी ये नई बैलिस्टिक मिसाइल

- ओडिशा के अब्दुल कलाम केंद्र के द्वीप से किया गया मिसाइल का सफल परीक्षण

बालासोर। भारत मिसाइली ताकत को बढ़ाते हुए नए-नए किस्म के मिसाइलों का परीक्षण करता आ रहा है। मंगलवार को मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के एक नए संस्करण का प्रक्षेपण किया गया। यह मिसाइल सभी मानकों पर खरी उतरी। इस प्रक्षेपण को स्ट्रैटेजिक फोर्स कमांड के तत्वाधान में किया गया। इस दौरान कमांड की परिचालन क्षमता सटीक रही, यह नई प्रौद्योगिक किए के सभी मानकों पर खरी उतरी मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तटवर्तीय प्रक्षेपण केंद्र अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया।

- जल्द ही और कई अत्याधुनिक और नए किस्म के बैलिस्टिक और क्रूज सीरीज की मिसाइल का परीक्षण भारत का डीआरडीओ यानी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन करने वाला है। यहां उल्लेखनीय है कि सुबह और दोपहर के समय मिसाइलों के सफल परीक्षण के बाद भारत मुख्यत: रात के समय बैलिस्टिक और क्रूज सीरीज की मिसाइल का परीक्षण करने में लगा है।

पहले भी किया मिसाइलों का सफल परीक्षण

भारत पहले भी अत्याधुनिक मिसाइलों का परीक्षण कर चुका है, अब नए किस्म के मिसाइल को समय की मांग के अनुसार अत्याधुनिक साजो समान से लैस किया जाता है। यदि पुरानी मिसाइल हो चाहे वह बैलिस्टिक सीरीज की हो या फिर क्रूज सीरीज की, इन सभी मिसाइल को भी अत्याधुनिक बनाया जा रहा है।

भ्रामक विज्ञापन मामले में और सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट, तीन मंत्रालयों से जवाब मांगा

एनएमसी को प्रतिवादी और सभी राज्यों के लाइसेंसिंग अधिकारियों को सह-प्रतिवादी बनाने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम निर्देश

- उपभोक्ताओं के साथ धोखा कर रही हैं एफएमसीजी कंपनियां
- जनता को धोखा देने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती
- पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई का दायरा बढ़ाया गया

पतंजलि आयुर्वेद मामले में अपनी सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एफएमसीजी कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों पर कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने कहा कि जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्र के तीन मंत्रालयों से जनता के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले झूठे विज्ञापनों को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जवाब तलब किया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने अदालत को प्रभावी सहायता के लिए मामले में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) को प्रतिवादी बनाने का आदेश दिया। इसके साथ ही सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों को भी मामले में सह-प्रतिवादी के रूप में शामिल करने के निर्देश दिये। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता आईएमए को भी फटकार लगाई। कहा- एलोपैथी के डॉक्टर भी मरीजों को महंगी और अनावश्यक दवाएं लिखते हैं। सवाल आईएमए पर भी उठता है। आप भी अपना रुख साफ करें।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के कार्यान्वयन और संबंधित नियमों की भी बारीकी से पड़ताल की जरूरत है। यह मुद्दा केवल पतंजलि तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) सभी कंपनियों तक फैला हुआ है, जो भ्रामक विज्ञापन जारी कर रही हैं और जनता को धोखा दे रही हैं। इस तरह की कंपनियां खासकर शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं जो झूठे विज्ञापनों के प्रभाव में आकर पर उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

पीठ ने कहा, हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि हम यहां किसी विशेष पार्टी या किसी विशेष एजेंसी या किसी विशेष प्राधिकारी के लिए बंदूक चलाने के लिए नहीं आए हैं। यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है। अदालत ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, सूचना एवं प्रसारण और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों से यह बताने को कहा कि उन्होंने उपभोक्ता कानूनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की है। इसने आयुष मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों तथा आयुष के दवा नियंत्रकों को अगस्त 2023 में जारी किए गए उस पत्र पर केंद्र से स्पष्टीकरण भी मांगा जिसमें उनसे औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियम 1945 के नियम 170 के तहत कोई कार्रवाई न करने को कहा गया था।

67 अखबारों में माफी प्रकाशित करायी, कोर्ट ने कहा- दाखिल करो

बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने पीठ को बताया कि उन्होंने 67 समाचार पत्रों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी है और वे माफी का अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करना चाहते हैं। अदालत ने जब यह पूछा कि प्रतिवादियों ने सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने से पहले पूरे एक सप्ताह तक इंतजार क्यों किया, पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, इसकी भाषा बदलनी पड़ी। अदालत ने रोहतगी से पूछा, क्या यह उसी आकार का विज्ञापन है जो आप आम तौर पर अखबारों में जारी करते हैं? अधिवक्ता ने कहा, इसकी कीमत लाखों रुपये है। पीठ ने कहा कि अखबारों में प्रकाशित सार्वजनिक माफी रिकॉर्ड पर नहीं है और यह दो दिन के भीतर दाखिल की जाए। इसने मामले में अगली सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तारीख निर्धारित की।

शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा देश : योगी

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था, गरीबी तो नहीं मिटी, लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की पूरी आजादी मिल गई।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधानों पर पहला हक मुसलमानों का है, तो दलित व पिछड़े कहां जाएंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में शरिया कानून लागू करने की बात कही गई है। यह देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा। उन्होंने कहा कि एक गलत वोट आतंकवाद को फिर से बढ़ावा दे सकता है। अब भाजपा सरकार में आतंकवादियों की आरती नहीं उतारी जाती।

मुख्यमंत्री रहरा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में आतंकवाद को बढ़ावा मिलता था, लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर आतंकवाद का खात्मा कर दिया है। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया। उन्होंने अयोध्या और काशी मंदिर को तोड़ने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का काम किया। कहा कि सपा सरकार में गुंडागर्दी का बोलबाला था। भाजपा सरकार में सुशासन है।

अमरोहा में जनसभा में योगी आदित्यनाथ को सम्मानित करते पार्टी कार्यकर्ता।

- बोले- कांग्रेस शासन में आतंकवाद को मिलता था बढ़ावा

एक नजर

यूजीसी : भ्रामक संक्षेपणों के खिलाफ चेतावनी

नई दिल्ली। यूजीसी ने मान्यता प्राप्त डिग्री नामों के समान संक्षिप्ताक्षर वाले फर्जी ऑनलाइन कार्यक्रमों के खिलाफ जनता को चेतावनी दी है। अधिकारियों ने विशेष रूप से '10-डेज एमबीए' पाठ्यक्रम का उल्लेख करते हुए यह बात कही। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा कुछ व्यक्ति या संगठन उच्च शिक्षा प्रणाली के मान्यता प्राप्त डिग्री कार्यक्रमों के समान संक्षिप्त रूपों के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम और पाठ्यक्रम पेश कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम जिसने आयोग का ध्यान आकर्षित किया गया है वह है '10 डेज एमबीए'। कहा, किसी डिग्री का नामकरण, उसके संक्षिप्त रूप, अवधि और प्रवेश योग्यता सहित, यूजीसी द्वारा केंद्र सरकार की पूर्व मंजूरी के साथ, आधिकारिक राजपत्र में एक अधिसूचना के प्रकाशन के माध्यम से निर्दिष्ट किया जाता है।

नूडल्स के पैकेट में छुपाए थे 6.5 करोड़ के हीरे व सोना

मुंबई, एजेंसी

- अंत: वस्त्र में छुपाया था 321 ग्राम सोना चार लोग गिरफ्तार

सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे और यात्रियों के शरीर के अंगों और उनके सामान में छिपाया गया सोना जब्त किया है, जिनकी कुल कीमत 6.46 करोड़ रुपये है। एयरपोर्ट जांच अधिकारी ने बताया कि चार यात्रियों के पास से 4.44 करोड़ का 6.815 किग्रा से अधिक सोना और 2.02 करोड़ के हीरे जब्त कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों द्वारा मुंबई से बैंकॉक की ओर जा रहे एक भारतीय नागरिक की तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गये हीरे बरामद हुए थे। वह हीरे की तस्करी करने के प्रयास में था। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी तरह कोलंबो से मुंबई की यात्रा कर रहे एक विदेशी को पकड़ा जिसने अपने अंतः वस्त्र में कुल 321 ग्राम सोना छुपाया हुआ था। दस भारतीय नागरिकों को भी रोका गया था और उनके पास से कुल 6.199 किलोग्राम सोना बरामद किया जिसकी कीमत 4.04 करोड़ रुपये थी।

केजरीवाल की 7 मई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। हिरासत अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किए जाने के बाद सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी हिरासत बढ़ाई।

वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ने के बाद उन्हें इंसुलिन दी गई। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तिहाड़ के एक अधिकारी ने कहा कि एम्स के चिकित्सकों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम डोज वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गईं।

दूषित जल के शोधन को 12 जिलों में सुविधा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनजीटी ने अधिकारियों को सुधारात्मक उपाय के दिए निर्देश

उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में गंगा और उसकी सहायक नदियों में दूषित जल के शोधन में व्यापक अंतर है, जबकि 12 जिलों में कोई शोधन सुविधा मौजूद नहीं है।

एनजीटी यह टिप्पणी करते हुए संबंधित अधिकारियों से शीघ्रतापूर्वक सुधारात्मक उपाय को कहा। एनजीटी ने इससे पहले उसने उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड से नदी के प्रदूषण पर विशेष जानकारी मांगी थी। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, जिसमें 23 जिलों की जानकारी दी गई थी। इनमें बागपत, बुलन्दशहर, बलिया, मथुरा, सहारनपुर, ललितपुर, गोंडा, हमीरपुर, हाथरस, मऊ, अलीगढ, बरेली, एटा, जालौन, कासगंज, अंबेडकर नगर, शाहजहांपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, अमेठी, हरदोई, गाजीपुर और अयोध्या शामिल है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और अरुण कुमार त्यागी शामिल हैं।

दूसरे चरण में आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

लखनऊ। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के चुनाव के लिए 24 अप्रैल की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए पोलिंग पाटियां रवाना करने के लिए निर्देश दिये हैं। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव मैदान में 91 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिये हैं। मतदाताओं को गर्मी बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं। चुनाव प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद बाहरी नेताओं की मौजूदगी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। शाम छह बजे के बाद किसी भी राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशियों-प्रतिनिधियों के निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियां समाप्त हो जाएंगी। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आचार संहिता का संख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये गये हैं।

सलमान खान मामले में गुजरात से बरामद की दो पिस्तौल

मुंबई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी में इस्तेमाल की गई पिस्तौल व गोलियां गुजरात में तापी नदी से बरामद की हैं। सोमवार को शुरू हुई तलाशी के दौरान अपराध शाखा ने दो पिस्तौल, तीन मैगजीन और 13 गोलियां बरामद की हैं। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर दया नायक समेत 12 अधिकारियों की टीम मौके पर डटी हुई है।

हिजाब पहनना है तो उसे अनुमति होनी चाहिए : कुलपति

नई दिल्ली। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने कहा है कि भारत में धर्म, भाषा और ड्रेस कोड में एकरूपता कारगर नहीं है और अगर कोई छात्रा हिजाब पहनना चाहती है, तो यह उसकी पसंद है और उसे इसकी अनुमति मिलनी चाहिए।

शिक्षण संस्थानों में ड्रेस कोड पर उनके विचार पूछे जाने पर कुलपति ने कहा कि यह एक व्यक्तिगत पसंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं ड्रेस कोड के खिलाफ हूं। मुझे लगता है कि खुलापन होना चाहिए। पंडित ने कहा जेएनयू में लोग शॉर्ट्स पहनते हैं तो कुछ लोग पारंपरिक परिधान भी पहनते हैं। जब तक वे मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर नहीं करते, मुझे कोई समस्या नहीं है।

कर्ज न चुका पाने वालों के खिलाफ बैंक नहीं जारी कर पाएंगे एलओसी

मुंबई, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार एक आदेश में यह बात कही। अदालत के फैसले के बाद सरकारी बैंकों की ओर से चूककर्ताओं के खिलाफ जारी सभी एलओसी रद हो जाएंगे।

न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने अदालत से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आव्रजन ब्यूरो ऐसे एलओसी (चूककर्ताओं के खिलाफ बैंकों द्वारा जारी) पर कार्रवाई नहीं करेगा। अदालत ने कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था।

- अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनाया फैसला

पहाड़ों में बारिश से मौसम सुहावना, तप रहे मैदान

हल्द्वानी। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में कई जगह बारिश हुई। जिससे वहां तापमान में गिरावट आई है। इधर, मैदानी इलाकों में गर्मी बरकरार रही। हालांकि कुछ जगहों पर बादल छाने से शाम को गर्मी से राहत मिली।

- देहरादून में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

मौसम विभाग ने पहले ही पहाड़ों में बारिश का अलर्ट जारी किया था। मंगलवार को उत्तरकाशी जिले के मोरी में 4.5 मिमी, चंपावत जिले के पाटी में 3.5 मिमी, गंगोलीहाट में एक मिमी, पौड़ी जिले के भरसार में दो मिमी और पिथौरागढ़ में 3.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। पहाड़ों में बारिश से जहां तापमान में गिरावट आई वहीं वनाग्नि की घटनाओं से भी कुछ राहत मितने का अनुमान है। इधर मैदानी इलाकों में दोपहर तक गर्मी और लू रही। देहरादून में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शाम के समय बादल छाने से मैदानी इलाकों में गर्मी से कुछ राहत मिली। आने वाले दिनों में तापमान में उछाल आने का अनुमान है।

विमान में 12 वर्ष तक के बच्चों को माता-पिता के साथ मिलेगी सीट

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीट आवंटन को लेकर डीजीसीए ने एयरलाइनों को जारी किए निर्देश

विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइनों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उड़ान के दौरान 12 वर्ष तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए।

बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आए थे, जहां 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को उड़ान के दौरान उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट आवंटित नहीं की गई थी। यह निर्देश ऐसे मामले सामने आने के बाद जारी किए गए।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता/ अभिभावकों में कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए और इसका रिकॉर्ड रखा जाए। इस संबंध में नियामक ने अनुसूचित एयरलाइनों के सेवाओं और शुल्क को अनियंत्रित करने के संबंध में जारी अपने परिपत्र को संशोधित किया है।

मानदंडों के अनुसार तरजीही सीट आवंटन, भोजन/नाश्ता/पेय शुल्क और संगीत वाद्ययंत्र ले जाने के लिए शुल्क लेने जैसी कुछ सेवाओं की अनुमति है। डीजीसीए ने कहा कि ऐसी सेवाएं एयरलाइनों द्वारा स्वैच्छिक आधार पर दी जाती हैं और ये अनिवार्य नहीं हैं।

चर्म रोग एवं गुर्दे की पथरी के लिए
नि:शुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर
दि. 22.04.24 (सोमवार) से दि. 02.05.24 तक
दवाईयों में भी 30% तक की छूट दी जायेगी।
क्या आपको पथरी है? बिना ऑपरेशन सम्भव है
पथरी का इलाज

डॉ. ब्रजेश कुमार
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन (निकट संजय नगर पेट्रोल पंप), बरेली।
9058575790
8077383286
• पथरी,
• चर्म रोग,
• बवासीर,
• बालों का झड़ना,
• सर्वाइकल,
• गुप्त रोग,
• लकवा,
• मानसिक रोग (डिप्रेशन)
होम्योपैथी से बिना ऑपरेशन पथरी निकली

प्रहलाद सक्सेना, बरेली
9 mm

अरशद, सेंथल
6 mm & 4 mm

राम, बीसलपुर
12 mm
मिलने का समय
प्रातः 11:00 से 4:00 बजे तक
सायं 06:00 से 8:30 बजे तक
रविवार
दोपहर 12 से 2 बजे तक

नियमित ट्रेनों के साथ स्पेशल में भी जांचें सीट उपलब्धता

बरेली, अमृत विचार : नियमित ट्रेनों के रूट पर स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं। इनमें से कई ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है, जो दो माह तक जारी रहेगा। रेलवे अधिकारियों ने अपील की है कि नियमित ट्रेनों में सफर करने से पहले स्पेशल ट्रेनों में भी सीट की उपलब्धता जरूर जांच लें। 04310 गोरखपुर देहरादून एक्सप्रेस, 04682 जम्मूतवी कोलकाता, 04623 वाराणसी-श्री वैष्णोदेवी कटरा, 05098 दौराई टनकपुर स्पेशल ट्रेन का संचालन मंगलवार से शुरू हो गया। गुरुवार से 04518 चंडीगढ़ गोरखपुर, 04312 देहरादून हावड़ा और बुधवार से 05005 गोरखपुर अमृतसर आदि ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को एक दिन के लिए आनंद विहार से मुजफ्फरपुर के लिए अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 04034 का संचालन किया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- • घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448
AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE

डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटेन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376

सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- • वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, • प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, • नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, • पीलिया का इलाज, • दिमागी बुखार, • मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. पुनीत सरपाल (वरिष्ठ चिकित्सक) डॉ. सोनम सरपाल (चिकित्सक)
समय-प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक
विशेषज्ञ
कैंसर, गुर्दे रोग, पथरी, बांझपन, हाईड्रोसीफलस, चर्म रोग
PILES, FISSURE, FISTULA, AVN, PANCREAS, ETC
Since 1978
सरपाल होम्योपैथी
ए-92, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के पास, एकता नगर, बरेली
9837318170, 6397009532
डॉ. प्रियम सरपाल
youtube channel : www.youtube.com/user/drPunitSarpal/Videos

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

जल निगम का किया-धरा है... यह रोड शो भी देख लीजिए

बरेली, अमृत विचार : अलखनाथ मंदिर के पास भी रोड शो देखने लायक है। जल निगम ने यहां सीवर लाइन डालने के लिए खोदाई कराकर मिट्टी को नाले में डलवा दिया है, इससे रास्ता बंद हो गया है। लोगों को भारी दिक्कत झेलकर निकलना पड़ रहा है। लोगों ने शिकायत की तो पार्षद चंद्रप्रकाश गुप्ता मौके पर पहुंचे, फिर जल निगम के जेई लक्ष्मीनारायण से बात की। जेई ने ठेकेदार से बात की है। कहा जा रहा है कि दो दिन में समस्या का समाधान कराया जाएगा।

- अलखनाथ मंदिर के पास सीवर लाइन के लिए खुदाई

आंधी से ट्रिप हुईं लाइनें, कई इलाकों में बिजली गुल

शहर भर में हुए ताबड़तोड़ फाल्ट, सेटेलाइट तिराहे के पास तीन खंभे टूटकर गिरे, चपेट में आया युवक घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शाम को आंधी से शहर के कई इलाकों में लाइन ट्रिप होने से बिजली गुल हो गई। सेटेलाइट के पास आंधी में तीन बिजली के पोल टूटकर गिर गए, जिससे एक युवक घायल हो गया और रास्ता बंद हो गया।

बिजली विभाग गर्मी में बेहतर बिजली देने के लिए मरम्मत कार्य करा रहा है लेकिन मंगलवार शाम को करीब आधा घंटे तक चली आंधी से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। आंधी से कई जगह लाइनों में फाल्ट आ गए। शहर के अधिकतर उपकेंद्र से बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। इसके बाद भी फाल्ट से सिविल लाइंस, जगतपुर, किला, मढ़ीनाथ, मिशन उपकेंद्र, महानगर जगतपुर और सीबीगंज के साथ ग्रामीण इलाकों में बिजली का संकट हो गया। रात 8 बजे तक अधिकतर इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। लोग बिजली अधिकारियों और कर्मचारियों को कॉल करके बिजली आने का समय पूछने लगे अधिकारियों का फोन नहीं उठा। सिविल लाइंस में ब्रेकडाउन होने से स्टेशन रोड, बटलर प्लाजा, कैंट, आवास विकास कॉलोनी में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

खंभे गिरने से कई वाहन भी हुए क्षतिग्रस्त

आंधी में सेटेलाइट के पास शराब भट्टी के पास तीन बिजली के पोल टूटकर गिर गए। पोल की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया, जबकि कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पोल गिरने के बाद लोग दहशत में आ गए। उपकेंद्र पर कॉल करके बिजली आपूर्ति को बंद कराया गया। सेटेलाइट चौकी से पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अधिशासी अभियंता अनुज गुप्ता ने बताया कि हवा में पोल टूट गए थे। किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कर्मचारियों को मौके पर भेजकर बिजली आपूर्ति को बहाल कराया गया।

> आंधी में बिजली की लाइनें ब्रेकडाउन होने से दिक्कत हुई थी। हवा रुकने के बाद कर्मचारियों को क्षेत्रों में जाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने को भेजा है।
> -अंबा प्रसाद वशिष्ठ, अधीक्षण अभियंता

सेटेलाइट बस अड्डे के पास आंधी से टूटे खंभे को मार्ग से हटाते लोग। • अमृत विचार

दिन में चार बार बदला मौसम, आंधी और बूंदाबांदी ने गर्मी से दिलाई राहत

बरेली, अमृत विचार : जिले में मंगलवार को मौसम में चार बार बदलाव हुआ। सुबह को तेज हवा और बूंदाबांदी से मौसम ठंडा हो गया लेकिन दोपहर में तेज धूप खिलने से भीषण गर्मी हो गई। शाम को आंधी चलने और रात में बूंदाबांदी से मौसम फिर ठंडा हो गया। मौसम विभाग ने बुधवार से तापमान में बढ़ोत्तरी और लू चलने का पूर्वानुमान जताया है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 38.9 और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी सप्ताह में मौसम साफ रहेगा। 25 से 27 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है। इस दौरान 8 से 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

आदेश का पालन न करने पर फैमिली कोर्ट में डीएम तलब

- बुधवार को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से मौजूद होने का आदेश दिया
- नाराजगी जताकर कमिश्नर के माध्यम से भेजा नोटिस

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : फैमिली कोर्ट ने आदेश का पालन न करने पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी को कारण बताओ नोटिस कमिश्नर के जरिए भेजकर बुधवार सुबह 10:30 बजे अदालत में तलब किया है।

अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सुनीता शर्मा ने जिलाधिकारी को भेजे नोटिस में उल्लेखित किया कि आरती के पति लालाराम की आंवला ग्राम शिवपुरी में कृषि भूमि है। पति लालाराम को आरती को 1 लाख 46 हजार रुपये बकाया भरण पोषण की राशि न देने पर न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार आंवला की ओर से भूमि कुर्क की जा चुकी है। कोर्ट ने 15 मार्च 2023 को डीएम को पत्र भेजकर कुर्क भूमि की नीलामी करवाकर प्राप्त रकम कोर्ट में 13 अप्रैल 2023 तक जमा कराने का आदेश दिया था। आदेश पर हुई कार्रवाई से कोर्ट को अवगत न कराए जाने पर दोबारा 19 मई 2023 को पत्र भेजा गया था। लंबा वक्त बीतने के बाद भी कोर्ट के आदेश का जिलाधिकारी ने पालन नहीं किया। अदालत ने डीएम को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का आदेश देते हुए पूछा है कि क्यों न आपके विरुद्ध कोर्ट के आदेश की जानबूझकर अवहेलना व अवज्ञा करने के कारण कार्रवाई की जाए।

सांड़ ने किया हमला तो बाइक छोड़कर भागा युवक

बरेली, अमृत विचार : सिकलापुर में मंगलवार को सांड़ बाइक सवार युवक पर हमलावर हो गया। युवक को बाइक और सामान छोड़कर भागना पड़ा। सांड़ करीब एक घंटे तक गली में जमा रहा। उसके हटने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर निगम दावा करता है कि सांड़ पकड़े जा रहे हैं लेकिन ऐसा नहीं है। आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की वजह से कल रहेगा रूट डायवर्जन

- भमोरा में प्रधानमंत्री की होगी जनसभा, बदायूं रोड पर नहीं जाएंगे भारी वाहन

बरेली, अमृत विचार : भमोरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 अप्रैल को जनसभा की वजह से ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन लागू किया है। इस दौरान बदायूं रोड पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा। कार्यक्रम समाप्ति तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा।

एसपी ट्रैफिक शिवराज ने बताया कि दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर की तरफ से बरेली होकर बदायूं जाने वाले भारी वाहन मिलक से ही शाहाबाद होते हुए बदायूं जा सकेंगे।

- लखनऊ, शाहजहांपुर की ओर से बरेली होकर बदायूं जाने वाले भारी वाहन शाहजहांपुर से ही कांठ जलालाबाद होते हुए बदायूं जाएंगे।
- पीलीभीत की तरफ से बदायूं जाने वाले भारी वाहन बड़ा बाईपास होते हुए झुमका तिराहा, मीरगंज, मिलक, शाहाबाद होते हुए बदायूं जा सकेंगे।
- बदायूं से बरेली होते हुए दिल्ली की तरफ जाने वाले भारी वाहन शाहाबाद होते हुए दिल्ली जा सकेंगे।
- बदायूं से बरेली आने वाले भारी वाहन शाहाबाद मिलक होते हुए झुमका तिराहा, बड़ा बाईपास से बरेली आएंगे।
- बदायूं से बरेली आने वाली रोडवेज और निजी बसें फतेहगंज पूर्वी से बड़ा बाईपास, इन्वर्टिस, सेटेलाइट होते हुए बरेली आ सकेंगी।
- बरेली से बदायूं जाने वाली रोडवेज और निजी बसें सेटेलाइट, इन्वर्टिस, बड़ा बाईपास, फतेहगंज पूर्वी से बदायूं-दातागंज मार्ग होते हुए बदायूं जा सकेंगी।
- बदायूं से लखनऊ जाने वाले भारी वाहन बदायूं, शाहजहांपुर होते हुए जाएंगे।

कई निजी स्कूलों ने किया समय परिवर्तन

अमृत विचार प्रभाव

बरेली, अमृत विचार : तेज धूप और गर्मी के चलते स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है। दोपहर में स्कूल की छुट्टी होने पर घर आते समय बच्चों का हाल बेहाल हो जाता है। मंगलवार को अमृत विचार ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। बच्चों के अभिभावकों ने स्कूलों के समय में बदलाव करने की मांग की थी। इसका नतीजा यह है कि वुडरो सहित शहर के कई स्कूलों ने छुट्टी का समय एक से आधा घंटा कम कर दिया है। अधिकांश निजी स्कूलों में दोपहर 1 से 2 बजे के बीच बच्चों की छुट्टी होती है। अब कई स्कूलों में समय बदल दिया गया है। वहीं, बीएसए का कहना है कि परिषदीय स्कूलों में शासन से निर्देश मिलने पर समय परिवर्तन किया जाएगा।

डीजल कम मिलने के मामले में सेवा प्रबंधक को चार्जशीट जारी

बरेली, अमृत विचार : डीजल प्रकरण में परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने बरेली रीजन के सेवा प्रबंधक को चार्जशीट जारी की है। उन्हें 15 दिन के अंदर जवाब देने को कहा गया है।

परिवहन निगम के सभी क्षेत्र डिपोज में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 तक निर्धारित मानक के सापेक्ष 5 लाख 22 हजार 70 लीटर डीजल की कमी पाई गई जिसकी कुल धनराशि 3 करोड़ रुपये से अधिक है। इस अवधि में बरेली रीजन के सेवा प्रबंधक धनजी राम चित्रकूटधाम क्षेत्र बांदा में सेवा प्रबंधक के पद पर तैनात थे। उनके रीजन में भी करीब 17 हजार लीटर डीजल कम पाया गया था।

डीजल घोटाले की जांच कर रहे नोडल अधिकारी का तबादला

बरेली, अमृत विचार : बरेली रीजन के वर्कशाप में हुए डीजल घोटाले की जांच कर रहे नोडल अधिकारी अजीत सिंह का तबादला कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने उनकी जगह सत्य नारायण को बरेली रीजन का नोडल अधिकारी बनाया है। एमडी ने सोमवार रात कई नोडल अधिकारियों के तबादले किए, जिसमें बरेली रीजन के नोडल अधिकारी अजीत सिंह भी शामिल हैं। अब अजीत सिंह को अयोध्या रीजन का नोडल अधिकारी बनाया है। अजीत सिंह डीजल घोटाले की जांच कर रहे थे। जांच में लापरवाही मिलने पर उनके तबादले की चर्चा है।

किसान आंदोलन : कोई ट्रेन छह घंटे लेट तो कोई 12, यात्री परेशान

- करीब 10 ट्रेनों का संचालन प्रभावित, सफर बना मुसीबत
- पंजाब हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान कर रहे हैं आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पंजाब हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन की वजह से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को भी बरेली जंक्शन पर करीब 10 ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं।

ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान होते रहे। शुरुआत में ब्लॉक तो अब किसान आंदोलन के कारण ट्रेनों का सफर लोगों को परेशान कर रहा है। मंगलवार को 13152 सियालदह एक्सप्रेस 6 घंटा 30 मिनट, 13006 पंजाब मेल 3 घंटा 14 मिनट, 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस 11 घंटा 16 मिनट, 14618 जनसेवा एक्सप्रेस पांच घंटा की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इस दौरान यात्रियों को परेशान होना पड़ा। वहीं 12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस करीब नौ घंटा लेट थी। इसका यहां ठहराव नहीं है, लेकिन ट्रेन मेन लाइन पर आकर रुकी तो दूसरी ट्रेनें लेट होने के कारण शाहजहांपुर और लखनऊ तक जाने वाले यात्री इसमें सवार हो गए।

किसान आंदोलन के कारण मुरादाबाद रेल मंडल की करीब 40 ट्रेनें प्रभावित होने की जानकारी रेल प्रशासन की तरफ से दी गई है। मंडल की छह ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। चार ट्रेनें शार्ट टर्मिनेट व शार्ट ओरिजनेट की गई हैं। करीब तीस ट्रेनों को बदले हुए मार्ग से चलाया जा रहा है।

आज और कल यह ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

12331 लखनऊ चंडीगढ़, 13151 सियालदह एक्सप्रेस, 14617 जनसेवा एक्सप्रेस, 14649 सरयू यमुना एक्सप्रेस, 04623 श्री वैष्णो देवी कटरा समर स्पेशल ट्रेन को परिवर्तित मार्ग अंबाला कैंट-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेहवाल मार्ग से संचालित किया जाएगा। 15098 भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस, 13006 पंजाब मेल, 13152 सियालदह एक्सप्रेस, 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस, 14618 जनसेवा एक्सप्रेस, 14650 सरयू यमुना एक्सप्रेस, 18104 जलियांवालाबाग एक्सप्रेस, 12356 अर्चना एक्सप्रेस, 15656 कामाख्या एक्सप्रेस, 04682 कोलकाता समर स्पेशल, 14604 जनसाधारण एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग सानेहवाल-चंडीगढ़-अंबाला कैंट मार्ग से संचालित किया जाएगा। 12204 सहरसा गरीबरथ को परिवर्तित मार्ग लुधियाना-धुरी-जाखल मार्ग से संचालित किया जाएगा।

बदल गया दौर... चुनाव में 'मुस्लिम रहनुमाओं' की चौखट पर अब नहीं पड़ते नेताओं के कदम

कुछ बरस पहले तक चुनाव आते ही शुरू हो जाती थी कदमताल, ध्रुवीकरण की राजनीति शुरू हुई तो थमा सिलसिला

मोनिस खान, बरेली

- राजनीतिक दलों में कद और पद के लिए लालायित रहने वालों में अब झलकने लगी है बेचैनी
- दरगाह आला हजरत ने सियासत से पूरी तरह किया किनारा, आम मुसलमान भी हुआ बेजार

अमृत विचार : एक दौर था, जब आला हजरत के शहर में मुसलमानों की रहनुमाई के बहाने कई लोगों ने सियासी पद और कद हासिल करने के सपने देखे। कुछ लोग इसमें कामयाब भी हुए लेकिन समय के साथ राजनीति भी बदली तो यहां भी सबकुछ बदल गया। कुछ साल पहले तक चुनाव आते ही बरेली में अलग-अलग दलों के नेताओं का तांता लग जाता था लेकिन पिछले कुछ चुनावों से यह सिलसिला थम गया है। इस लोकसभा चुनाव में भी किसी दल का किसी नेता ने आला हजरत के शहर के किसी 'मुस्लिम रहनुमा' की चौखट पर कदम नहीं रखा।

तमाम बरसों से सियासी गहराई नापने में जुटे 'मुस्लिम रहनुमाओं' में इसकी बेचैनी साफ झलकती है। हालत यह है कि इन रहनुमाओं के पिछले कुछ समय के सियासी बयानों को अगर एक साथ रखकर देखने से यह अंदाजा भी लगाना मुश्किल लगता है कि वे किस सियासी पार्टी को मुसलमानों को माफिक मानते हैं और किसे नहीं। भाजपा स्वाभाविक तौर पर उनके निशाने पर रहती है, लेकिन और पार्टियों में भी कभी कोई तो कभी कोई उनके निशाने पर आती रहती हैं। यह और दिलचस्प है कि कभी सीधा वार कांग्रेस पर होता है तो कभी सपा पर। कभी ऐसा भी होता है कि कोई 'रहनुमा' सपा पर मुसलमानों से धोखे का आरोप लगा रहा होता है तो कोई कांग्रेस पर।

वैसे अब तक लोकसभा या विधानसभा के किसी चुनाव में यह साबित नहीं हो सका है कि इन 'रहनुमाओं' की वजह से आम मुसलमानों के रुझान कोई खास फर्क पड़ा हो लेकिन उनके बयान असमंजस जरूर पैदा करते हैं। पिछले कुछ बरसों में यह भी बड़ी तब्दीली आई है कि दरगाह आला हजरत की ओर से सियासी फैसलों और बयानों से पूरी तरह किनारा कर लिया गया है। यह भी फर्क आया है कि पहले आला हजरत के उर्स पर सियासी दलों की ओर से चादरें आने का तांता लग जाता था लेकिन ध्रुवीकरण का पेच फंसने के बाद अब यह सिलसिला भी हल्का पड़ गया है।

18वीं लोकसभा
24 का चक्रव्यूह

दरगाह खानदान के लोगों को लंबे समय तक रास आई सियासत

आला हजरत खानदान की किसी न किसी शख्सियत के सियासत से जुड़े रहने का लंबा इतिहास रहा है। मौलाना तौकीर के वालिद रेहान रजा खान उर्फ रहमानी मियां आला हजरत खानदान के पहले सदस्य थे जिन्होंने 1967 के आम चुनाव में सीधे तौर पर उतरकर सियासत में कदम रखने की शुरुआत की थी। बरेली सीट पर यह चुनाव कांग्रेस के लिए अहम था, क्योंकि 1962 के चुनाव में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण रक्षा राज्य मंत्री रहे सतीश चंद्र तीसरी बार नहीं जीत पाए थे। ब्रजराज सिंह उर्फ आछू बाबू ने पहली बार बरेली में भारतीय जनसंघ का दीपक जलाया था। 1967 के चुनाव में उतरे सतीश चंद्र के आगे रहमानी मियां दीवार बनकर खड़े हो गए। मुसलमानों के अधिकारों की बात करने वाले रहमानी मियां ने निर्दलीय चुनाव लड़कर 69,399 वोट पाए। सतीश चंद्र को 72,050 वोट मिले थे। भारतीय जनसंघ के ही ब्रजभूषण लाल 1,12,698 वोट पाकर चुनाव जीत गए। हालांकि इसके बाद रहमानी मियां ने कांग्रेस से विधान परिषद की सदस्यता कुबूल कर ली और सक्रिय राजनीति करते रहे। आईएमसी की बागडोर संभालने से पहले मौलाना तौकीर ने भी बदायूं की बिनावर और बरेली की कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों बार हार गए। आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी के मुताबिक वालिद रहमानी मियां की बनाई पार्टी आईएमसी की बागडोर वर्ष 2000 में तौकीर मियां ने हाथ में ली थी।



आबिदा बेगम के खिलाफ लड़े थे मन्नानी मियां

रहमानी मियां के बाद मन्नान रजा खां मन्नानी मियां आला हजरत खानदान के दूसरे सदस्य थे जिन्होंने चुनाव लड़ा। 1989 में वह बरेली लोकसभा सीट से तत्कालीन कांग्रेस सांसद और पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद की पत्नी बेगम आबिदा अहमद के खिलाफ उतरे। इस चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार जीत गए और आबिदा बेगम की हार हुई। हालांकि मन्नानी मियां को सिर्फ 22,876 वोट ही मिले थे और वह चौथे स्थान पर रहे थे।

दरगाह की सियासी अहमियत खूब मिले मंत्री पद

राजनीतिक दलों को खानदान के किसी न किसी सदस्य की ओर से समय-समय पर समर्थन दिया जाता रहा और सरकारें बनने के बाद बदले में पार्टियों की ओर से उन्हें पदों से नवाजा गया। सपा सरकार में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां, दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां के करीबी रहे आबिद रजा खां को राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया। बसपा सरकार में सज्जादानशीन अहसन मियां को राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया था।

वक्त बदला तो सुब्हानी मियां के दामाद पर हो गई कार्रवाई

वक्त बदलने के साथ दरगाह आला हजरत का सियासत पर रवैया भी बदल गया। विधानसभा चुनाव 2022 में दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां के दामाद आसिफ मियां कोई सहमति लिए बगैर खटीमा से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खिलाफ एआईएमआईएम के टिकट पर चुनाव में उतरे तो उन्हें दरगाह से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया और सभी पद भी ले लिए गए। जमात रजा ए मुस्तफा के सलमान मियां की 2021 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुपचुप मुलाकात पर भी ऐसा ही बवाल खड़ा हो गया था। खानदान के लोगों में ही कई गुट बन गए। काफी मुश्किल से यह विवाद शांत हो पाया था।

एक नजर

सभी प्रत्याशी अलग बैंक अकाउंट से ही पैसा खर्च करें

बरेली, अमृत विचार : सभी प्रत्याशी एक अलग बैंक अकाउंट से ही पैसा खर्च करें। 10 हजार से ऊपर कोई नकद भुगतान नहीं किया जाएगा। 27 अप्रैल, 1 और 5 मई को निरीक्षण तिथियां प्रत्याशियों के खर्च संबंधी रिकार्ड देखने के लिए रखी गई हैं। सभी प्रत्याशी अपने खर्चे का रजिस्टर बनाएं। गाइडलाइन के अनुसार ही पैसा खर्च किया जाए। मंगलवार को यह निर्देश व्यय प्रेक्षकों ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में दिए। बताया कि प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को तीन बार मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि बुधवार को ईवीएम का दूसरा रेंडमाइजेशन होना है, जिसमें सभी प्रत्याशी अवश्य आएं। सामान्य प्रेक्षक मुकेश कुमार अहूजा, पुलिस प्रेक्षक वी रत्ना एवं व्यय प्रेक्षक योगेश गुना, एम रविशंकर, अमित सेन, सीडीओ जग प्रवेश आदि मौजूद रहे।

जनता का मंच

राजनीति में क्या जनभावनाओं का लाभ उठाते हैं नेता?

बरेली, अमृत विचार : सत्ता की ललक पद, कद और दौलत के लिए भी होती है। देश में ऐसे नेता अब कम ही हैं, जो पूरी तरह जनता के प्रति समर्पित हैं। चुने जाने के बाद जो नेता जनता के विश्वास पर खरे नहीं उतरते वे अगले चुनाव में भावनात्मक मुद्दे लेकर उतरते हैं और फिर सत्ता में आने का सपना देखते हैं। लोगों का मानना है कि यह लोगों की भावनाओं को ठगने वाली राजनीति है। देश में राजनीतिक जागरूकता का स्तर काफी कम होने के कारण लोकलुभावन और भावनात्मक राजनीति सफल हो रही है।



राजनीति में जनता की सेवा की भावना नहीं रह गई है। इसीलिए उसमें लोगों की भावनाओं का लाभ उठाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। सभी दल इसके लिए मौका तकते हैं और फायदा उठाते हैं। लोगों को धार्मिक कट्टरता और जातिवाद के पक्षों पर बांटा व भटकाया जा रहा है। – **हरेंद्र कुमार सिंह**, सुभाषनगर

चुनाव में हर राजनीतिक दल धर्म और जाति को मुद्दा बना रहा है। वोटों के लिए समाज में सांप्रदायिक सौहार्द कम करने की कोशिश होती है। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे चुनाव में देश के हित और लोगों के कल्याण की ही बात करें। उन्हें मुख्य मुद्दों के समाधान के बारे में सोचना चाहिए। – **रविकुमार यादव**, सेटेलाइट

इस देश में भावनाएं लोगों की बड़ी कमजोरी हैं जिसका भरपूर फायदा राजनीतिक दल उठाते हैं। धर्म और जाति इसका सबसे बड़ा जरिया बनते हैं। भावनात्मक मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए ताकि कोई राजनीतिक दल लोगों की भावनाओं का फायदा न उठा सकें। – **चंद्रप्रकाश**, शाहदाना

हमें किसी भी ऐसे नेता को सुनना, देखना और वोट देना ही बंद कर देना चाहिए जो लोगों को सांप्रदायिक आधार पर बांटने या लड़वाने की बातें करता है। भारत में सभी धर्म और जाति के लोग रहते हैं, यह विविधता देश की ताकत बननी चाहिए न कि सामाजिक और राजनीतिक कमजोरी। – **आरती सैनी**, कटरा चांद खां

राजनीति ऐसा विषय है जिसके बारे में विवेकपूर्ण और सार्थक निर्णय लिया जाना चाहिए। भावनात्मक राजनीति दुनिया के कई देशों में की जाती है लेकिन भावुक होकर मतदान करने के दुष्प्रभाव भी सामने आते हैं। लोगों का जोर पसंद के नेता को वोट देने पर ही रहता है। उन्हें इससे मतलब नहीं रह जाता कि उनका पसंदीदा प्रत्याशी समाज या देश के लिए काम करता है या नहीं। लोग अपने विवेक का उपयोग करना बंद कर देते हैं। इसी कारण लोकलुभावन राजनीति का बोलबाला है। इसमें बनावटी मुद्दों को बढ़ाचढ़ाकर दिखाया जाता है। लोगों को जागरूक होना चाहिए। प्रत्याशी चुनने से पहले राजनीतिक दलों के मेनिफेस्टो को जरूर पढ़ना चाहिए। –**भावेश मिश्रा**, असिस्टेंट प्रोफेसर, गन्ना उत्पादक पीजी कॉलेज बहेड़ी

आधी आबादी की आवाज...

राजनीति में पहचान बनाने वाली महिलाएं बहुत कम

ऐसी गिनी-चुनी महिलाएं ही हैं जिन्होंने आजादी के बाद अपने दम पर देश की राजनीति में मजबूत जगह बनाई है। महिलाओं के लिए अब भी वातावरण ज्यादा नहीं बदला है। राजनीति में आने से पहले उन्हें कई बातें सोचनी पड़ती हैं। परिवार की सहमति भी जरूरी है। राजनीति में आ भी जाएं तो अपनी आवाज बुलंद करने में हिचकिचाती हैं। राजनीति में सक्रिय महिलाएं ज्यादातर वही मुद्दे उठा पाती हैं जिनकी उन्हें स्क्रिप्ट पकड़ा दी जाती है। अगर राजनीति में महिलाएं अपने हृदय से बोलें तो शायद देश में महिला अपराध कुछ हद तक कमजोर होता दिखाई दे। इसी वजह से पुरुषों की तुलना में बहुत कम महिलाएं राजनीति में आगे आती हैं। उनके लिए राजनीति में पूरी तरह सक्रिय रहना कठिन है। कम ही महिला नेता हैं जो राजनीति में पहचान बना पाती हैं। यही सुना जाता है कि अमुक की पत्नी, बेटी या बहू ने राजनीति में उतरी है। –**साराह बासु**, असिस्टेंट प्रोफेसर, बरेली कॉलेज

अगर मैं बन जाऊं प्रधानमंत्री

- लोगों में सौहार्द की भावना बनाए रखने का प्रयास करूंगा।
- आरक्षण को जाति के बजाय आर्थिक आधार पर लागू करूंगा।
- सिर्फ दो सियासी दल हों ताकि जाति-धर्म पर वोटिंग न हो।

–**अमित**, बिल्डर

- भ्रष्टाचार खत्म करूंगा ताकि किसी के साथ नाइंसाफी न हो।
- स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए काम करूंगा।
- सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत करने का प्रयास करूंगा।

–**हिमांशु**, ठेकेदार

- देश में ही सस्ती मेडिकल शिक्षा मुहैया कराऊंगा।
- सभी को शुद्ध जल मुहैया कराऊंगा, गिरते भूजल को रोकूंगा।
- जलवायु परिवर्तन से हो रहे दुष्प्रभाव रोकने की कोशिश करूंगा।

–**प्रदीप रोहेला**, प्राइवेट जॉब

- बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए काम करूंगी
- युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाऊंगी।
- सुरक्षा के साथ महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करूंगी।

–**पूनम शर्मा**, गृहिणी

नगर निगम सुनता नहीं... कृष्णानगर में चुनाव बहिष्कार का एलान

करीब 15 साल पहले बनी थी कॉलोनी, अब तक स्ट्रीट लाइट और पानी की निकासी का इंतजाम नहीं, सफाई भी न कराने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : लंबे समय से सफाई और जल निकासी की समस्या से परेशान नगर निगम के वार्ड 65 की कृष्णा नगर कॉलोनी के लोगों ने चुनाव बहिष्कार का एलान किया है। मंगलवार को कॉलोनी के लोगों ने पार्षद शारदा गुप्ता के खिलाफ विरोध भी जताया।

लोगों ने बताया कि कॉलोनी का निर्माण करीब 15 साल पहले हुआ था लेकिन अब तक जल निकासी का इंतजाम नहीं हुआ है। बरसात में जगह-जगह पानी भर जाता है। कॉलोनी की स्ट्रीट लाइटें भी खराब हैं। नगर निगम सफाई पर भी ध्यान नहीं देता। इससे मच्छर पनप रहे हैं और लोग बीमार पड़ रहे हैं। लगातार शिकायत कर रहे हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। कॉलोनी के रमाकांत दीक्षित कहते हैं कि कई बार जनप्रतिनिधियों को बुलाकर कॉलोनी की हालत दिखा चुके हैं लेकिन किसी ने कुछ नहीं किया। इसलिए बहिष्कार का फैसला किया है। रोहित पाठक कहते हैं कि मच्छरों की भरमार है। जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से घर-घर लोग बीमार हो रहे हैं।

> कॉलोनी में कई करोड़ की लागत से तमाम सड़कों का निर्माण कराया गया है। नालियां और बननी हैं इसके लिए प्रस्ताव पास हो गया है। लोगों से बात की जाएगी और जो भी समस्याएं होंगी उसका समाधान किया जाएगा। – **बंटी गुप्ता**, पार्षद का बेटा

चुनाव से पहले निपटाएं सारी समस्याएं वर्ना नहीं करेंगे मतदान

नालियों की सफाई के लिए कई बार पार्षद से कहा लेकिन वह सिर्फ आश्वासन देते हैं। कई बार जनप्रतिनिधियों से भी शिकायत की लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। – **अलका वर्मा**

जल निकासी का प्रबंध नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में नालियों का पानी सड़कों पर आ जाता है। बरसात के पानी के साथ घरों में भी सांप और कीड़े भी घुस जाते हैं। –**रेशम प्यारी**

पूरी कॉलोनी में जगह-जगह गंदगी पड़ी रहती है, वह भी कई-कई दिन तक। नगर निगम से सफाई कर्मी नहीं आते इसलिए सफाई भी कॉलोनी के लोगों को खुद ही करानी पड़ती है। – **सुमन लता**

जनप्रतिनिधियों को कॉलोनी की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। इसी वजह से लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय किया है। हल होने तक इस पर कायम रहेंगे। –**डॉ. वीरेंद्र गंगवार**

मोदी का आना ही जीत की गारंटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 अप्रैल को बरेली आकर जनसभा करना ही जीत की गारंटी है। यह बात आंवला से भाजपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप ने पत्रकारों से कही।

पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आलमपुर जाफराबाद गांव के मैदान पर लोकसभा क्षेत्र आंवला और बदायूं की चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। आंवला के लोग प्रधानमंत्री को सुनने के लिए आतुर है। प्रधानमंत्री ने पिछली बार भी इसी स्थान पर सभा की थी। इसके बाद जनता का मन बदला था और उनकी जीत सुनिश्चित की थी।

जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने आंवला लोकसभा की जनता से आह्वान किया कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली में पहुंचें। मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि इंडी गठबंधन देश को बिगाड़ने का काम कर रही है, जबकि नरेंद्र मोदी राष्ट्र को बनाने का काम कर रहे हैं। जनता मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है।

रैली में एक लाख से ज्यादा लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा राकेश मिश्रा, विधायक राघवेंद्र शर्मा, आंवला जिला उपाध्यक्ष हरवेन्द्र सिंह यादव, दीपक सोनकर, देवेश पाठक, अमित शर्मा, अनमोल तिवारी मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता में प्रधानमंत्री की जनसभा के बारे में बताते सांसद धर्मेंद्र कश्यप।

- धर्मेंद्र कश्यप ने प्रधानमंत्री की जनसभा में आने की अपील की
- पिछले चुनाव में भी यहीं पर जनसभा की थी प्रधानमंत्री ने

एक तीर से दो शिकार, तौकीर का इंडिया गठबंधन को समर्थन, मगर सपा को नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने लोकसभा चुनाव में फिर एक साथ कई निशाने साधते हुए सियासी तीर छोड़ा है। उन्होंने एक तरफ इंडिया गठबंधन के समर्थन का एलान किया है तो दूसरी तरफ सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जरिए आरएसएस ने इंडिया गठबंधन में घुसपैठ बना लेने का आरोप लगाया है। कहा है कि वह इसलिए समाजवादी पार्टी को छोड़कर इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों का समर्थन करेंगे।

मौलाना तौकीर का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। उन्होंने कहा हा कि उन्होंने सामाजिक न्याय मोर्चा बनाया है, जिसमें कई छोटी पार्टियां अपने सिंबल पर चुनाव लड़ रही हैं। मोर्चा का मकसद है कि समान विचारधारा के 10 से 15 लोग चुनकर सदन में जाएं। अगर सरकार बनाने का मौका आएगा तो वे इंडिया गठबंधन का समर्थन करेंगे।

तौकीर ने कहा है कि आरएसएस सिर्फ एनडीए नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन में भी काम कर रही है। उनका मानना है कि राहुल गांधी या लालू यादव कोई समझौता नहीं कर सकते लेकिन अखिलेश यादव के जरिए आरएसएस ने इंडिया गठबंधन में घुसपैठ कर ली है। बरेली में भी भाजपा ही सपा के प्रत्याशी का चुनाव लड़ा रही है।

- कहा- अखिलेश के जरिए आरएसएस ने इंडिया में बनाई है घुसपैठ
- बरेली में भी भाजपा ही लड़ा रही है सपा प्रत्याशी का चुनाव

मोदी के बयान पर सुप्रीम कोर्ट ले संज्ञान

मौलाना तौकीर ने कहा कि प्रधानमंत्री भले ही सबका साथ सबका विकास की बात करते हों लेकिन उन्होंने हाल ही में जो बयान दिया है, वही उनकी असल विचारधारा है। चुनाव आयोग सरकार के दबाव में काम कर रहा है, लोगों का भरोसा सिर्फ न्यायपालिका में रह गया है। प्रधानमंत्री के बयान का सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग दोनों को संज्ञान लेना चाहिए।

कुर्मी नेताओं को भाजपा में शामिल करके डैमेज कंट्रोल की कोशिश

बरेली, अमृत विचार : आठ बार के सांसद संतोष गंगवार का टिकट कटने और फिर मेयर उमेश गौतम के कथित बयान से फैली कुर्मी समाज में फैली नाराजगी के बाद अब डैमेज कंट्रोल की कोशिशें शुरू हो गई हैं। सपा के कुर्मी नेताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराकर संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि कुर्मियों में भाजपा का आकर्षण बना हुआ है। शेरगढ़ के ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी समेत पंचायत स्तर के कई कुर्मी प्रतिनिधियों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराने को इसी योजना का हिस्सा माना जा रहा है।

भूपेंद्र कुर्मी के अलावा मीरगंज के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुदेशपाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनीता गंगवार समेत कई पूर्व प्रधान और बीडीसी सदस्यों ने सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मेयर उमेश गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, विधायक संजीव अग्रवाल की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। कहा गया था कि इनमें से ज्यादातर कुर्मी बिरादरी के हैं औरसपा छोड़कर भाजपा में आए हैं। यह भी दावा किया गया था कि इन नेताओं के भाजपा में आने से मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में सियासी समीकरण बदलेंगे।

- संतोष का टिकट कटने और मेयर की टिप्पणी के बाद कुर्मियों में फैली थी नाराजगी
- भूपेंद्र कुर्मी समेत कई पंचायत प्रतिनिधियों को लाने के पीछे मानी जा रही यही रणनीति

ब्लॉक प्रमुख के आने से साफ कुर्मी समाज भाजपा से नाराज नहीं

भाजपा नेताओं का कहना है कि 2006 में बरेली कॉलेज छात्र संघ अध्यक्ष रहे भूपेंद्र कुर्मी की युवाओं पर अच्छी पकड़ है। विधानसभा चुनाव में भूपेंद्र ने मीरगंज से टिकट मांगा था लेकिन सपा ने उन्हें नहीं दिया। भाजपा नेताओं का कहना है कि ब्लॉक प्रमुख का प्रभाव कम आंकना ठीक नहीं है। इसका असर चुनाव में देखा जा सकेगा। यह भी कहा जा रहा है कि कुर्मी बिरादरी के भाजपा से नाराज होने की जो अफवाह फैलाई जा रही है, उसका भी यह जवाब है कि सपा के कुर्मी नेता भी भाजपा में आ रहे हैं। इसका असर चुनाव परिणाम पर पड़ेगा।

अखिलेश का फरीदपुर में दौरा रद अब मई में संभावना

बरेली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 25 अप्रैल को फरीदपुर में होने वाला चुनावी दौरा रद हो गया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला मोंटी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का आंवला प्रत्याशी नीरज मौर्य के समर्थन में जनसभा करने का कार्यक्रम था लेकिन कुछ कारणों से यह दौरा टल गया है। उन्होंने बताया कि सपा प्रमुख का दौरा अब 2 मई को हो सकता है। हालांकि अभी अंतिम रूप से यह तय नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री के रोड शो के रूट का एसपीजी ने किया निरीक्षण

युद्धस्तर पर तैयारी, स्वयंवर बरातघर से बांके बिहारी मंदिर होते हुए शहीद चौक तक आवाजाही बंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सड़क को दुल्हन की तरह सजाने की तैयारी, कराई जा रही है विशेष धुलाई
- लंबे समय से खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की जगह लगाई जा रहीं विशेष लाइटें

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 26 अप्रैल को रोड शो से पहले स्वयंवर बरातघर से बांके बिहारी मंदिर होते हुए शहीद चौक तक आवाजाही रोक दी गई है। मंगलवार को एसपीजी ने इस रूट का कई बार निरीक्षण किया। नगर निगम की फौज भी तैयारी में जुट गई है। पूरी सड़क की विशेष रूप से धुलाई कराई जा रही है और उसके दोनों तरफ साजसज्जा शुरू कर दी गई है। डिवाइडर को भी पेंट करके खास तरीके से सजाया जा रहा है।

एसपीजी की टीम ने निरीक्षण के दौरान पूरे रूट पर मकानों की ऊंचाई और उससे जुड़े दूसरे रास्तों के बारे में गहनता से पड़ताल की। स्थानीय पुलिस और खुफिया विभाग से भी जानकारी ली। जिला प्रशासन, नगर निगम और बीडीए के अफसरों के भी दौरे शुरू हो गए हैं। नगर निगम के अधिकारी अपनी निगरानी में सफाई के साथ लाइट की व्यवस्था करा रहे हैं। पूरी सड़क को दुल्हन की तरह सजाने की तैयारी है ताकि रोड शो के दौरान पूरा माहौल भव्य नजर आए।

लोगों के मुताबिक इस रोड पर काफी समय से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी थीं। कई बार नगर निगम में शिकायत के बाद भी उन्हें ठीक नहीं कराया गया था। अब प्रधानमंत्री के रोड शो से पहले खराब लाइटों को बदलने का काम शुरू हो गया है। नाले में जाल भी लगाया जा रहा है।

बिजली विभाग ने रोड शो के रूट पर खुले ट्रांसफार्मरों को कवर करने का काम शुरू कर दिया है। बिजली के खंभों पर लगे डिश की लाइनों को भी उतारा जा रहा है। पूरी रूट पर तीन-चार जगह खुले ट्रांसफार्मर रखे हुए थे। रोड शो के दौरान इस इलाके में सीएनजी और पीएनजी पाइप लाइनों का प्रेशर भी न्यूनतम करने का आदेश दिया गया है।

प्रधानमंत्री के रोड शो के रूट को दुरुस्त करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार मालियों की पुलिया बरेली

9837023223

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

कुलपति का आदेश, सुनीता यादव के पास ही रहेगा कुलसचिव का पदभार

कुलाधिपति के निर्देश प्राप्त होने तक 12 अप्रैल का आदेश रहेगा लागू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कुलसचिव बोले- नियम विरुद्ध है कुलपति का आदेश, शासन को भेजा पत्र

अमृत विचारः रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति और कुलसचिव के बीच शुरू हुई आदेशों की जंग खत्म नहीं हो रही है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने मंगलवार को कुलाधिपति के निर्देश आने तक उप कुलसचिव सुनीता यादव को ही कुलसचिव का कार्यभार देखने का आदेश जारी कर दिया है। एक और आदेश दिया कि कुलसचिव अजय कृष्ण यादव के 12 अप्रैल के बाद से जारी सभी आदेश मान्य नहीं होंगे। कुलपति के आदेश को कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने नियम विरुद्ध बताकर शासन को भी अवगत कराया है।

कुलपति ने आदेश जारी किया कि 12 अप्रैल को उन्होंने उप कुलसचिव सुनीता यादव को कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया था। उच्च शिक्षा विभाग ने 16 अप्रैल को कुलसचिव अजय कृष्ण यादव को पद पर स्थापित करने का आदेश दिया था। इस प्रकरण को उन्होंने 18 अप्रैल को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए भेजा है। इसलिए उनका 12 अप्रैल को जारी आदेश कुलाधिपति के दिशा-निर्देश प्राप्त होने और अग्रिम आदेशों तक पहली की तरह प्रभावी हैं। ऐसे में उप कुलसचिव सुनीता यादव अग्रिम आदेशों तक कुलसचिव के अतिरिक्त प्रभार का निर्वहन कर रही हैं। कुलपति के आदेश की प्रति कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल जानी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग, सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, महाविद्यालयों के प्राचार्यों और अन्य अधिकारियों को भेजी गई है। कुलपति ने मंगलवार को एक और आदेश जारी किया है, जिसके मुताबिक सुनीता यादव 12 अप्रैल से कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार देख रही हैं, ऐसे में कार्य विरत कुलसचिव अजय कृष्ण यादव के इसके बाद से जारी हुए सभी आदेश अग्रिम आदेश तक मान्य नहीं होंगे।

अजय बोले- कुलसचिव के पद पर मैं पदस्थापित

कुलपति के आदेश के बाद कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने आदेश जारी किया कि कुलपति के 12 अप्रैल के आदेश को शासन ने निरस्त कर दिया है और सुनीता यादव को कार्यभार देने को भी विधि विरुद्ध माना है। शासन के 16 अप्रैल के आदेश के तहत वह कुलसचिव का पदभार का निर्वहन कर रहे हैं। शासन के आदेश को सक्षम अधिकारी ने बाधित नहीं किया है, इसलिए आदेश प्रभावी है। कुलपति ने मंगलवार को जो आदेश दिया है वह उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के विरुद्ध है। इसलिए वह शासन के आदेश पर कुलसचिव पद पर पदस्थापित हैं। उन्होंने आदेश की प्रतिलिपि कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, विशेष सचिव को भेजी है।

असमंजस : विश्वविद्यालय में अब दो-दो कुलसचिव

कुलपति और कुलसचिव के आदेश के बाद लग रहा है कि विश्वविद्यालय में दो-दो कुलसचिव हो गए हैं। दोनों अपने-अपने आदेश जारी कर रहे हैं, जिससे विश्वविद्यालय परिसर और महाविद्यालयों के अधिकारी और शिक्षक भी परेशान हो रहे हैं। वह किसका आदेश मानें। कुलसचिव अपने आदेशों को सही बताकर प्रभारी कुलसचिव सुनीता यादव के आदेश निरस्त कर दे रहे हैं तो कुलपति कुलसचिव अजय कृष्ण के आदेश निरस्त कर दे रहे हैं।

सुनीता यादव के कक्ष से लाए फाइलें

कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने मंगलवार को सुनीता यादव के कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां से कई फाइलें अपने कब्जे में ली हैं। इस संबंध में कुलसचिव का कहना है कि शासन के आदेश के बाद सुनीता यादव ने कई आदेश जारी किए हैं। उन आदेशों का अवलोकन करना है, इसलिए डिस्पैच रजिस्टर लेकर आए हैं। वहीं सुबह यह भी चर्चा चली कि सुनीता यादव के कक्ष में ताला लगा दिया गया है और चाबी नहीं मिल रही है, हालांकि इससे सुनीता यादव ने इससे इन्कार किया है।

वेतन नहीं मिला तो मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना देंगे कर्मचारी

बरेली, अमृत विचार : बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों को समय से वेतन नहीं मिल पा रहा है। उन्हें मार्च का अभी तक वेतन नहीं मिला है, जिससे परिवार के पालन पोषण में दिक्कत हो रही है। कर्मचारियों ने मंगलवार को मुख्य अभियंता कार्यालय में ज्ञापन देकर जल्द वेतन देने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि 30 अप्रैल तक वेतन नहीं मिला तो वह मुख्य अभियंता कार्यालय में धरना देंगे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रिंकू श्रीवास्तव ने कर्मचारियों के साथ मुख्य अभियंता रणविजय सिंह को ज्ञापन देकर जल्द वेतन दिलाने की मांग की। उन्होंने का कि कर्मचारियों को हर महीने की 7 से 10 तारीख तक वेतन देने का समय तय है, लेकिन किसी भी माह में समय से वेतन नहीं मिल पाता है। जिससे कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान में पिछड़ा जिला, प्रदेश में 60वां स्थान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मंडल के अन्य जिलों की भी स्थिति खराब

अमृत विचार : संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जिला काफी पिछड़ गया है। शासन की ओर से जारी रैंकिंग में जिला प्रदेश में काफी नीचे 60वें पायदान पर है। वहीं मंडल के जिलों की भी स्थिति ठीक नहीं है।

जिले में एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी संचारी रोग नियंत्रण के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं लेकिन हकीकत कुछ और है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तीसरे सप्ताह में बरेली को प्रदेश में 60वां स्थान मिला है। इसके अलावा बदायूं को 31वां, शाहजहांपुर को 40वां और पीलीभीत को 52वां स्थान दिया गया है। प्रदेश के 25 सबसे खराब जिलों में मंडल के दो जिले बरेली और पीलीभीत शामिल हैं। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह के अनुसार जो ब्लॉक पिछले साल में मलेरिया को लेकर संवेदनशील घोषित हैं, यहां लगातार टीमों के कार्यों की निगरानी की जा रही है। रोजाना रिपोर्ट भी ली जा रही है। वर्ष 2023 में अप्रैल में जिले में मलेरिया से ग्रसित 50 से अधिक मरीज थे लेकिन इस वर्ष यह आंकड़ा 25 तक ही सीमित है।

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician

● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ ● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज। ● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

जिला अस्पताल में लेजर विधि से होगी आंखों की सर्जरी

- अस्पताल प्रशासन ने लेजर मशीन के संबंध में प्रस्ताव किया तैयार

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में लेजर विधि से आंखों के ऑपरेशन की सुविधा शुरू होने के आसार हैं। अस्पताल प्रशासन ने लेजर मशीन के लिए प्रस्ताव तैयार किया है जिसे शासन को भेजा जाएगा। जिला अस्पताल में हर वर्ष 20 हजार से अधिक आंखों के ऑपरेशन होते हैं जिनमें 90 फीसदी मोतियाबिंद के होते हैं। लेजर मशीन के आने से ऑपरेशन का ग्राफ और बढ़ जाएगा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएन सिंह ने बताया कि फेको मोतियाबिंद के ऑपरेशन की आधुनिक तकनीक है। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद लेंस और आंख की पुतली के बीच जाले आने से मरीज को देखने में परेशानी होती है। आंखों के धुंधलेपन को हटाने के लिए लेजर मशीन का प्रयोग किया जाता है। नई तकनीक से पांच मिनट में ही आंख के जाले निकल जाते हैं। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि जल्द ही लेजर मशीन का प्रस्ताव शासन को भेज दिया जाएगा।

जिला अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में जल्द मिलेगा नेफ्रोलॉजिस्ट से परामर्श

- दिल्ली के नेफ्रोलॉजिस्ट सप्ताह में एक दिन देखेंगे मरीज
- दो महीने में बढ़ी डायलिसिस कराने वाले मरीजों की संख्या

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में संचालित डायलिसिस यूनिट में जल्द मरीजों को गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ (नेफ्रोलॉजिस्ट) से परामर्श मिलेगा। डायलिसिस यूनिट चलाने वाली कंपनी ने दिल्ली के नेफ्रोलॉजिस्ट का चयन कर लिया है। सप्ताह में एक दिन गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ सेवाएं देंगे। चार माह पूर्व डायलिसिस यूनिट की व्यवस्थाएं प्रभावित हुई थीं। इससे यूनिट की रैंक गिर गई थी। इसपर डीएम रविंद्र कुमार ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने कड़ी निगरानी की। अस्पताल में जो दवाएं मौजूद थीं, वे डायलिसिस कराने के लिए आने वाले मरीजों को दी जाने लगीं। इससे मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। फरवरी में 340 मरीजों की डायलिसिस हुई थी। मार्च में यह संख्या बढ़कर 500 से ज्यादा हो गई। इस महीने अब तक 557 मरीजों की डायलिसिस हो चुकी है। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि शासन से निर्धारित कंपनी डायलिसिस यूनिट का संचालन कर रही है। कंपनी ने दिल्ली के नेफ्रोलॉजिस्ट को सेवाएं देने के लिए चयनित किया है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करेगा व्यापार प्रतिनिधिमंडल

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने राजस्व निरीक्षक पर व्यापारी नेता से अभद्रता करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को इस संबंध में पदाधिकारियों ने नगर निगम में अफसरों से शिकायत की। मामले में राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना के नेतृत्व में पदाधिकारी नगर आयुक्त से मिलने पहुंचे। यहां उन्होंने बताया कि संगठन के उपाध्यक्ष का चौपला रोड पर होटल है। मंगलवार को अतिक्रमण विरोधीदस्ते के साथ अचानक राजस्व निरीक्षक विवेक कुमार आए। उनके इशारे पर टीम ने वहां तोड़फोड़ शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर राजस्व निरीक्षक ने व्यापारी के साथ अभद्र व्यवहार किया। व्यापारी ने संगठन के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी से बात कराने को फोन मिलाया, लेकिन राजस्व निरीक्षक ने बात नहीं की। कहा कि बिना नोटिस के अतिक्रमण बताकर निर्माण को तोड़ना गैरकानूनी है। पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त की गैरमौजूदगी में संयुक्त नगर आयुक्त को पत्र सौंपा। देवेन्द्र जोशी, राजा सेठ, अमरजीत बक्शी, मनोज अरोरा दानिश जमाल, कपिल श्रीवास्तव कन्हैया लाल भगवान दास, पप्पू आदि मौजूद रहे।

हादसे में एक की मौत, दो लोग घायल

रिठौरा, अमृत विचार : थाना इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत रोड पर कार की टक्कर से टेंपो सवार एक युवक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए।

गांव नवदिया में दुर्गा प्रसाद मौर्य की बेटी की शादी थी। इसमें शामिल होने के लिए अनोखे लाल मौर्य, पत्नी मुन्नी देवी, अपने तीन बच्चों सहित गए थे। नवदिया निवासी परिवार के साथ सुभाषनगर में किराये पर रहते हैं। अनोखेलाल शादी से पहले लौट आए थे। रात में पत्नी और बच्चे टेंपो से वापस आ रहे थे। इज्जतनगर में पीलीभीत रोड पर बरेली की ओर से जा रही तेज रफ्तार कार ने टेंपो में टक्कर मार दी, जिससे टेंपो पलट गया। कार चालक भागने के चक्कर में एक अन्य कार से टकरा गया। राहगीरों ने टेंपो सीधा किया लेकिन तब तक टेंपो में सवार मुन्नी देवी के बेटे सचिन मौर्य (18) की मौके पर ही मौत हो गई। मां मुन्नी देवी एवं एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गए। बैरियर टू चौकी प्रभारी संजीव कुमार सिंह पुलिस बल के मौके पर पहुंचे घायलों को तुरंत इलाज के लिए शहर के अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

मैजिक ने ऑटो में मारी टक्कर, आधा दर्जन लोग घायल

सीबीगंज, अमृत विचार : मैजिक ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा है। फतेहगंज पश्चिम की ओर से तेज गति से आ रही मैजिक ने जौहरपुर के पास आगे चल रहे ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो पलट गया। ऑटो चला रहे नाजिम महेशपुर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, मैजिक से रामपुर में रिश्तेदारी से लौट रहे इज्जतनगर के गांव धौरेला माफी निवासी विशाल, उर्मिला, रीना घायल हो गईं। पुलिस ने घायलों को महानगर स्थित एक निजी अस्पताल में भेज दिया।

दुष्कर्म मामले में आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही पुलिस

सीबीगंज, अमृत विचार : दुष्कर्म के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी न होने और जान से मारने की धमकी मिलने पर पीड़िता ने एडीजी से शिकायत की है। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग की है। थाना क्षेत्र क्षेत्र की पीड़िता ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके साथ मार्च में अफजाल ने दुष्कर्म किया था। मामले में आरोपी के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके बयान भी कोर्ट में हो चुके हैं। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही है। जबकि आरोपी की 28 अप्रैल को शादी है। इसके चलते आरोपी ने पुलिस से साठगांठ कर ली है। पुलिस उसे बचाने की कोशिश कर रही है। वहीं, आरोपी पीड़िता को धमकी दे रहा है।

कब्रिस्तान की जमीन पर मिट्टी डालने पर फायरिंग

बरेली। बारादरी थाना क्षेत्र में कब्रिस्तान में मिट्टी डालने के विवाद में युवक के साथ मारपीट की और फायरिंग भी की। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जोगीनवादा निवासी यासर ने बताया कि 17 अप्रैल को शाम पांच बजे बड़ा कब्रिस्तान जोगी नवादा में मिट्टी डालने का काम चल रहा था। आरोप है कि इस बीच अदनान चौधरी, रफ्ता चौधरी, अल्तमश चौधरी और जाबिर निवासी हजियापुर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने फायरिंग कर दी।

बाइक पर पीछे बैठे जीजा ने मारी थी गोली

अमन हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, प्रेमप्रसंग का विरोध करने पर ली जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस ने जीजा और उसके साथी को किया गिरफ्तार

पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बिथरी चैनपुर में गोरक्षा दल के कार्यकर्ता अमन पटेल की हत्या उसके जीजा विकास पटेल ने प्रेम संबंध का विरोध करने पर थी। विकास ने बाइक पर पीछे से अमन के सिर में गोली मारी थी। विकास का अमन की बहन से प्रेम संबंध हो गया था। पुलिस ने इस्माइलपुर भुता निवासी विकास पटेल विकास और कोतवाली क्षेत्र बदायूं निवासी अभिषेक श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है।

बिथरी चैनपुर थाना प्रभारी संजय तोमर के अनुसार अमन के ताऊ की बेटी वर्षा की शादी भुता के गांव इस्माइलपुर निवासी विकास के साथ हुई है। करीब चार महीने पहले वर्षा ने बच्चे को जन्म दिया था। इसकी वजह से वर्षा के घर अमन की बहन गई थी। वहीं से विकास और अमन की बहन के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। जब इसकी जानकारी अमन को हुई तो उसने विरोध किया और बहन और विकास को फटकार लगाई। परिजनों की मानें तो अमन ने बहन का मोबाइल भी छीन लिया और विकास के घर आने पर भी पाबंदी लगा दी। इस पर विकास ने अमन की हत्या की साजिश रची।

हत्या से पहले साथ में खाया था खाना : पुलिस पूछताछ में आरोपी विकास पटेल ने बताया कि उसने फरवरी 2023 में अमन की चचेरी बहन से प्रेम विवाह किया था। दिसम्बर 2023 में उसका अमन की बहन के साथ संपर्क हुआ। अमन ने उसके प्रेम प्रसंग का विरोध किया था। सोमवार को शाम करीब साढ़े सात बजे उसने अमन को बरेली बुलाया और उसके साथ खाना खाया। इस दौरान अमन के दोस्त सचिन और विक्रांत भी कपड़ों की खरीदारी के लिए बरेली में आए। सभी ने एक साथ जाकर खरीददारी की। विकास ने रात करीब साढ़े नौ बजे कहा कि सभी लोग अब घर जाओ और वह संजयनगर स्थित कमरे पर जा रहा है। सचिन, विक्रान्त और अमन मोटरसाइकिल से लालपुर मोड़ पहुंचे। यहां पर अमन की बाइक खड़ी थी। वहां से सचिन और विक्रान्त अपनी बाइक से चले गये। अमन वहां से निकला ही था कि विकास ने फोन कर रुकने के लिए कहा। विकास अपने दोस्त अभिषेक के साथ बाइक से वहां पहुंचा और अमन की बाइक पर पीछे बैठकर गांव के लिए चल दिया। दोनों महेशपुरा को जाने वाले रास्ते में थे कि विकास ने अमन के सिर में पीछे से गोली मार दी। विकास वहां से भागकर लालपुर मोड़ पर पहुंचा और अभिषेक को फोन कर बुलाया। दोनों वहां से संजय नगर वाले कमरे पर आ गए। विकास इस दौरान अमन के परिवार के साथ अस्पताल, पोस्टमार्टम से लेकर अंतिम संस्कार तक शामिल होकर सहानुभूति दिखाता रहा।

चाबी से खुला हत्या का राज : हत्यारोपी विकास का राज चाबी से खुल गया। विकास एक एटीएम में नौकरी करता है। एटीएम की चाबी विकास की शर्ट के जेब में रखी थी। हत्या के बाद हड़बड़ी में चाबी घटनास्थल पर ही गिर गई थी। वह चाबी तलाश करने के लिए घटना स्थल पर दोबारा गया था। एक घंटे तलाशने के बाद भी जब चाबी नहीं मिली। इस दौरान बिथरी चैनपुर पुलिस पहुंची तो वह छिप गया। दूसरे दिन सुबह गांव वालों को चाबी मिली। जिस वक्त चाबी मिली तो कुछ लोगों ने कहा कि चाबी पड़ी रहने दो फिंगर प्रिंट से राज खुल जाएगा। विकास ने लोगों से कहा कि चाबी के बारे में किसी को मत बताना, इस बात की जानकारी होने पर ही विकास पर पुलिस को शक हुआ। हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने जब विकास की लोकेशन निकलवाई तो घटनास्थल के पास की मिली। अमृत विचार ने भी चाबी से हत्या का राज खुल सकने का तथ्य प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

एडवांस न देने पर की गई थी पूर्व प्रधान की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हत्या करने की धमकी देकर गया था रेहान, चार पर रिपोर्ट दर्ज

> मजहर खां के भाई की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। **-मानुष पारीक**, एसपी देहात दक्षिणी

अमृत विचार : फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव ढकनी के पूर्व प्रधान मोहम्मद मजहर हुसैन उर्फ बॉबी की हत्या एडवांस पैसे न देने पर रेहान ने अपने साथियों के साथ मिल कर की थी। पुलिस ने मजहर के भाई ताहिर खां की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने गोली मारने वाले इरफान को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहम्मद ताहिर खां ने बताया कि उनका भाई मोहम्मद मजहर खां का ईंट भट्टे हैं। वह भाई के साथ सोमवार को अपने भट्टे न्यू हैदरी ब्रिक फील्ड ग्राम पदारथपुर पर सुबह 9.45 बजे गए थे। भट्टे पर काम करने वाला भूरे खां गौटिया फरीदपुर निवासी रेहान उनके भाई मजहर खां से एडवांस पैसे की मांग करने लगा। मजहर ने एडवांस देने से मना कर दिया और कहा कि सही से काम पर नहीं करते हो। इससे नाराज रेहान गाली-गलौज करने लगा। इस पर मजहर ने उसे काम पर आने से मना कर दिया। रेहान धमकी देते हुए वहां से चला गया। आरोप है कि करीब 15 मिनट बाद रेहान अपने साथियों इरफान उर्फ मुस्लिम, नौशाद और अफसर के साथ आया। सभी के हाथ में तमंचा था। सभी ने पहले लाठी-डंडों से उनके भाई पर हमला कर दिया और रेहान ने मजहर पर गोली चलाई लेकिन गोली कान के पास से निकल गई। इसके बाद इरफान ने दोबारा मजहर के सीने में गोली मार दी और उनके भाई की मौत हो गई। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बुलेट की मांग पूरी न होने पर महिला के साथ मारपीट

बरेली, अमृत विचार : दहेज में बुलेट की मांग पूरी नहीं होने पर पति ने पत्नी के साथ मारपीट की। पत्नी ने प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फय्याज बिल्डिंग निवासी सीमा की शादी इज्जतनगर के फरीदापुर चौधरी निवासी मोबीन से हुई थी। शादी के बाद मोबीन बुलेट और नकदी मांगने लगा। मांग पूरी नहीं की तो घर से निकाल दिया। सीमा मायके में मां के साथ जीवन गुजारने लगी।

गाली देने का विरोध किया तो दबंग ने हलवाई को मारी गोली

- परिजनों ने घायल को अस्पताल में कराया भर्ती
- आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज

> पुलिस आरोपी को तलाश कर रही है। घायल की हालत में सुधार है। **-संदीप कुमार सिंह**, सीओ द्वितीय

बरेली, अमृत विचार : किला थाना क्षेत्र में दुकान पर बैठे एक हलवाई को मोहल्ले के एक दबंग ने गोली मारकर घायल कर दिया। परिजनों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला केलाबाग के रहने वाले शिवचरण यादव उर्फ पप्पू (58) घर में बनी दुकान पर दूध बेचने का काम करते हैं।

वह मंगलवार रात करीब 9:30 बजे दुकान पर बैठे थे। तभी पड़ोस में रहने वाला मोनू उर्फ ललित यादव वहां पहुंचा और गाली-गली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मोनू ने तमंचे से उन्हें गोली मार दी, जो कमर में लगी। इससे वह खून से लथपथ होकर दुकान में ही गिर गए। शोर सुनकर लोग पहुंचे तो आरोपी फरार हो गया। किला थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे।

तब तक परिजन घायल को रामपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करा चुके थे। सीओ द्वितीय संदीप कुमार सिंह भी अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। बताया जाता है कि आरोपी पहले भी किसी मामले में जेल जा चुका है।

मंत्री के भतीजे के रेस्टोरेंट में मारपीट की रिपोर्ट

संवाददाता, बरेली/आंवला

- भतीजे का आरोप- मंत्री को गालियां देने पर हुआ झगड़ा

> रेस्टोरेंट में काम करने वालों का नाम महिला को नहीं पता था। इसलिए अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना में जो भी नाम सामने आएगा। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **-वीरेश कुमार**, इंसपेक्टर आंवला

> वीआईपी कार्यक्रम को लेकर व्यस्त हूं। मामला संज्ञान में नहीं है। मामले की जानकारी लेकर बताता हूं। इंस्पेक्टर से भी बात कर लीजिए। **- नीलेश मिश्र**, सीओ आंवला

अमृत विचार : आंवला क्षेत्र में मंत्री धर्मपाल सिंह के भतीजे के रेस्टोरेंट में मारपीट मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने महिला की तहरीर में खेल कर सिर्फ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। वहीं रेस्टोरेंट मालिक ने महिला के परिजनों पर मंत्री धर्मपाल सिंह को गाली देने का आरोप लगाया है।

आंवला के मोहल्ला बाग बख्शी निवासी हरीशा देवी ने बताया कि रविवार की रात करीब साढ़े नौ बजे बच्चे के पास होने की खुशी में वह परिवार के साथ रामनगर रोड पर लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास स्थित एन स्क्वायर रेस्टोरेंट में खाना खाने गई थीं। उनके साथ परिवार के रूपकिशोर शर्मा, रोहित शर्मा, श्रीकांत पाटिल समेत बच्चे शामिल थे। उन्होंने खाने का ऑर्डर किया तो रेस्टोरेंट कर्मियों ने उनसे बदसलूकी की। विरोध करने पर सभी के साथ गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान महिलाओं की भी बेल्टों से पिटाई की। महिलाओं को पकड़कर होटल की लाइट और कैमरे भी बंद किए और बाद में धक्का देकर बाहर भगा दिया। उन्होंने मंत्री धर्मपाल सिंह के भतीजे के होटल पर मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तहरीर दी। पुलिस ने खेल करते हुए अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं रेस्टोरेंट के मालिक नरेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि नंद किशोर शर्मा और श्रीकांत मौर्य अपनी फैमिली के साथ उसके रेस्टोरेंट पर आए और मैनेजर और स्टाफ के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। आरोप लगाया कि उन्होंने मंत्री धर्मपाल सिंह को गालियां दीं। साथ ही दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। नरेंद्र सिंह ने उन लोगों को समाजवादी पार्टी का गुंडा बताया है। पुलिस ने नंदकिशोर शर्मा और श्रीकांत मौर्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लोग महिलाओं के साथ गाली गलौज करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

बटलर प्लाजा से बाइक चोरी

बरेली, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के बटलर प्लाजा से युवक की बाइक चोरी हो गई। युवक ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुभाषनगर क्षेत्र के करगैना इफको कॉलोनी निवासी पारस 20 अप्रैल को बटलर प्लाजा में कैमरे लेने आए थे। पारस बाइक खड़ी कर ऊपरी मंजिल की दुकान में गए। जब वापस आए तो बाइक गायब थी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

लोगों का सम्मान और शहर का विकास प्राथमिकता : छत्रपाल

चुनावी हलचल

बरेली, अमृत विचार : बरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार ने मंगलवार को शहर और मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर समर्थन जुटाया। चक महमूद, जोगी नवादा, सुरेश शर्मा नगर, दुर्गानगर, परतापुर चौधरी, सिद्धार्थनगर में लोगों ने उनका स्वागत किया। छत्रपाल गंगवार ने कहा कि लोग उनका प्रतिनिधि बनकर चुनाव लड़ रहे हैं। लोगों का मान सम्मान और शहर का विकास उनकी प्राथमिकता है। सुरेश शर्मा नगर और इज्जतनगर में जनसभा में श्रीराम के जयकारों से माहौल राममय हो गया। जनसंपर्क के दौरान वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, अनिल सक्सेना एडवोकेट, गुलशन आनंद, मनोज शुक्ला, शीतल गुलाटी, पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. एम एल मौर्या, पूरन लाल प्रजापति, पार्षद प्रेम शंकर राठौर, अभिषेक बंटी, प्रत्योश पांडेय, मनोज शुक्ला, संजीव शर्मा दद्दा, प्रदीप सक्सेना, पार्षद शारदा गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राजीव कश्यप, मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे। उन्होंने मीरगंज विधानसभा क्षेत्र के गांव नौगवां, पैगानगरी, हुरहुरी, दिवना, पहुंचा बुजुर्ग, गुलड़िया, गहवरा, ठिरिया बुजुर्ग, अमरपुर, मोहम्मदगंज करौरा, कुतुबपुर, बहरोली, गोरा हेमराजपुर, सिरौंधी, असदनगर, बहरपुरा, खमरिया आजमपुर, लभेड़ा दुर्गा प्रसाद, सिमरिया में नुक्कड़ सभाएं कीं। सभा में विधायक डॉ. डीसी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल गंगवार, निरंजन यदुवंशी, तेजपाल फौजी, तेजेश्वरी सिंह, केपी सिंह राणा, प्रमोद शर्मा, संजीव शर्मा, प्रेमपाल कोरी, सोमपाल मुखिया आदि मौजूद रहे।

सांसद बनाया तो आवारा पशुओं की समस्या खत्म करेंगे: नीरज मौर्य

बरेली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के आंवला लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी नीरज मौर्य ने मंगलवार को फरीदपुर क्षेत्र में नुक्कड़ सभाएं कीं। उन्होंने कहा कि लोगों ने यदि उन्हें जिताकर सांसद बनाया तो वह ग्रामीण इलाकों में आवारा पशुओं की समस्या का पूरी तरह से समाधान करेंगे। किसानों की फसलों को आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाएगी। उन्होंने फरीदपुर क्षेत्र के गांव ओषण, मैंनी, रमपुरिया, रुदौली, शिवपुरी, मोहनपुर, सितारगंज, नवादा, बिलसंडी, अमरेख आदि गांव का दौरा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आवारा पशुओं की समस्या का अब तक कोई समाधान नहीं किया गया है। गायों को जबरदस्ती आश्रय स्थलों में रखा गया है, लेकिन पर्याप्त चारा और पानी न मिलने की वजह से उनकी भूख प्यास से तड़प तड़प मौत हो जाती है।

इस दौरान उनके साथ पीयूष वर्मा, बलराम यादव, खुमान मौर्य, आचिन शर्मा, राजेश यादव, रविंद्र यादव, ठाकुर हरपाल सिंह, ठाकुर कौशलेंद्र सिंह, पंडित अवधेश शर्मा, अशोक शर्मा, भूदेव शर्मा, रामनिवास राठौर, सोमवीर सागर, ओमप्रकाश बौद्ध, पूर्व प्रधान सत्यपाल सागर, रामवीर दिवाकर आदि उपस्थित रहे।

प्रत्येक महिला को हर साल मिलेंगे एक लाख रुपये : प्रत्याशी नीरज मौर्य की पत्नी रश्मि मौर्य ने भी महिलाओं के बीच में जाकर सपा के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो प्रत्येक महिला के खाते में एक साल में एक लाख रुपये भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के हित की केवल खोखली बात कर रही है, जबकि इंडिया गठबंधन की सरकार महिलाओं के लिए जमीन पर उतरकर काम करेगी।

बीजेपी के झूठे वादों और नीतियों से परेशान है जनता : ऐरन

बरेली, अमृत विचार : बरेली लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने मंगलवार को शहर और कैंट विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। उन्होंने पुराने शहर में साइकिल रैली निकाली। रैली को पीलीभीत से लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। प्रवीण सिंह ऐरन ने कहा कि बरेली में विकास के नाम पर भाजपा सरकार ने कोई विशेष कार्य नहीं कराए हैं। बेरोजगारी का आलम यह है कि बरेली में चल रही फैक्टरियां भाजपा सरकार में बंद होने से लोगों से रोजगार छिन गया। जिसको लेकर लोगों में बीजेपी सरकार के प्रति रोष है और बीजेपी के झूठे वादों और नीतियों से परेशान हैं। लोग चुनाव में बीजेपी के झूठे वादों के जाल में नहीं फंसने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह जीते तो क्षेत्र में विकास की नई लहर आएगी। उन्होंने हनुमान जयंती के अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं और मंदिरों में भ्रमण कर आशीर्वाद लिया। चुनावी जनसंपर्क में विधायक अताउर रहमान, शमीम खां सुल्तानी, संजीव यादव, अशफाक गाजी, डॉ. शाजेब अंसारी, मो. वसीम, सनी मिर्जा, खलीक उर रहमान, मेराज अंसारी, मुन्न खां, नासिर, आसिफ कुरैशी, बिलाल कुरैशी आदि मौजूद रहे।

साढ़े तीन लाख के अंडे मंगाकर नहीं किया पेमेंट

बरेली, अमृत विचार : पोल्ट्री फार्म से साढे.तीन लाख रुपये के अंडे मंगाकर युवक ने पेमेंट नहीं किया और अब वह गायब हो गया। पीड़ित ने किला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिनी बाईपास निवासी छत्रवीर वृंदा पोल्ट्री फार्म के पार्टनर हैं। मार्च में गगन अरोड़ा ने फोन कर 2408 क्रेट अंडे खरीदने का सौदा तय किया था। गगन ने अंडे रामपुर भेजने पर भुगतान करने का वादा किया। छत्रवीर ने दो गाड़ियों में अंडे लादकर रामपुर भेज दिए। गगन ने एक गाड़ी मिलक और दूसरी गाड़ी रामपुर शहर में उतरवा ली। गगन ने साथ में बरेली चलकर पेमेंट करने को कहा। किला पुल के पास गगन गाड़ी से कूदकर भाग गया। गगन से फोन पर संपर्क किया तो जल्द ही अंडे के तीन लाख 49 हजार रुपये देने का वादा करने लगा।

महिला को नशीला पदार्थ सुंघा कर चेन उड़ाई

बरेली, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में ई-रिक्शा में महिला को नशीला पदार्थ खिला कर बेहोश कर सोने की चेन और अंगूठी गायब कर दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर की राजीव कॉलोनी निवासी नेमवती ने बताया कि वह सोमवार दोपहर करीब एक बजे रेलवे जंक्शन से कुतुबखाना बड़ा बाजार गई थीं। बाजार से वह ई-रिक्शा से घर लौट रही थीं। ई-रिक्शा में पहले से ही चालक सहित दो व्यक्ति सवार थे। आरोप है कि रास्ते में दोनों ने उन्हें नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गईं। होश में आने पर वह पुराने रोडवेज बस अड्डे पर मिलीं। उनके चेन और अंगूठी गायब थी। उनके पास एक थैला भी था, जिसमें मोबाइल था, वह मिल गया। कोतवाली पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

व्यापारी को छत से फेंकने के आरोपी पिता-पुत्र पुलिस गिरफ्त से दूर

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र के एक होटल में पार्टी के दौरान छत से व्यापारी को फेंकने के मामले में आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। इस संबंध में उत्तर प्रदेश व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान और एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक से मुलाकात की। इस दौरान आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने पदाधिकारियों को आश्वासन दिया। संगठन के महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला ने बताया कि संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल के बेटे सार्थक को होटल रेडिशन की पहली मंजिल से आरोपी सतीश अरोड़ा और उसके पुत्र रिधिम ने नीचे फेंक दिया था। सार्थक की हालत खराब है। जिसे लेकर संगठन के पदाधिकारियों ने एसएसपी से मुलाकात की। एसएसपी ने सभी को एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक के पास भेजा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

आवश्यकता है
कम्प्यूटर आपरेटर/लिपिक महिला/पुरुष एवं चपरासी की वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें, सम्पादक उ.प्र. पुलिस मानीटर पत्रिका A-195/3, राजेन्द्र नगर बरेली। मो. 7505196244, 9557365400

सूचना
मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स सं. यू.पी. 24-20090019775 में मेरे ऑनलाइन लाइसेन्स में पिता का नाम लोचन सिंह के स्थान पर वाचन सिंह लिख गया है जो कि गलत है जबकि सही नाम लोचन सिंह है। उक्त सही नाम ऑनलाइन लाइसेन्स में दर्ज किया जाये। **उग्रेन्द्र सिंह पुत्र श्री लोचन सिंह निवासी भरकुईया थाना सिविल लाइन तहसील व जिला बदायूं**

सूचना
मेरी पुत्री रेनू गौतम ने इन्टरमीडिएट की परीक्षा राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज सन् 2020 में उत्तीर्ण की थी। मेरी पुत्री का इन्टरमीडिएट का प्रमाणपत्र- सह-अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 0672005 है। वास्तव में कहीं खो गये हैं। **नन्हें लाल मढ़ीनाथ पुलिस चौकी के पीछे, गणेश नगर, बरेली मो. 9410622125**

सूचना
मैं अपनी पुत्री आरती महाजन व आरती महाजन की पुत्री इंशिका महाजन को गलत कृत्यों एवं दुर्व्यवहार के कारण उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **श्रीमती कनकलता पत्नी प्रीतम सिंह निवासी मकान ए-3 कुर्मांचल नगर थाना इज्जतनगर, बरेली**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
क्षारसूत्र चिकित्सा (धागा विधि)
सही उपचार आयुर्वेद के साथ
धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर/पाइल्स, नासूर, मस्से PNS आदि का सफल इलाज
दिनांक: 24 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
- शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/मस्से/Piles)
- गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
- कब्ज़ की शिकायत रहना
- शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
- बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
- धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
- आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
डॉ. राहुल कुमार B.A.M.S., M.S. (Ayu) DSRRAU JODHPUR
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
निःशुल्क परामर्श
निःशुल्क क्षारसूत्र चिकित्सा
जांचों में 50% तक छूट
डॉ. गीता B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल। मो. 8077808309

सार-संक्षेप

शिविर में ब्रश करने का सही तरीका बताया

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से कॉलेज परिसर स्थित जूविनाइल डिटेंशन सेंटर में डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया। कैंप में बच्चों के दांतों की जांच की गई। जिन बच्चों को इलाज की जरूरत थी, उन्हें दंत चिकित्सक के पास जाने की सलाह दी गई। बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने का तरीका बताया गया। वहीं, जिन लोगों को तंबाकू सेवन की आदत थी, उन्हें उससे होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। इस दौरान बच्चों को टूथपेस्ट वितरित कर दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह दी गई।

फार्मा इंडस्ट्री में रोजगार की संभावनाओं के बारे में बताया

बरेली, अमृत विचार : ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी में मंगलवार को औद्योगिक कौशल विकास विषय पर सेमिनार हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रियल ट्रेनर प्रेमप्रकाश ने फार्मा इंडस्ट्री में रोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला और फार्मा इंडस्ट्री में कार्य करने के लिए आवश्यक योग्यता और छात्रों को कौशल विकास के बारे में बताया। फार्मेसी विभाग की रूबी गंगवार ने सेमिनार के विषय के बारे में छात्रों को जानकारी दी। फार्मेसी विभाग के प्राचार्य विनीत कुमार सिंह, शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

अरिहंत ब्लूम ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने पाई सफलता

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अरिहंत ब्लूम ओलंपियाड में एसआर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 12 वीं की इशिता ने पॉलिटिकल साइंस में दूसरा और सानिध्य ने इतिहास में तीसरा स्थान प्राप्त करने का दावा किया है। अंग्रेजी में 10 वीं की धृति ने नौवां, अमेषा ने 10 वां और प्रणवी ने 15 वां स्थान हासिल किया है। जबकि 10 वीं के ही चिन्मय ने कंप्यूटर साइंस में 13 वां स्थान पाया है। 12 वीं की अभिश्री ने रसायन विज्ञान में 16 वां और भौतिक विज्ञान में 10 वां स्थान प्राप्त किया है। 12वीं की छात्रा महक ने इतिहास में 12 वां स्थान प्राप्त किया है। ओलंपियाड का आयोजन स्कूल स्तर पर नवंबर और दिसंबर के बीच हुआ था। एमडी रूमा गोयल, डायरेक्टर डॉ. आरके शर्मा और प्रधानाचार्य स्मिता बिष्ट ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

शांतिकुंज स्कूल में पोस्टर मेकिंग, आरोही प्रथम

बरेली, अमृत विचार : दूरदर्शन केंद्र के समीप शांतिकुंज पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने पृथ्वी की विभिन्न स्थितियों को दिखाते हुए प्रदूषण, गंदगी, पेयजल की कमी, ग्लोबल वार्मिंग जैसे मुद्दों की ओर लोगों का ध्यान खींचा। प्रतियोगिता में कक्षा आठ की आरोही ने प्रथम, कक्षा छह के आदित्य ने द्वितीय और कक्षा सात की आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य राधिका चंद ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। जानकी विष्ट, रेनू यादव, मनोरमा, शिवानी, दीपू, बबीता, मानसी परमार, प्रीति सिंह, पूनम, देव प्रिया, संध्या मौजूद रहीं।

इज्जतनगर स्टेशन के कोच डिस्प्ले सिस्टम में आई गड़बड़ी

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर स्टेशन पर कोच डिस्प्ले सिस्टम में गड़बड़ी आ गई। किसी यात्री ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इज्जतनगर रेल मंडल के अधिकारी मामले की जांच करने की बात कह रहे हैं। इज्जतनगर स्टेशन के प्लेटफार्म एक से सोमवार को 05097 दोराई स्पेशल ट्रेन 14 मिनट की देरी से 8:56 बजे रवाना हुई थी, लेकिन ट्रेन जाने के पौन घंटा बाद तक इसका नंबर डिस्प्ले पर दिखा रहा था। एक यात्री ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, जिसमें ट्रेन के नंबर के साथ घड़ी भी दिखाई दे रही है। जिसमें 9 बजकर 42 मिनट हो रहे हैं। जबकि प्लेटफार्म पर बैठे यात्री दूसरी ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद कंट्रोल रूम को तकनीकी गड़बड़ी दूर करने के लिए कहा गया है।

आरएच इंटर कॉलेज के रिजल्ट में छात्राओं का दबदबा

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज क्षेत्र के बंडिया गांव में स्थित रिजवान हुसैन इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में इस बार भी छात्राओं का दबदबा रहा। 12 वीं की फरहा 93:20 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रहीं। सोहिल ने 86:40 फीसद अंक के साथ दूसरा और साजिया ने 83:20 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। 10 वीं में आफरीन अदीबा ने 89:80 प्रतिशत अंक लाकर कॉलेज में पहला, सना ने 86:33 प्रतिशत लाकर दूसरा और सुहाना ने 84:60 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंधक रिजवान हुसैन ने बताया कि इस बार भी कॉलेज का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

इत्र कॉलोनी के हरिहर मंदिर में हुआ भंडारा

बरेली, अमृत विचार : हनुमान जन्मोत्सव पर इत्र कॉलोनी स्थित हरिहर मंदिर में मंगलवार सुंदरकांड का पाठ और भंडारे का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, वीर सिंह राज, पीसी पाठक, अशोक आहूजा, चंद्रपाल, केएम शर्मा, पंकज साहू, प्रदीप श्रीवास्तव, आरके शर्मा आदि उपस्थित रहे।

मिड टर्म परीक्षा की तिथियों में बदलाव

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज ने मिड टर्म परीक्षा की तिथियों में संशोधन किया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि चतुर्थ सेमेस्टर में अंग्रेजी साहित्य और भाषा की मिड टर्म अब 27 अप्रैल को गृह विज्ञान की 2 मई को होगी। इसके अलावा षष्टम सेमेस्टर की राजनीति विज्ञान की परीक्षा 27 अप्रैल को होगी। संशोधित कार्यक्रम कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि द्वितीय सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षा में कोई संशोधन नहीं किया गया है।

फटे एस्ट्रोटर्फ ट्रैक पर जम गई है काई अभ्यास में ही चोटिल हो रहे खिलाड़ी

मेजर ध्यानचंद स्टेडियम के साई केंद्र में 2011 में 3.82 करोड़ से बना था एस्ट्रोटर्फ ट्रैक

शिवांग पांडेय, बरेली

- बजट कम मिलने पर ट्रैक की मरम्मत करने से कार्यदायी संस्था ने हाथ खींचे खिलाड़ी परेशान

अमृत विचार : खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में शुरू किए गए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में बना एस्ट्रोटर्फ ट्रैक बदहाल है। खिलाड़ी जगह-जगह से फटे, काई से बनी फिसलन भरे ट्रैक पर अभ्यास के दौरान चोटिल हो रहे हैं। अभी तक ट्रैक की मरम्मत नहीं हो पाई है। कार्यदायी संस्था ने कम बजट मिलने पर ट्रैक की मरम्मत करने से हाथ खींच लिए हैं, वहीं विभाग ने भी इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है।

वर्ष 2010 में साई ट्रेनिंग सेंटर के लिए केंद्र सरकार ने 3.82 करोड़ रुपये के बजट से एस्ट्रोटर्फ ट्रैक का काम शुरू कराया था। करीब एक साल तक चले काम के बाद वर्ष 2012 में इस ट्रैक को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम को स्थानांतरित किया गया। वर्तमान में ट्रैक पर 16 खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। इनमें दो चोटिल हो चुके हैं। खिलाड़ी रामानंद का शनिवार को सेना में स्पोर्ट्स कोटे की भर्ती के लिए ट्रायल है। पिछले सप्ताह अभ्यास के दौरान ट्रैक पर जमी काई से वह फिसलकर चोटिल हो गए। चिकित्सकों ने उन्हें दो सप्ताह आराम करने की सलाह दी है। फिलहाल, वह ट्रायल देने की स्थिति में नहीं हैं। दो और खिलाड़ियों के साथ भी ऐसा हो चुका है।

साई सेंटर में एस्टोटर्फ फटने से खिलाड़ी का फंसा पैर। ● अमृत विचार

काई वाले एस्ट्रोटर्फ पर खेलते खिलाड़ी।

मरम्मत का बजट कम, इसलिए शुरू नहीं हो सका काम

साई प्रभारी एवं एथलेटिक कोच जेएस द्विवेदी ने बताया कि शासन को कई बार पत्र भेजने के बाद अक्टूबर में यूपी राज्य निर्माण निगम को एस्ट्रोटर्फ ट्रैक की मरम्मत के लिए करीब चार लाख रुपये का बजट जारी किया था। राज्य निर्माण निगम को 50 बेड के हॉस्टल निर्माण की भी जिम्मेदारी दी गई थी। हॉस्टल का निर्माण पूरा होने के बाद कार्यदायी संस्था ने एस्ट्रोटर्फ ट्रैक मरम्मत के लिए बजट कम बताकर काम की शुरुआत नहीं की। कार्यदायी संस्था के अनुसार टेंडर प्रक्रिया की गई, लेकिन कम बजट के चलते कोई टेंडर पास नहीं हुआ। इस संबंध में कार्यदायी संस्था ने मार्च में साई सेंटर को पत्र भेजा था। फिलहाल, साई सेंटर बरेली की ओर से बजट बढ़ाने के लिए शासन से मांग नहीं की गई है। नियमानुसार 10 वर्षों में ट्रैक का बदलाव किया जाता है, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं किया गया है।

फटे एस्ट्रोटर्फ पर खेलने में दिक्कत हो रही है। खेलते समय बॉल के उछल जाने से चेहरे पर चोट लगने का डर लगा रहता है। एस्ट्रोटर्फ ट्रैक की मरम्मत होनी चाहिए। –**दीपांशु**, हॉकी खिलाड़ी

पिछले सप्ताह एस्ट्रोटर्फ पर काई की वजह से पैर फिसल गया था। पंजा मोड़ने से गहरी चोट आई है। शनिवार को प्रतियोगिता का ट्रायल है पर चोट के चलते भाग नहीं ले पाऊंगा। –**रामानंद**, हॉकी खिलाड़ी

बुद्धनगरी की हवाई यात्रा के लिए 50 फीसदी अनुदान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन हजार रुपये में आ-जा सकेंगे बरेली से कुशीनगर, पूर्वांचल के लोगों को होगा फायदा
- चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, कलकत्ता, सूरत के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की बन रही योजना

अमृत विचार : नाथ नगरी यानी बरेली हवाई अड्डे से सीधे बुद्ध नगरी के कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए हवाई सेवा को मंजूरी मिल गई है। जिसका ट्रायल होना है। नियमित सेवा के लिए जून तक इंतजार करना होगा। टिकट दर पर 50 प्रतिशत अनुदान होने से करीब तीन हजार रुपये में लोग बरेली से कुशीनगर आ जा सकेंगे। इससे पश्चिमी यूपी, उत्तराखंड, पूर्वांचल, बिहार के विभिन्न जगहों पर रहने वाले लोगों को फायदा होगा। वहीं, अभी अन्य बड़े शहरों के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की कार्ययोजना बनाई गई है।

बरेली एयर पोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक उड़ान सेवा होने से लोगों को सहूलियत मिलेगी। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत हवाई सेवा शुरू होने से किराया काफी कम होगा, क्योंकि इसमें 50 प्रतिशत का अनुदान होता है। जेट विंग्स की एयरवेज की उड़ान की मंजूरी मिल चुकी है।

उन्होंने बताया कि करीब दो महीने में हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। बताया कि आने वाले समय में चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, कलकत्ता, सूरत के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की योजना है। इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

हवाई सेवा से इन स्थानों के लोगों को मिलेगी सहूलियत

बरेली एयर पोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि बरेली हवाई अड्डे से कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक हवाई सेवा होने से कई इलाकों के लोगों काफी फायदा होगा। उत्तराखंड के नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, पश्चिमी यूपी के बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बिहार के गोपालगंज, बेतिया, सिवान, नेपाल जाने वाले लोगों को सहूलियत मिलेगी।

हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा किया स्वागत
- झांकियों ने मनमोहा, गूंजते रहे हनुमान के जयकारे

अमृत विचार : हनुमान जन्मोत्सव पर बालाजी दरबार समिति की ओर से देव स्वरूपों की झांकियों के साथ शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने जगह जगह पुष्पा वर्षाकर शोभायात्रा का स्वागत किया।

मंगलवार को जैन मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई, जो कालीबाड़ी, शहामतगंज, कुतुबखाना, बड़ा बाजार, किला, अलखनाथ मंदिर से होते हुए स्थित बालाजी दरबार पर आकर संपन्न हुई। विभिन्न धार्मिक संगठन के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने कई स्थानों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान शोभायात्रा में बैंडबाजा और भजनों की धुन पर पर श्रद्धालु थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। जय हनुमान के जयकारे गूंज रहे थे। गणेश, काली, दुर्गा आदि देव स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक संजीव अग्रवाल, महंत अभिषेक मिश्र, समर्थ मिश्र, सार्थक, सचिन, रुचि, नीलम, श्रेय, शुभम आदि मौजूद रहे।

शोभायात्रा में सजी झांकी। ● अमृत विचार

हनुमान स्वरूप में कलाकार।

शोभायात्रा में शामिल जिला पंचायत अध्यक्ष और बालाजी दरबार समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

हनुमान जन्मोत्सव में भजनों पर झूमे लोग

बरेली, अमृत विचार : गार्डन सिटी स्थित संकट मोचन मंदिर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह मंदिर में सामूहिक यज्ञ हुआ। भजन संध्या में गायकों ने भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण भक्तिमय बना दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे। कलाकारों ने झांकियों के रूप में धार्मिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुति किया। जय हनुमान के उद्घोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। मंदिर समिति ने भंडारा किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अध्यक्ष राकेश कुमार, सचिव नरेश चंद्र वर्मा, अंजू कन्नोजिया, याशिका कन्नोजिया, शिवांगी पटेल, उर्मिला, मोहन गुप्ता, डीसी मौर्या आदि उपस्थित रहे।

सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर में भी दिन भर भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहा। शाम के समय महाआरती की गई। भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया गया।

हनुमान जन्मोत्सव पर नरकुलागंज स्थित राधा कृष्ण मंदिर में भजन गाते जयपुर के चैतन्य दधीचि। ● अमृत विचार

सुंदरकांड का पाठ कर किया हनुमान का गुणगान

बरेली, अमृत विचार : काली देवी मंदिर चाहबाई समिति ने मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया। सुबह मंदिर में भक्तों ने पूजा की और कीर्तन किया। शाम को मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। महाआरती भी हुई। राजीव शर्मा, हिमांशु जौहरी, मनोज देवल, ज्ञान प्रकाश, अमित श्रीवास्तव, शिव मोहन, प्रेम कुमार श्रीवास्तव, रिंकू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

मॉडल टाउन स्थित हरि मंदिर में पूजा करते भक्त।

हनुमान जन्मोत्सव पर किया फूलों से शृंगार

बरेली, अमृत विचार : हनुमान जन्मोत्सव पर बड़ा बाग स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान, शिव सहित राम दरबार का फूलों से विशेष शृंगार किया गया। सुबह ही श्रद्धालुओं का मंदिर में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। हनुमानजी को वस्त्र धारण कराए गए। साथ ही बेला और गुलाब के फूलों से शृंगार किया गया। इस दौरान भक्तों ने पूजा अर्चना की। छप्पन भोग लगाया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विधायक संजीव अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, सुबोध गुप्ता, शरद सक्सेना, राकेश वार्ष्णेय, राहुल जायसवाल, अतिन अग्रवाल, सुमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

त्वरित निर्णय के लिए बदले गए सेपक टकरा के नियम

बरेली, अमृत विचार : सेपक टाकरा खेल के नियमों में बदलाव किए गए हैं। इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। नियमों के बदलाव से उम्मीद जताई गई है कि प्रतियोगिताओं में त्वरित ढंग से निर्णय लिए जा सकेंगे।

साई सेंटर में सेपक टाकरा कोच रोहित कुमार ने बताया कि पहले प्रतियोगिताएं 21 अंकों की होती थीं, अब समय की बचत और जल्द निर्णय के उद्देश्य से खेल को अब 15 अंकों का किया गया है। खेल के नियमों के आधार पर 21 अंक हासिल करने वाली पहली टीम सेट जीत जाती है। उत्तर प्रदेश सेपक टाकरा संघ के महासचिव डा. सीरिया एसएम ने बताया कि एशियाई खेलों में बरेली की बेटी खुशबू के पदक जीतने के बाद खेल के प्रति खिलाड़ियों में जागरूकता बढ़ी है।



एक नजर

रात में बर्बाद कर दी फसल पुलिस से शिकायत

रिठौरा, अमृत विचार : हाफिजगंज के गांव मुल्लापुर के मजरा दियोरिया जागीर के किसान शरीफ खां लाला ने डेढ़ बीघा खेत में तुरई की फसल तैयार की थी। उस पर फल लगने शुरू हुए थे, सोमवार को उसने खेत में पानी लगाया था। मंगलवार सुबह उसे फसल बर्बाद होने की सूचना मिली। किसान ने बताया चार माह पहले बेटी की शादी की है। उस पर हजारों रुपये कर्ज हो गया था। सोचा फसल बेचकर कर्ज दे दूंगा। खाद -पानी भी उधार लगा कर फसल तैयार की थी। पीड़ित किसान ने रिठौरा पुलिस चौकी पर मामले की लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घर में घुसकर मां-बेटी से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

मीरगंज, अमृत विचार : शाही थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार रात 9:00 बजे एक दिन पहले हुए विवाद को लेकर गांव के ही तीन लोगों ने महिला और उसकी बेटी को गालियां देते हुए उसके घर में घुसकर मारापीटा। आरोपियों ने उसकी बेटी से छेड़खानी भी की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके ऊपर धारदार हथियार हमला कर दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर छोटेलाल, धर्मपाल और नंदकिशोर निवासी ग्राम खानपुर के खिलाफ मंगलवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

फरार वारंटी को पुलिस ने पकड़कर जेल भेजा

शेरगढ़, अमृत विचार : शेरगढ़ पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि अपराधों की रोकथाम के लिए क्षेत्र में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने गांव नगरिया सोबरनी निवासी वारंटी शाहिद हुसैन को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुरारी लाल, कांस्टेबल दयालु कुमार तथा अंकित वालियान शामिल रहे

मामूली बात पर मारपीट के बाद थाने पहुंचे दोनों पक्ष

आंवला, अमृत विचार : मामूली बात को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत दी है। कस्बे की महाराज पुरम कॉलोनी निवासी शिवकुमार ने बताया कि शाम 6 बजे वह बेटे रजत, भाई कृष्ण कुमार के साथ दुकान पर बैठा था। इसी बीच कॉलोनी के ही कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए गाली देने लगे, विरोध करने पर मारपीट करने लगे। चीख पुकार पर पास के लोग आ गए। जिन्हें देखकर वह लोग जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के अनुज माहेश्वरी ने बताया कि शिवकुमार उससे बेवजह रंजिश मानता है। दावत खाकर घर लौटते समय उन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है।

गर्मी में पक्षियों को पीने के लिए रखें पानी: एसडीएम

आंवला, अमृत विचार : एसडीएम ने भीषण गर्मी में पशु पक्षियों को पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिए नगरपालिका परिषद आंवला, नगरपंचायत सिरौली, नगरपंचायत बिशारतगंज अधिशासी अधिकारी, ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद, रामनगर, मझगवां बीडीओ को निर्देश जारी किए है। एसडीएम आंवला नहनेराम ने पत्र जारी कर बताया कि वर्तमान में गर्मी बडने लगी है। जनपद का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पार हो गया है। आने वाले सप्ताह में और गर्मी बढ़ने की आशंका है। गर्मी में मनुष्य विभिन्न प्रकार से प्यास बुझाकर पानी की मात्रा पूरी कर लेता है। परंतु पशु पक्षी भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटकते हैं। प्यास न बुझने से कई पशु और पक्षियों की मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजनों को घरो के आस पास पशु पक्षियों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने अधिकारियों से भी पानी का प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए अधिकारियों को प्रेरित किया।

हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़

सुबह से लगीं कतारें, पूजन के बाद निकाली गई शोभायात्रा, पूरे दिन चलता रहा भंडारों का दौर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह से ही मंदिरों में प्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगी रहीं। विशेष पूजा- अर्चना के बाद हनुमानजी की शोभायात्रा कस्बे में निकाली गई। श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में शामिल देव स्वरूपों की आरती उतारकर पूजा- अर्चना की। वहीं जगह- जगह भंडारे का आयोजन किया गया था, जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

राजपुर कलां में निकाली शोभायात्रा : श्री शिव मंदिर हनुमान मंदिर धर्मशाला राजपुर कलां पर मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर राजपुर कलां में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश चन्द्र गुप्ता मोहित पोरवाल, जीतू सक्सेना प्रेमशंकर सक्सेना, कश्मीर सिंह टिल्लन सिंह, अभिषेक यादव विपिन माहेश्वरी, महेंद्र शर्मा विजय यादव, और आशीष यादव, व शांति व्यवस्था को कायम करने के थाना अलीगंज अजय कुमार मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

हनुमानजी का किया गया विशेष श्रृंगार।

पूजा- अर्चना कर हनुमान जी को लगाया छप्पन भोग

आंवला, अमृत विचार : आंवला के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। 56 भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। पुरैना हनुमान मंदिर पर भक्तों की दिनभर भीड़ रही। ढिलवारी गांव स्थित पांडव कालीन श्री बालाजी हनुमत विग्रह धाम में 56 भोग लगाकर सुंदर कांड का पाठ किया गया। महंत बिरजू दास महाराज ने सिंदूर लगाकर बाबा का श्रृंगार किया। भक्तों में आचार्य संजीव दीक्षित, मनोज खंडेलवाल, सुरेश गर्ग, अशोक लाला बर्तन वाले, दिलीप माहेश्वरी, मुन्नालाल, मुकेश कुमार सिंह, विशेष सिंह, अन्नू सिंह, सुनील सौभरि, अभय उपाध्याय आदि मौजूद रहे। आंवला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में हनुमान जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। मुख्य वक्ता रामकरन मिश्र, विद्यालय प्रधानाचार्य दयाशंकर शर्मा ने हनुमान जी के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर हरिशंकर, संजीव कांत, अमित कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, शीतल शर्मा, सविता शर्मा, लेखा मौर्य, सुधा शर्मा, रीता सिंह, रश्मि सिंह आदि स्टाफ मौजूद रहा। अलीगंज के गांव राजपुर कलां में संकट मोचन महाबली हनुमानजी का जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश गुप्ता, भारतीय बजरंग दल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, मोहित पोरवाल, रूपकिशोर शर्मा, जीतू सक्सेना समेत भारी संख्या में भक्त शामिल रहे।

पंच कुंडीय महायज्ञ के बाद हुआ भंडारा

बिशारतगंज : श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को दुर्गा मंदिर पर श्री बालाजी सेवा समिति की ओर से पांच कुंडीय यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष बबलू मौर्य ने बताया कि विशाल भंडारे के बाद पूरी रात्रि मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रकाश देवल, रामलाल मौर्य, रामस्वरूप साहू, शिवकुमार मौर्य, धर्मपाल साहू, मुनीश गोस्वामी सहित भारी संख्या में भक्तों का सहयोग रहा।

बहेड़ी में हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली

बहेड़ी, अमृत विचार : हनुमान प्रकटोत्सव पर बजरंग बली के भक्तों ने दक्षिण मुखी हनुमान की भव्य शोभायात्रा निकाली। मोहल्ला कानूनगोयान स्थित चौरासी घंटा मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा माथुर रोड से शेरगढ़ रोड के रास्ते बांसी मठ पहुंची जहां से वापसी मे नैनीताल मार्ग होते हुए वापस प्रस्थान स्थल पर पहुंच कर समाप्त हुई। माथुर रोड स्थित तिकोनी दुकान पर भाजपा नेता राहुल गुप्ता और अपने आवास के सामने पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने पति अजय जायसवाल के साथ शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर आराध्य की आरती उतारी। शोभायात्रा में बंटी राणा, देव सक्सेना, अनुज गुप्ता, दिनकर गुप्ता राजन गुप्ता, सुनील रस्तोगी, हीरा सिंह तोमर, अंकित व गौरव पाल समेत अन्य का सहयोग रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से कोतवाल प्रवीण कुमार सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज अशोक कुमार के साथ तमाम पुलिस कर्मी तैनात रहे।

हाफिजगंज में पूर्ण आहूति के बाद हुआ भंडारा

नवाबगंज, अमृत विचार : हाफिजगंज के शिव शक्ति हरि कृष्ण मंदिर हाफिजगंज मे देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व सभी प्रतिमाओं का पूजन कर पूर्णाहुति हवन आचार्य रामभजन मिश्र नीमसार के सानिध्य में पूर्ण हुआ। हलुवा चना के प्रसाद के साथ ही सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने भंडारे का प्रसाद चखा। इस दौरान पियूष गुप्ता, सौरभ गुप्ता, रिंकू गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, अलोक गुप्ता, अरूण गुप्ता, सचिन गुप्ता, कपिल गुप्ता के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों ने सेवा कार्य में भाग लिया।

मीरगंज में निकली झांकियों से सुसज्जित शोभायात्रा

मीरगंज, अमृत विचार : हनुमान जन्मोत्सव पर मीरगंज में भव्य झांकियां निकाली गई। मिलक से आए बालाजी भक्त सरदार कुलदीप सिंह के करतब देखने को मिले। सुरक्षा की दृष्टि से चौकी इंचार्ज विजय पाल सिंह दलबल के साथ मौजूद रहें। बालाजी दरबार समिति के अध्यक्ष राम किशोर के निर्देशन में शोभायात्रा मोहल्ला ललितपुरी से आरंभ हुई। शोभायात्रा में बालाजी महाराज, गणेशजी, शिव पार्वती आदि की झांकियों के मनमोहक दृश्यों से सभी को आकर्षित किया। इस अवसर पर पंडित रामकिशोर, योगेश कुमार गुप्ता, आदि बड़ी संख्या में बाबा के भक्त मौजूद रहें।

शादी में आई वृद्धा की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर धनेटा के पास सोमवार आधी रात को मायके में शादी समारोह में शामिल होने आई वृद्धा को रोड पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शेरगढ़ के गांव बालपुर निवासी 70 वर्षीय वृद्धा भगवान देवी स्थानीय थाना के गांव धनेटा अपने मायके में आई हुई थी। उनके भतीजे तोताराम की शादी है। सोमवार को मंडप था। मंगलवार को बरात गई है। नेशनल हाईवे के किनारे तोताराम ने अपना घर बना लिया है। सोमवार आधी रात के बाद करीब दो बजे वृद्धा भगवान देवी लघु शंका के लिए हाईवे पार करके दूसरी ओर जा रही थी। रोड पार करते समय किसी किसी वाहन ने उनको टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर रात में ही थाना प्रभारी धनंजय पांडेय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।

सड़क हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

भमोरा, अमृत विचार : सड़क पार करते समय किसी वाहन की टक्कर लगने से घायल होने वाले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बदायूं के थाना कुंवर गांव के गांव पनौठा निवासी त्रिवेंद्र (23) को मंगलवार सुबह किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीण ने 108 एंबुलेंस को फोन किया जो आधा घंटा देर से पहुंची, तब तक घायल सड़क पर तड़पता रहा। एंबुलेंस घायल को लेकर सीएचसी भमोरा आई, जहां युवक की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। त्रिवेंद्र के बड़े भाई ठाकुरदास ने बताया वह 4 भाई है त्रिवेंद्र की शादी नहीं हुई हैं, वह साथ रह रहे दोनों भाईयों की मदद करता हैं। मंगवार सुबह वह किराए कमरे से दुकान के लिए समान लेकर जा रह था रोड पार करते समय उसे किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

उत्पात मचाने के विरोध पर शराबियों ने युवक को पीटा

भोजीपुरा, अमृत विचार : बरात में डीजे पर शराब के नशे में हुड़दंग मचा रहे युवक का जब एक व्यक्ति ने विरोध किया तो शराबी ने अपने पिता की मदद से लाठी डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया।

भोजीपुरा के गांव पीपलसाना चौधरी में सहकारी गन्ना समिति परिसर में सोमवार रात 12 बजे बारात में दावत चल रही थी। डीजे पर नाच गाना चल रहा था। शराब के नशे में युवा हुड़दंग काट रहे थे। दावत खाने पहुंचे पीपलसाना चौधरी निवासी दो भाई रमेश और राकेश डीजे पर हुड़दंग करने का विरोध किया। नशे में धुत्त सत्यम ने अपने पिता रूपकिशोर की मदद से रमेश की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। रमेश के सिर में लाठी लगने बेहोश होकर गिर पड़े। मौका पाकर हमलावर पिता पुत्र फरार हो गए। सूचना पर डायल 112, व परिवार के लोग पहुंच गए। गंभीर हालत में रमेश परिजनों ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। पत्नी गीता ने बताया कि वहां रमेश की हालत गंभीर बनी हुई है। मंगलवार को घायल रमेश की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने जानलेवा हमले व जान से मारने की धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

अधेड़ की हत्या के मामले में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मीरगंज

- आरोपियों ने साथ में बैठकर पी शराब, फिर कर दी हत्या

अमृत विचार : अधेड़ की हत्या के मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस एक नामजद समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। राजपाल सिंह निवासी ग्राम करनपुर ने बताया कि मेरे बड़े भाई नेपाल सिंह (50) खेत पर ही ट्यूबवेल की झोपड़ी में रहते थे, सोमवार रात 9:00 बजे उसे गांव के केंद्रपाल सिंह ने सूचना दी कि तुम्हारे भाई नेपाल सिंह खेत में चकरोड पर खून से लथपथ पड़े हैं। किसी ने उन्हें पीटा हैं। वह बेटे रोहित सिंह और केंद्रपाल को लेकर अपने ट्यूबवेल की तरफ गया तो रास्ते में झोपड़ी के पास गांव का सुरजीत गांव की तरफ भागता हुआ मिला। झोपड़ी से आगे पहुंचने पर चकरोड पर उसका भाई खून से लथपथ पड़ा मिला, उसकी मौत हो चुकी है। उसे पता चला कि शाम को 8:00 बजे उसके भाई के साथ गांव गहवरा के छोटू और उसके गांव के सुरजीत, कपिल, केंद्र पाल और मोहम्मदगंज के सुनील कुमार ट्यूबवेल पर शराब पी थी। उसी दौरान सुरजीत और छोटू के बीच में मारपीट हो गई थी। सुरजीत के साथ उसके भाई का पुराना विवाद भी चल रहा था। इसी विवाद में सुरजीत ने उसके भाई नेपाल सिंह की हत्या कर दी।

नहर में गिरी कार कई बराती घायल

बहेड़ी, अमृत विचार: मुंडिया नबी बक्श रोड़ पर बसे गांव तुलसमपुर बिहारीपुर पुलिया के पास बरातियों से भरी असंतुलित होकर कार पुलिया से टकराकर नहर में जा गिरी। घटना में दूल्हे के दो भाइयों समेत छह लोग घायल हो गए।

गांव जुआ जवाहरपुर निवासी आबिद हुसैन के बेटे की बरात सोमवार को क्षेत्र के गांव घाट गांव गयी थी। मंगलवार को बरात लौट रही थी कि मुंडिया नबी बक्श मार्ग पर हादसा हो गया। हादसे में दूल्हे का बड़ा भाई सादिक, छोटा भाई साकिब, चाचा पूर्व प्रधान खलीक अहमद, रफीक, सलमान घायल हो गये। खलील व रफीक को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

जालसाजों ने दूसरे के खाते में ट्रांसफर कराई विधवा पेंशन

संवाददाता, क्योलड़िया

- पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

अमृत विचार : ग्राम पंचायत क्योलड़िया की बिलकीशन बेगम ने विधवा पेंशन का आवेदन किया था। उनकी पेंशन बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में आते थे कई बार आई, लेकिन उसके बाद से उनकी पेंशन आना बंद हो गई थी।

पीड़िता ने पता करने के लिए अधिकारियों के कई बार चक्कर लगाए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई उन्होंने अपनी पेंशन की स्टेट्स ऑनलाइन चेक कराई तो उनकी पेंशन उनके खाते के स्थान पर सुमन पुत्री छोटे लाल निवासी बिशारतगंज के बैंक खाते में लगातार जा रही थी। उसने बिशारतगंज थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने छोटे लाल को थाने बुलाया तो उसने पुलिस को बताया कि यह काम उसने अकेले नहीं किया है बल्कि एक गिरोह है जो जालसाजी से दूसरों की पेंशन अपने खातों में फर्जी दस्तावेजों के सहारे ट्रांसफर करा लेता है। इसके बाद भी पुलिस ने आरोपी को वहीं से छोड़ दिया उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने मंगवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपी जालसाजों पर कार्रवाई की मांग की, साथ ही अपनी पेंशन दिलवाने की मांग की। महिला ने बताया कि पेंशन नहीं मिलने से उसे घर चलाने में काफी परेशानी हो रही हैं।

सार-संक्षेप

ढकिया डैम के पुल की मरम्मत न कराई तो धरना देंगे

शीशगढ़, अमृत विचार : ढकिया डैम का रास्ता बंद होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए भाकियू टिकैत गुट के जिला अध्यक्ष दुर्गेश मौर्य ने चेतावनी दी है कि अगर आचार संहिता के बाद डैम के पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। दरअसल ढकिया गांव के पास कुल्ली नदी पर बने डैम के बीम और सड़क में दरारे आ गई हैं। जिसके कारण रुहेलखंड नहर खण्ड के अधिकारियों ने खतरा देख डैम के पुल पर दोनों ओर ईंटों की दीवार खड़ी कर रास्ता बंद कर दिया है। ऐसे में ग्रामीण जान जोखिम में डालकर प्रशासन द्वारा बनाए वैकल्पिक रास्ते से नदी पार कर निकल रहे हैं।

बोर्ड परीक्षा के होनहारों को किया सम्मानित

रिठौरा, अमृत विचार : कस्बे के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज में मंगलवार को होनहार छात्रों को सम्मानित का किया गया। प्रबंधक सुबोध कुमार ने छात्रों को बधाई दी। उन्होंने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को ग्यारह- ग्यारह हजार के चेक दिए। इस मौके पर डॉ. हरमीत सिंह रघुवीर सरन, कुसुम गंगवार, बृजेश कुमारी, रमेश चंद्र, अमरेश कुमार, डॉ. सर्वेश कुमार, दीप कमल, राजेश गंगवार, डॉ. राजेश कुमार राजेश कुमार द्विवेदी, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

आंधी से झुका बिजली का खंभा, हादसे की आंशका

भोजीपुरा, अमृत विचार : भोजीपुरा के घंघोरा घंघोरी गांव में अभयपुर- अगरस मार्ग पर आंधी के कारण सड़क किनारे खड़ा बिजली का खंभा झुक गया है, यदि जल्द ही उसे सीधा नहीं किया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना इस मार्ग से बड़े वाहन गुजरते हैं। यदि शीघ्र खंभे को ठीक करके खड़ा नहीं किया गया तो बिजली आपूर्ति के समय कोई बड़ा वाहन गुजरा तो बड़ा हादसा हो सकता है। घंघोरा- घंघोरी के ग्रामीणों द्वारा लाइनमैन व जेई को सूचना दे दी गई है।

एडी हेल्थ ने किया सीएचसी और गांव का निरीक्षण

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज सीएचसी और परौरा गांव का एडी हेल्थ डॉ. पुष्पा पंत और डॉ. गंगा सरन अपर मंडलीय अर्बन कोऑर्डिनेटर ने निरीक्षण किया। दौरान उन्होंने लेबर रूम, इमरजेंसी वार्ड देखा। गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले खाने की भी क्वालिटी चेक किया। इसके बाद परौरा गांव पहुंचकर 5 परिवारों से बात कर उन्हें जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. वागीश कुमार, डॉ. रोहन दिवाकर, डॉ. सुनील कुमार, धनेश्वर गिरी समेत अन्य मौजूद रहे।

विद्यालयों में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग

नवाबगंज, अमृत विचार : पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की रसोइयों में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं पर चिन्ता व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों से सुरक्षात्मक उपाय किए जाने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष नरदेव गंगवार के नेतृत्व में शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को दिए गए मांग पत्र में पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा है कि लगातार हो रही इन चोरियों में से पुतिस किसी भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है। जब कि प्रधानाध्यापकों द्वारा हर बार पुलिस को तहरीर दी जाती है।

गांव-गांव संपर्क, भाजपा प्रत्याशी को वोट न दें क्षत्रिय

गुलड़िया, अमृत विचार : आंवला लोकसभा के गांव पिपरिया उपराला, कतुरोई ठाकुरान, गिरधरपुर, गुरुगांव मुस्तकिल, शिवपुरी आदि गांवो में सभाएं कर लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के विरोध में वोट न डालने की क्षत्रिय समाज से अपील की गई। क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी एमपी सिंह ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप ने पूरे समाज के नसबंदी करने और समाज के लोगों पर अत्याचार करके भयभीत करने का काम किया है अत: समाज को एक जुटता दिखाकर उनके खिलाफ वोट डालना चाहिए। इस अवसर पर इंजीनियर भुवनेश्वर सिंह, जय गोविंद, अरविंद सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रधानाचार्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को दी बधाई

मीरगंज, अमृत विचार : राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में हाईस्कूल में कमलेश ने 513 अंक, मोहम्मद साद ने 482 अंक, इंटरमीडिएट में मोहम्मद समीर ने 454 अंक, धर्मेंद्र कुमार ने 385, प्रशांत कुमार ने 373 अंक, सरजन सिंह ने 362 अंक 80. अंक प्राप्त किए। प्रबंधक निरुपम शर्मा, और प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

बरेली कॉलेज में नोट पर नकल लिखकर लाई छात्रा

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में रुहेलखंड विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा में तीन विद्यार्थियों को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया। एक छात्रा 10 रुपये के नोट पर नकल लिखकर लाई थी। तीनों विद्यार्थियों को बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि मंगलवार को सचल दल ने बीए समाजशास्त्र और राजनीति शास्त्र की परीक्षा में दो छात्रों को गेस पेपर से नकल करते पकड़ा है। इसके अलावा एमए दर्शनशास्त्र की छात्रा के पास से भी नकल सामग्री मिली है। वह दस रुपये के नोट और एक पर्ची पर नकल लिखकर लाई थी।

हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से फसल जली

संवाददाता, बिशारतगंज

अमृत विचार: बिशारतगंज के थाना क्षेत्र के अखा गांव के जंगल में हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से अखा गांव के किसानों की लगभग छह बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

अखा गांव निवासी कृषक दयाराम, हरिप्रसाद, रामावतार, महेंद्र पाल, प्रेमसिंह, वीरपाल, निरंजन, जागनलाल, पदम सिंह, मोहनलाल आदि लोगों ने बताया की मंगलवार की शाम करीब 5:00 बजे जब तेज हवा चल रही थी, इस बीच खेतों से गुजर रही है टेंशन लाइन से एक चिंगारी गिरी जिससे खेतों में आग लग गई और लगभग 6 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल की गाड़ी को बुला लिया तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।

हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से लगी आग से जलती किसानों की फसल।

फुफेरे भाई की बरात में आया युवक लापता

आंवला, अमृत विचार : फुफेरे भाई की बरात में शामिल होने आया एक युवक संदिग्ध अवस्था में लापता हो गया। युवक की मां ने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

मिलक रामपुर के गांव भसौडी शरीफ निवासी दयाराम की पत्नी मुन्नी ने बताया कि वह वर्तमान में तिलक नगर नई दिल्ली में रह रही है। पांच दिन पहले सीबीगंज निवासी उसके नन्दोई के बेटे की बरात आंवला के गांव पैगा में आई थी। उसका बेटा रोहित (23) तीन लड़कों के साथ दिल्ली से टेंपो में आया था। बरात चढ़ने के बाद वह टेंपो से वापस रवाना हुआ। परंतु दिल्ली नहीं पहुंचा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की है।

पुलिस पर फायरिंग करने के आरोपी ने किया आत्म समर्पण, जेल भेजा

आंवला, अमृत विचार : जूए को लेकर हुए विवाद में दो संप्रदाय के लोग आमने सामने आ गए थे। दोनों ओर से फायरिंग की गई थी। पुलिस पर भी फायरिंग की गई थी। जिसमें पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए। पुलिस ने दोनो पक्षों के 10 नामजद और 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। एक आरोपी ने मंगलवार को अदालत में समर्पण कर दिया। दरावनगर गांव में 16 नवंबर 2023 को जूए के विवाद में दो सम्प्रदाय के लोगों में लाठी डंडे चलने के साथ पथराव हुआ था। दोनों ओर से फायरिंग हुई थी। पुलिस की ओर से 10 नामजद ज्ञान सिंह, कृपा शंकर उर्फ पप्पू, लोकेंद्र उर्फ गप्पू, अन्नू, रवि, पवन, फरमान, रिजवान, मुन्ना, तहसन और 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जिनमें अवतक 6 लोग जेल भेजे जा चुके हैं। मंगलवार को सातवें आरोपी रिजवान ने अपने आपको अदालत में समर्पण कर दिया।

IS 15700:2005
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक
सिविल लाइन्स, बदायूं
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय/व्यावसायिक सम्पत्तियों के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भवन/भूखण्ड संख्या सेक्टर/खण्ड व योजना का नाम	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से मृतक का संबंध
01.	स्व. सचिन धींगड़ा पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार धींगड़ा	भूखण्ड सं.- जी-37 सिविल लाइन्स यो.सं.-2, भाग-2, बदायूं	07.11.2022	श्री सीमा रानी धींगड़ा पत्नी श्री वीरेन्द्र कुमार धींगड़ा	श्रीमती शीनू धींगड़ा, श्री ओमांश धींगड़ा, श्री वीरेन्द्र कुमार धींगड़ा	माता

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम-5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सम्पत्ति प्रबन्धक

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविन: ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

संपादकीय

मध्य पूर्व में संकट

इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष मध्य-पूर्व के दो प्रबल विरोधियों के बीच बढ़ते तनाव को उजागर करता है। ईरान-इजराइल जंग का असर वैश्विक राजनीति पर ही नहीं बल्कि दुनिया के व्यापार पर भी पड़ सकता है। यदि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो आपूर्ति में व्यवधान के कारण कमोडिटी की कीमतें बढ़ जाएंगी। वैश्विक स्तर पर, भू-राजनीतिक तनाव के कारण मुद्रास्फीति उच्च बनी रहेगी क्योंकि इससे कच्चे तेल की कीमतें और तांबा, जस्ता, एल्युमीनियम, निकेल आदि वस्तुओं की कीमतें प्रभावित होंगी। तनाव कम करने या शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद के कूटनीतिक प्रयासों की विफलता के बाद सैन्य कार्रवाई ही एकमात्र विकल्प बचेगा, जिससे क्षेत्रीय तनाव में वृद्धि की संभावना बढ़ जाएगी। हालांकि वैश्विक मंदी की आशंका के बीच भारत को फायदा हो सकता है। क्योंकि भारत विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश है। वह अपनी पेट्रोलियम खरीद का एक बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आयात करता है। ईरान ओपेक देशों में शामिल तीसरा सबसे बड़ा क्रूड ऑयल प्रोड्यूसर है। इसलिए तेल के संकट को ईरान और इजराइल का युद्ध और बड़ा कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान-इजराइल के बीच तनाव के मद्देनजर यूरोप में भारत का निर्यात बाधित होगा। भारत के व्यापार सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि नीतिगत हस्तक्षेप तभी होगा जब हम व्यापारियों के सामने आने वाली समस्याओं को समझेंगे। उस अभ्यास के आधार पर, जो भी आवश्यक होगा सरकार निश्चित रूप से उस पर ध्यान देगी। इजराइल और ईरान के बीच टकराव कम करने का भारत का आह्वान क्षेत्र की राजनीति की जटिलता को पहचानने के बारे में है। भारत के लिए ये संकट इसलिए और बड़ा है क्योंकि वह ईरान और इजराइल दोनों का ही मित्र है। वह किसी एक का पक्ष नहीं ले सकता है। ईरान-इजराइल टकराव पर भारत के दृष्टिकोण का महत्व है। यदि ये भारत को एक दृष्टिकोण का पक्ष लेते हुए देखते हैं तो इससे क्षेत्र में शांति को नुकसान पहुंच सकता है।

भारत को प्रमुख क्षेत्रीय प्रतिभागियों मिस्र, ईरान, इजराइल, कतर, तुर्की, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ अपने जुड़ाव को हमेशा संतुलित रखना होगा। इजराइल की व्यापक रूप से मौजूद इस धारणा को देखते हुए कि परमाणु-सशस्त्र ईरान इज़राइल के अस्तित्व के लिए एक संभावित खतरा है, उसके द्वारा प्रतिशोध की आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का सम्मान करना चाहिए। क्षेत्र में दीर्घकालिक सुरक्षा, शांति एवं स्थिरता के लिए दो-राज्य समाधान ही एकमात्र संभव विकल्प है।

पहले चरण के चुनाव के सबक

संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी।

इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 का पहला चरण 19 अप्रैल को संपन्न हो गया। इस चरण में जिस तरह मतदान प्रतिशत में कमी के साथ मतदाताओं के उत्साह में कमी देखने को मिली उसने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन एनडीए के साथ ही साथ कांग्रेस और उसके गठबंधन इंडिया के नेताओं की पेशानी पर भी बल ला दिए हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग भी चिंतित हो गया है। आम जनता, मीडिया और चुनाव से जुड़े सभी दल एवं प्रत्याशी इस रुझान की अपने-अपने हिसाब से समीक्षा कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन इसे भाजपा सरकार के खिलाफ जनता का रोष बताकर अपनी जीत का दावा कर रहा है। जबकि एनडीए इसे विपक्ष के प्रति मतदाताओं की उदासीनता कहकर अपनी चिंता को ढांपने की कोशिश कर रहा है। लेकिन हकीकत में दोनों ही पक्ष इससे हैरान और परेशान हैं। क्योंकि पहले चरण की जिन 102 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ है उनमें बहुत कम सीटें ऐसी हैं जिनके बारे में दावे से कहा जा सकता हो कि किसी एक प्रत्याशी या दल के पक्ष में मतदान हुआ है। टीवी मीडिया हो या प्रिंट अथवा कि सोशल मीडिया किसी के भी चुनावी विश्लेषणों को देखें तो इस बात से प्रायः सभी सहमत हैं कि यह रुझान स्पष्ट रूप से कोई निर्णय देता नजर नहीं आता। यह ठीक है कि मतदाता घरों से कम निकले, लेकिन इसकी वजह क्या थी, किसी को पता नहीं। कोई इसके पीछे केंद्र सरकार से नाराजगी, कोई स्थानीय सांसद के प्रति गुस्से तो कोई गर्मी और धूप को वजह बताता है। लेकिन जिन लोगों ने इन परिस्थितियों में भी वोट डाला, वह किसके पक्ष में गया है, यह दावे के साथ बताने की स्थिति में कोई भी नहीं है। अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग परिदृश्य दिखाई देता है। इसलिए संपूर्ण से रुझानों को न तो सत्ताविरोधी लहर के रूप में लिया जा सकता है और न ही मोदी की गारंटी पर मतदाताओं ठप्पे के रूप में। कुल मिलाकर मिलीजुली स्थिति प्रतीत होती है।

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी। इन दावों को विपक्षी हमला कहकर खारिज किया जा सकता है। लेकिन उन तथाकथित आंतरिक सर्वेक्षणों का क्या किया जाए जो सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनलों पर तैर रहे हैं और जिनके बारे में कहा जाता है कि ये आरएसएस-भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा चुनाव से पहले जनता की नब्ज टटोलने के लिए कराए गए थे। इन सर्वेक्षणों में भी कथित रूप से भाजपा को 200 से कुछ ही ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। और बहुत से लोग मानते हैं कि ये सर्वेक्षण ही राहुल गांधी के दावों का आधार हैं। भले ही वे कहते हों कि उन्हें राज्यों में स्थित अपने कार्यालयों से ऐसी रिपोर्टें मिल रही हैं। जो भी हो, इससे भाजपा और एनडीए का मनोबल कमजोर हुआ है, जबकि विपक्षी गठबंधन के उत्साह में बढ़ोतरी हुई है।

पहले चरण का मतदान भले सुस्त रहा हो, लेकिन इसने अगले चरणों के लिए चुनावी पारे को गर्मियों में और बढ़ा दिया है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके चुनिंदा कैबिनेट सहयोगियों के साथ भाजपा और आरएसएस के आगे अगले चरणों को निर्णायक रूप से अपने पक्ष में करने की चुनौती खड़ी हो गई है। और जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, उन्होंने इसे न सिर्फ स्वीकार किया है, बल्कि नई रणनीति के साथ विपक्ष को नेस्तनाबूद करने के लिए वे दूनी ताकत के साथ मैदान में कूद पड़े हैं। प्रधानमंत्री के भाषण ज़्यादा तीखे और अधिक आक्रामक तो हो ही गए हैं। उनमें क्षेत्र और वक्त के अनुसार परिवर्तन भी दिखाई पड़ रहे हैं। जबसे कांग्रेस ने अपना लोकलुभावन घोषणापत्र जारी किया है मोदी के भाषणों का फोकस यह घोषणापत्र ही रहा है। लेकिन शुरू में वे इसे 'मुस्लिम लीग का घोषणापत्र' बताकर कांग्रेस पर हमला कर रहे थे और उसे अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के लिए कोस रहे थे। लेकिन पहले चरण के मतदान के बाद वे कांग्रेस के इरादों को लेकर खतरनाक किस्म की चेतावनियां देने लगे हैं। मसलन, बांसवाड़ा की चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस आई तो सबके धन की जांच करेगी और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के बयान के मुताबिक उसे मुसलमानों में बांट देगी। कांग्रेस महिलाओं का मंगलसूत्र तक नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री के इस बयान की तीखी आलोचना हुई है और कांग्रेस ने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की है। बांसवाड़ा से इतर अलीगढ़ में प्रधानमंत्री के बोल मुसलमानों को लेकर नरम थे। वहां उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से मुसलमानों के हित में सरकार द्वारा उठाए गए अनेक कदमों का बखान किया और उनका समर्थन मांगा। प्रधानमंत्री के इन दो अलग-अलग रूपों पर कांग्रेस या विपक्ष की कोई खास प्रतिक्रिया नहीं आई। लेकिन सोशल मीडिया में इसकी विभिन्न तरीकों से समीक्षा की गई। जिनमें एक यह है कि प्रधानमंत्री बिल्कुल सही कह रहे हैं। क्योंकि पिछले दस सालों में मुसलमानों के लिए जितनी योजनाएं यह सरकार लेकर आई है और हज यात्रा से लेकर उन्हें देश में शिक्षा, विदेश में पढ़ाई, नौकरियों और व्यवसाय के लिए रियायतें, सुविधाएं तथा वजीफे दिए गए हैं, उतने पहले की किसी सरकार में नहीं मिले। इन विवरणों ने हिंदू संगठनों को भी हैरान कर दिया है।

इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं। सच क्या है, इसका पता तो आगे यदि कोई जांच हुई तब ही चलेगा। लेकिन सूरत के इस वाकये ने चंडीगढ़ मेयर के चुनाव की याद दिला दी है। क्या सूरत का मामला भी सुप्रीमकोर्ट जाएगा?

प्रसंगवश

किस्से कंगना के

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

शीर्षक देखकर प्रथम दृष्ट्या पाठक का ध्यान वॉलीबुड की अभिनेत्री कंगना की ओर ही जाएगा, जो संप्रति इसलिए खबरों में आईं क्योंकि चुनाव में भाजपा ने उन्हें हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। हालांकि यहां मैं उनके बारे में नहीं लिख रहा। लोगों के जेहन में राजा राधिकारमणप्रसाद सिंह की कहानी 'कानों में कंगना' भी कौंध गई होगी। हमें वे कंगना याद तो आए, किंतु यहां उनका विस्तार नहीं है। हिंदू विवाह में कंगन खुलाई एक रस्म होती है । उसकी गांठ वर वधू दोनों को खोलनी होती है, इसे हस्तबंद भी कहते हैं। सीता जी वन में आभूषणों से सज्जित होकर गईं थीं। वे कंगन भी पहने थीं। रावण द्वारा हरण होने पर अशोक वाटिका में वे बहुत क्षीण शरीर हो गईं थीं। जब हनुमान जी वहां पहुंचे, तो उनकी ऐसी ही स्थिति थी। गोस्वामी तुलसीदास ने 'बरवै रामायण' में उनकी वार्ता का उल्लेख करते हुए लिखा है, "अब जीवन की है कपि आस न कोय कनगुरिया कै मूदरी कंगना होय"। यानी छिंगुनी (कनिष्टिका) में पहनी ठाने वाली अंगूठी उनकी कलाई में आ जाती थी और वह कंगना बन गई थी। अब हम माता के वास्तविक कंगनों की बात करते हैं, जिनके नग में विवाह के समय वे शिर नीचे किए राम का रूप देख रहीं थीं। 'राम को रूप निहारति जानकि कंकन के नग की परिछाही' । सामान्य कथा तो यह है कि हनुमान जी को भूख लगी थी और उन्होंने सीता जी से वाटिका के फल खाने की अनुमति मांगी। तदोपरांत उन्होंने फल खाये, वृक्ष तोड़े, राक्षस मारे और पश्चात् लंकादहन आदि हुआ। इस प्रचलित कथा से भिन्नता लिए भी एक कथा है,जो 'आनंद रामायण' में आई है। यह भी महर्षि वाल्मीकि की ही कृति मानी जाती है। इसके अनुसार जब हनुमान जी ने माता से क्षुधित होने की बात कही, तो उन्होंने उन्हें वे दो आम दिए, जो उनको (सीता जी को) खाने के लिए दिए गए थे; साथ ही अपने कंगन हनुमान जी की ओर बढ़ाते हुए कहा कि 'पुत्र! इन्हें लंका के बाजार में बेंचकर, प्राप्त धन से फल आदि क्रय कर लो'। हनुमान जी ने वह प्रस्ताव विनम्रता पूर्वक अस्वीकार कर दिया और वहीं वाटिका में फल तोड़कर खाने की अनुमति मांगी। तब सीता जी ने अनुमति प्रदान कर दी और बाद की कथा वही है,जो सर्व विदित है।

न जलाएं सूखी पत्तियां



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है।

जो समाज अभी कुछ महीनों पहले हवा की गुणवत्ता खराब होने के लिए हरियाणा-पंजाब के किसानों को पराली जलाने के लिए कोस रहा था, वह अब खुद अपने हाथों से अपनी तकदीर को आग लगा रहा है। महानगरों के बड़े हिस्सों में अभी भी खुलापन, पेड़, हरियाली और बगीचे जिंदा हैं तो जगह-जगह सूखे पत्तों का ढेर लगा है। हर कॉलोनी में इनके निस्तारण के लिए आग लगाना आम बात है। कुछ लोगों के लिए यह झड़ते पत्ते महज कचरा हैं और वे इसे समेट कर जलाने को परंपरा, मजबूरी, मच्छर मारने का तरीका व ऐसे ही नाम देते हैं। असल में यह ना केवल गैरकानूनी है, बल्कि अपनी प्रकृति के साथ अत्याचार भी है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने तो सन 2016 में बड़े सख्त लहजे में कहा था कि पेड़ों से गिरने वाली पत्तियों को जलाना दंडनीय अपराध है व प्रशासनिक अमले यह सुनिश्चित करें कि आगे से ऐसा ना हो। इस बारे में समय-समय पर कई अदालतें व महकमे आदेश देते रहे हैं, लेकिन कानून के पालन को सुनिश्चित करने वाली संस्थाओं के पास इतने लोग व संसाधन हैं ही नहीं कि हरित न्यायाधिकरण के निर्देश का शत-प्रतिशत पालन करवा सके। कुछ साल पहले लुटियन दिल्ली में एक सांसद की सरकारी कोठी में ही पत्ती जलाने पर मुकदमा कायम हुआ था, उसके बाद दिल्ली में तो इस विषय में जागरूकता और सतर्कता है। लेकिन कई जगह तो नगर को साफ रखने का जिम्मा निभाने वाले स्थानीय निकाय खुद ही कूड़े के रूप में पेड़ से गिरी पत्तियों को जला देते हैं। असल में पत्तियों को जलाने से उत्पन्न प्रदूषण तो खतरनाक है ही, सूखी पत्तियां कई मानों में बेशकीमती हैं व प्रकृति के विभिन्न तत्वों का संतुलन बनाए रखने में उनकी महति भूमिका है।

सूखी पत्तियां जलाने से इंसान खुद ही कई बीमारियों को न्योता देता है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, आंखों में खुजली, सिरदर्द और नाक बहना और यहां तक कि जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली फैनफड़ों जटिलताएं भी हो सकती हैं। गिरी हुई पत्तियों को जलाने के अल्पकालिक और दीर्घकालिक संपर्क से अस्थमा के दौरे, दिल के दौरे और कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा भी बढ़ सकता है।

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है। हाईड्रोजन वातावरण में मौजूद जहरीली गैस कार्बड डाय आक्साईड के साथ मिल कर पत्तियों के लिए शर्करायुक्त भोजन उपजाता है। जबकि आक्सीजन तो प्राण वायु है ही। जब पत्तियों का क्लोरोफिल चुक जाता है तो उसका हरापन समाप्त हो जाता है व वह पीली या भूरी पड़ जाती हैं। हालांकि यह पत्ती पेड़ के लिए भोजन बनाने के लायक नहीं रह जाती है हैं लेकिन उसमें नाईट्रोजन, प्रोटिन, विटामिन, स्टार्च व शर्करा आदि का खजाना होता है। ऐसी पत्तियों को जब जलाया जाता है तो कार्बन, हाईड्रोजन, नाईट्रोजन व कई बार सल्फर से बने रसायन उत्सर्जित होते हैं। इसके कारण वायुमंडल की नमी और आक्सीजन तो नष्ट होती ही है, कार्बन मोनो आक्साईड, नाईट्रोजन आक्साईड, हाईड्रोजन सायनाईड, अमोनिया, सल्फर डाय आक्साईड जैसी दम घोटने वाली गैस वातावरण को जहरीला बना देती हैं। इन दिनों अर्जुन, नीम, पीपल, इमली, जामुन, ढाक, अमलतास, गुलमोहर,शीशम जैसे पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं और यह मई तक चलेगा।

एक बात और पत्तों के तेज जलाने की तुलना में उनके धीरे-धीरे सुलगने पर ज्यादा प्रदूषण फैलता है। एक अनुमान है कि दिल्ली एनसीआर इलाके में जलने वाले पत्तों से पचास हजार वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएं के बराबर जहर फैलता है। यानि चाहे जितना प्रयास कर लें पतझड़ के दो महीने में ही सालभर का जहर हवा में घुल जाता है।

अमेरिका और यूरोप के देशों में पेड़ से गिरी पट्टी को वहां से उठाने पर भी पाबंदी है। यदि केवल एनसीआर की हरियाली से गिरे पत्तों को धरती पर यूं ही पड़ा रहने दें तो जमीन की गर्मी कम होगी, मिट्टी की नमी घनघोर गर्मी में भी बरकरार रहेगी। यदि इन पत्तियों को महज खत्ती में दबा कर कंपोस्ट खाद में बदल लें तों लगभग 100 टन रासायनिक खाद का इस्तेमाल कम किया जा सकता है। इस बात का इंतजार करना बेमानी है कि पत्ती जलाने वालों को कानून पकड़े व सजा दे। इससे बेहतर होगा कि समाज तक यह संदेश भली भांति पहुंचाया जाए कि सूखी पत्तियां पर्यावरण-मित्र हैं और उनके महत्व को समझना, संरक्षित करना सामाजिक जिम्मेदारी है।

सोशल फोरम

आराध्य की सेवा के गुण

हफीज किदवई
लेखक

पढ़ते थे, मज़ा आता था कि राम जी को तो बांध बनाना पड़ता, जबकि भक्त हनुमान एक छलांग में ही समन्दर पार कर जाते। मेरा दिल कहता था कि भक्त हनुमान का दिल कितना चंचल और कोमल है। सियाराम के लिए उनमें कितना समर्पण है। इतना समर्पण देख अक्सर आंख भर आती कि क्या कोई अपने नरम दिल के साथ भी चट्टान की तरह अपनों की हिफाज़त कर सकता है। हनुमान जी के लिए मेरा दिल हमेशा नरम रहा, इधर कुछ सालों से गाड़ियों के पीछे त्यौरियां चढ़ी हनुमान जी की तस्वीर देखता रहता हूं, तो दिल एक झटके में कह उठता, यह सियाराम वाले हनुमान नही हैं, यह मेरे दिल में बसने वाले हनुमान से मेल नही खाते।

अभी कुछ वक्त पहले वैसी ही तस्वीर फिर नज़रों से गुज़री मगर यहां माथे पर त्यौरियां नही हैं, आंखे सादगी से खुली हुई है। तस्वीर में उत्तेजना या क्रोध नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक विनम्रता है। एक दम से दिल बोला, यही तो वह मेरे हनुमान हैं, जो कहीं गुम हो गए थे। यही तो वह हैं जो सिया के भक्त हनुमान हैं, जिनके रहते राम के प्राण हरने की तीनों लोकों में किसी की हिम्मत नहीं हो सकी। यही तो मेरे भोले भाले हनुमान हैं जिन्हें राम नागलोक में अपनी अंगूठी ढूंढने भेजते हैं ताकि वह जाएं और खुद राम सरयू में घुलमिल जाएं। भला हनुमान जी के रहते कोई राम जी को ले जा सकता था ।

हनुमान जयंती पर यह समझने की कोशिश कीजिए कि उनमें सिर्फ़ क्रोध नही था, बल्कि उनमें जीवन का एक खूबसूरत दर्शन गूंथा हुआ है। दिल में मोहब्बत और रहम, रूह में ख़िदमत, जिस्म में अथाह ताकत यही तो हैं हनुमान। एक ऐसा किरदार जो सिर्फ और सिर्फ ख़िदमत से इतना ऊंचा मकाम पाए। केवल अपने आराध्य की सेवा के गुण से घर घर जगह बना गए । अगर आपके दिल में हल्की भी मोहब्बत है तो वह हनुमान ही हैं। किसी आंसू के लिए तड़पन है तो वह हनुमान हैं। किसी बीमार के लिए आपके कदम उठे तो उन कदमों में हनुमान हैं।

-फेसबुक वॉल से

नक्सलियों के विरुद्ध केंद्र का प्रहार

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है।

कांकेर (छत्तीसगढ़) में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सली मार गिराए। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे, उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुए। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंक झेलता आया है। अब समय की मांग इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने का कतई औचित्य नहीं है? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए।

केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाई हुई है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिल रहे हैं। नक्सल आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुईं थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षा बलों के जवानों की जाने गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई।

सन्-2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए, यहां तक की भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षा बलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन तीन गृहमंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनीत कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया।

केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। जिनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किमी सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है। इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने अगस्त 2014 में इन क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना को भी मंजूरी दी। अब तक 4885 मोबाइल टावर लगाए गए हैं। दूसरे चरण में 2,542 मोबाइल टावर और लगाए जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे को 2017 में 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिए हैं और अब इसमें बढ़ोतरी करके 40 लाख कर दिए हैं। लेकिन नक्सली फिर भी नहीं मान रहे। तभी हार कर अब उनके खिलाफ 'पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन' शुरू हुआ है। ताकी इनपर अंतिम प्रहार किया जाए। कांकेर मुठभेड़ उसी का हिस्सा है।

शब्द की अपार शक्ति

ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

शब्द में अपार शक्ति होती है। शब्द अक्षर से बनता है और अक्षर का अर्थ होता है, 'जिसका क्षय या क्षरण न हो'। मुंह से निकली बात सबसे दूर,यानि क्षितिज तक जाती है। इसका कभी अंत नहीं होता। इसीलिए 'बातहिं हाथी पाइए, बातहिं हाथी पांव', कहा जाता है। एक राजा का बूढ़ा मरणासन्न हाथी था। उसने राज्य में मुनादी कराई, कि उसका हाथी जिसके भी खेत में सुबह को हुआ करे या पाया जाए वह तत्काल राजा को सूचना दे, अन्यथा उसे मृत्यु-दंड दिया जाएगा। पर, खबरदार! कोई भी उसे हाथी की मौत की खबर न दे। हाथी के मरने की सूचना देने वाले को भी मौत की सजा दी जाएगी। बूढ़ा हाथी,ऊपर से उसकी मरणासन्न स्थिति, सो उसको तो निकट भविष्य में मरना ही था। अस्तु, किसी सुबह को एक ईख के खेत में वह मृत पाया गया। खेत वाले ने सुबह को जब अपने खेत में राजा का हाथी मरा पाया,तो उसके प्राण ही सूख गये,काटो तो खून नहीं। उसके पुत्र ने उसकी परेशानी का कारण पूछा, तो किसान ने सारा माजरा बताया। पुत्र अति प्रतिभावान था। उसने पिता को घर पर ही रोक दिया और स्वयं राजा के पास जाकर राजा से कहा, "महाराजाधिराज! की जय हो! आपके चरणों में प्रणामोपरान्त निवेदन है, कि शाही हाथी मेरे खेत में है। पर, वह न हिल-डुल रहा है,न चल-फिर रहा है, न खा-पी रहा है,और न सांस ही ले रहा है।" राजा उसका आशय समझ गया। राजा ने लड़के के वाकचातुर्य पर रीझ कर उसे अपना मंत्री बना लिया। बात की भांति का एक उदाहरण देखिए- 'पानी का कम प्रयोग कीजिए' और 'कम पानी का प्रयोग कीजिए' दोनों वाक्यों में जमीन-आसमान जैसा अंतर है। बात कहने के तनिक से अंतर या लापरवाही से दोनों बातों के बीच अंतर उपस्थित हो जाता है। देखें- बहुधा स्कूल वाहनों के पीछे लिखा होता है, 'सावधान! बच्चे उतर रहे हैं'। इसे पढ़ कर पीछे वाले वाहन का चालक अपने वाहन को सावधानीपूर्वक नियंत्रण योग्य गति में चलाता है। जबकि इसी वाक्य को, यद्यपि उसी भावना के साथ,नाम मात्रेण इतनी लापरवाही के साथ,कि संबोधनसूचक चिन्ह,(!) को लुप्त करके,यूं लिख दिया जाए (जो वाहनों पर अक्सर लिखा होता है), 'सावधान बच्चे उतर रहे हैं', तो इसका अर्थ ही उलट जाता है। यानि अर्थ का यह अनर्थ हो जाता है, कि पीछे वाले वाहन के चालक को अब वाहन की गति और ड्राइविंग को लेकर अधिक सजगता बरतने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आगे वाले वाहन से उतरने वाले बालक स्वयं सावधान और होशियार हैं।

उपर्युक्त उदाहरणों से हम सहज ही इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं,कि हर शब्द का एक स्थानीय मान होता है। जैसे 333 (तीन सौ तैंतीस) में 3 का अंक ही 3 बार आया है, पर इकाई पर रखे अंक 3 (तीन) की कीमत जहां मात्र 3(तीन) है,वहीं सैकड़ा के स्थान पर स्थित 3 का मूल्य 300 (तीन सौ) है।

हाथरस सुरक्षित सीट है, लेकिन भाजपा के इस गढ़ में सपा और बसपा कभी चुनाव नहीं जीत पाई हैं। दोनों दल पहली जीत के लिए तरस रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि सपा जो यहां पिछले कुछ चुनावों से भाजपा का मुकाबला कर रही है, क्या इस बार नए, अनजान और बाहरी प्रत्याशी की बदौलत भाजपा को पूरे दमखम से चुनौती दे पाएगी। यह सवाल इसलिए है कि क्योंकि इस बार उसके वरिष्ठ नेता रामजी लाल सुमन मैदान में नहीं हैं। भाजपा ने दो बार से जीत रहे अपने मौजूदा सांसद का टिकट काटकर राजस्व राज्यमंत्री को मैदान में उतारा है। बसपा ने भी इस सीट पर नया प्रत्याशी दिया है। ऐसे में मुकाबला रोचक भी हो सकता है।

हाथरस के भगवा गढ़ में सपा-बसपा बेबस!

मनोज त्रिपाठी

हाथरस में 1962 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए थे, जिसमें कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1967 और 1971 के चुनाव में भी कांग्रेस जीतती रही। लेकिन जनता पार्टी की लहर में 1977 में भारतीय लोक दल के प्रत्याशी ने जीत हासिल की। 1980 में भी जनता पार्टी ने इस सीट पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन 1984 में कांग्रेस ने फिर वापसी की। 1989 में जनता दल क जीत मिली। 1991 के बाद से ही ये सीट भारतीय जनता पार्टी का गढ़ बन गई। 1991, 1996, 1998, 1999 और 200 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने लगातार अपनी जीत का परचम फहराया। 1996 से 2004 तक भाजपा के के कृष्ण लाल दिलेर यहां के सांसद रहे। 2009 में इस सीट से राष्ट्रीय लोकदल का उम्मीदवार जीता। हालांकि तब रालोद-भाजपा का गठबंधन था।

2009 में रालोद की उम्मीदवार सारिका सिंह ने 2,47,927 वोट पाकर जीत हासिल की थी। दूसरे स्थान पर बसपा के राजेंद्र कुमार रहे थे, जिन्हें 2,11,075 वोट मिले थे। सारिका सिंह ने 36 हजार से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। लेकिन इसके बाद पिछले दो चुनावों से यहां पर भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व है। पूर्व सांसद कृष्ण लाल दिलेर के बेटे राजवीर सिंह दिलेर ने भाजपा के टिकट पर 2014 और 2019 में यहां कमल खिलाया। दोनों चुनाव में राजवीर सिंह दिलेर का समाजवादी पार्टी के रामजी लाल सुमन से मुकाबला हुआ और भाजपा ने यह सीट जीत ली। हाल ही में समाजवादी पार्टी ने रामजीलाल सुमन को राज्यसभा में भेज दिया है।



- सपा और बसपा दोनों आज तक इस सुरक्षित सीट पर कभी चुनाव नहीं जीत सकीं और पहली जीत दर्ज करने के लिए तरस रही हैं
- भाजपा से मौजूदा सांसद की जगह अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से विधायक और राजस्व राज्यमंत्री अनूप वाल्मीकि मैदान में

हींग, मुरब्बा और हैंडलूम उद्योग है शहर की पहचान

- हाथरस का नाम आते ही हींग की सुगंध के साथ याद आते हैं हास्य-व्यंग के कवि काका हाथरसी। चुनावों को लेकर काका हाथरसी की एक कविता हाथरस की हालत पर बिल्कुल सही नजर आती है। काका ने कहा था, ।। अगर चुनावी वादे पूरे करे सरकार, इंतजार के सब मजे हो जाएं बेकार ।। हाथरस को उद्योग नगरी के साथ हींग की नगरी भी कहा जाता है। हींग के अलावा यहां रंग, अचार, मुरब्बा, हैंडलूम का घर-घर काम होता है। शुद्ध देशी घी और मिठाइयां भी इस शहर की पहचान हैं। हींग को इस जिले में उत्तर प्रदेश सरकार की एक जिला उत्पाद योजना में भी शामिल किया गया है। हाथरस लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। हाथरस जिले का गठन 3 मई 1997 को अलीगढ़, मथुरा और आगरा जिले के कुछ हिस्सों को मिलाकर किया गया था। मायावती सरकार में इस जिले का नाम गौतम बुद्ध की माता के नाम पर महामाया नगर रखा गया था। लेकिन साल 2012 में सपा की सरकार आने पर जिले का नाम फिर से हाथरस कर दिया गया था।

समस्याएं और मुद्दे

- जिले में हींग की 60 से अधिक फैक्ट्रियां हैं, लेकिन हींग की टेस्टिंग लैब नहीं है। टेस्टिंग के लिए व्यापारियों को सैंपल आगरा और दिल्ली भेजना पड़ता है।
- ट्रांसपोर्ट नगर बनाने के मुद्दे का समाधान नहीं होने से ट्रांसपोर्टर अपने लोडर, मेटाडोर, ट्रक आदि सड़क किनारे खड़े करने को मजबूर हैं।
- यातायात जाम की समस्या से मुख्य बाजार में रोज लोगों को जूझना पड़ता है। पार्किंग नहीं होने और अतिक्रमण के कारण जाम लगता है।
- तमाम मोहल्लों में पानी, गंदगी और जलभराव से लोग परेशान हैं, दो माह पहले महिलाओं ने पानी की टंकी पर चढ़कर प्रदर्शन किया था।

जातीय गणित (अनुमानित)

जाटव	2.75 लाख
जाट	2.0 लाख
क्षत्रिय	2.0 लाख
धनगर	01 लाख,
मुस्लिम	1.5 लाख
ब्राह्मण	1.60 लाख
यादव	01 लाख
कोरी, धोबी, वाल्मीकि, कुशवाहा, अहेरिया	3.0 लाख

इस बार भाजपा, सपा और बसपा तीनों के नए प्रत्याशी

- हाथरस सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र वास्तव में मुस्लिम-जाट वोटर बाहुल्य क्षेत्र है। इस बार के चुनाव में यहां नए प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। समाजवादी पार्टी से जसवीर वाल्मीकि चुनाव लड़ रहे हैं। वह सहारनपुर के रहने वाले हैं। जसवीर वाल्मीकि को सपा ने 2017 के विधान सभा चुनाव में सहारनपुर की सुरक्षित सीट रामपुर मनिहारान से प्रत्याशी बनाया था। लेकिन कांग्रेस के साथ गठबंधन में यह कांग्रेस के खाते में जाने से वह चुनाव नहीं लड़ पाए थे। मूलरुप से मुजफ्फरनगर के कस्बा पुरकाजी के रहने वाले जसवीर वाल्मीकि काफी समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं। भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के स्थान पर अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट से विधायक और प्रदेश के राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि को प्रत्याशी बनाया है। बसपा से हेमबाबू धनगर चुनाव मैदान में हैं। वह पेशे से साफ्टवेयर इंजीनियर हैं। तीनों दलों के उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और देर रात तक प्रचार कर रहे हैं।

जाटव-जाट और क्षत्रिय-ब्राह्मण हार-जीत का समीकरण तय करने में रहते आगे

- हाथरस लोकसभा सीट के मतदादाताओं की संख्या 18 लाख 64 हजार 320 है। इनमें 8,54,512 पुरुष मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 10,09,746 तथा थर्ड जेंडर के मतदाता 62 हैं। जातीय समीकरण के लिहाज से यहां जाटव समाज के मतदाता सबसे ज्यादा हैं। जाटव मतदाता दो लाख 75 हजार, धनगर बिरादरी के मतदाता करीब एक लाख, 85 हजार कोरी, 80 हजार धोबी, 40 हजार वाल्मीकि, एक लाख के आसपास यादव, 60 हजार कुशवाहा और 30 हजार अहेरिया बिरादरी के मतदाता होने का अनुमान लगाया जाता है। लेकिन डेढ़ लाख मुस्लिम और दो लाख के करीब जाट मतदाता हर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हालांकि लोकसभा क्षेत्र में दो लाख क्षत्रिय और एक लाख 60 हजार ब्राह्मण तथा सवा लाख वैश्य बिरादरी के मतदाता भी हैं। इन्हें भाजपा का परंपरागता वोटर माना जाता है।

विधानसभा की चार सीटों पर भाजपा काबिज, एक सीट रालोद के पास

हाथरस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 5 विधानसभा सीटें छर्रा, इगलास, हाथरस, सादाबाद और सिकंदराराऊ आती हैं। इनमें से चार विधानसभा सीटों पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है, जबकि सादाबाद सीट रालोद के पास है।

2019 का परिणाम

दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
भाजपा	राजवीर दिलेर	6,84,299
सपा	रामजी लाल सुमन	4,24,091
कांग्रेस	त्रिलोकी राम	23,926

2014 का जनादेश

दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
भाजपा	राजवीर दिलेर	5,44,252
सपा	रामंजीलाल सुमन	1,80,889
बसपा	मनोज सोनी	2,17,887
रालोद	निरंजन धनगर	86,108

बसपा के कदम पर सपा और भाजपा की निगाह

नईमुर्रहमान, महोबा

हमीरपुर- महोबा सीट

- भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल हैट्रिक लगाने के लिए कर रहे हैं कड़ी मेहनत
- सपा से अजेंद्र सिंह राजपूत मैदान में हैं, बसपा ने चेहरा अभी घोषित नहीं किया

अमृत विचार। हमीरपुर-महोबा संसदीय सीट पर सपा और भाजपा ने उम्मीदवार तो उतार दिए पर बसपा ने अपने पत्ते अभी नहीं खोले हैं। जीत की हैट्रिक लगाने को आतुर भाजपा के सांसद एवं उम्मीदवार पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को जहां बसपा के चेहरे का बेसब्री से इंतजार है तो सपा की निगाह भी बसपा के कदम पर टिकी हुई है। देखना यह है कि बसपा इस सीट से किसे अपना महावत चुनती है।

भाजपा ने मोदी लहर में 2014 व 2019 में बुंदेलखंड की सभी सीटों पर जीत दर्ज किया था। इस बार भी पार्टी की कोशिश है कि पिछले इतिहास को दोहराया जाए। इसीलिए पार्टी लगातार बूथ स्तर पर काम कर रही है। अगर बात करें हमीरपुर- महोबा की तो इस संसदीय सीट पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। इससे भी पार्टी का पलड़ा इस चुनाव में भारी नजर आ रहा है लेकिन सपा ने इस चुनाव में बड़ा दांव चला है। पार्टी ने लोध जाति के अजेंद्र सिंह राजपूत को मैदान में उतार कर भाजपा की टेंशन बढ़ा दी है। यहां की चरखारी और राठ विधानसभा क्षेत्र में लोधों का वर्चस्व है। हालांकि राजपूत मतदाताओं की संख्या भी कम नहीं है। पहले यहां लोध जाति के ही ज्यादातर सांसद हुआ करते थे लेकिन तिंदवारी के जुड़ जाने के बाद स्थिति बदल गई। बसपा किसी ब्राह्मण चेहरे पर यहां दांव लगा सकती है। हालांकि वह कौन होगा अभी तय नहीं है।

सिर्फ एक बार लगी हैट्रिक

- 1952 से 1962 तक हुए तीन चुनावों कांग्रेस के मनुलाल द्विवेदी ही लगातार तीन बार जीते, जबकि कांग्रेस 1952 से 1971 तक लगातार पांच बार जीती थी। मनुलाल के बाद किसी भी उम्मीदवार ने यहां से जीत की हैट्रिक नहीं लगाई। भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को यह मौका मिल सकता है। सपा और बसपा ने जब 2019 में गठबंधन किया तो यह लगा था कि भाजपा इस सीट को गंवा देगी, लेकिन तमाम कोशिश के बाद भी बसपा के दिलीप कुमार सिंह यहां से जीत नहीं पाए थे। इस बार कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। जल्द ही यहां राहुल गांधी का रोड शो, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव की जनसभा भी होनी है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां के मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मोड़ने के लिए जनसभा करेंगे।

2007 में विधानसभा चुनाव हार गए थे चंदेल

- 2007 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरे पुष्पेंद्र सिंह चंदेल बसपा प्रत्याशी राकेश गोस्वामी से हार गए थे। 2012 के विधानसभा चुनाव में पुष्पेंद्र सिंह को पार्टी ने टिकट नहीं दिया था। तब आशंका जताई गई थी कि वह भाजपा छोड़ देंगे पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। परिणाम स्वरूप 2014 में उन्हें लोकसभा का टिकट टिकट मिला और वे जीते भी।

परिवारवाद : अगली पीढ़ी ने संभाली सियासत की कमान

- लोकसभा चुनाव में सपा अध्यक्ष अखिलेश की पत्नी से लेकर चचेरे भाई और भतीजे तक मैदान में

लखनऊ। भाजपा के 400 पार चुनावी अभियान की अगुवाई कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवारवाद पर प्रहार करके कांग्रेस, सपा, राजद, शिवसेना, एनसीपी, द्रुमुक और टीएमसी जैसे दलों को कठघरे में खड़ा किया था। विपक्ष के जवाब देने पर भाजपा ने 'मोदी का परिवार' से पलटवार करके इस मुद्दे पर बढ़त बना ली थी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी इस बार के लोकसभा चुनाव में परिवारवाद का सबसे बड़ा उदाहरण बन गई है। इटावा के सैफई गांव से निकलकर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे मुलायम सिंह यादव के परिवार की अगली पीढ़ी राजनीति की कमान संभाल चुकी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्व. मुलायम सिंह यादव के पुत्र अखिलेश यादव ने जहां समाजवादी पार्टी की कमान संभाल रखी है और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं, वहीं लोकसभा चुनाव में उनकी पत्नी से लेकर चचेरे भाई और भतीजे तक मैदान में हैं। अखिलेश यादव ने इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। लेकिन उनके परिवार के दो सदस्य राजनीतिक पारी शुरू कर रहे हैं। अखिलेशके चाचा शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव का राजनीतिक करियर बदायूं सीट से शुरू हो रहा है। पहले बदायूं लोकसभा क्षेत्र से धर्मेंद्र, फिर शिवपाल यादव और अंत में उनका नाम फाइनल हुआ था। शिवपाल जसवंतनगर सीट से विधायक हैं। उन्होंने बदायूं में खुद चुनाव नहीं लड़कर अपने पुत्र आदित्य को आगे बढ़ाया है। यहां आदित्य का मुकाबला बाजरा के दुर्विजय सिंह शाक्य से हो रहा है।

अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। मुलायम के निधन के बाद उपचुनाव में मैनपुरी सीट डिंपल यादव ने जीती थी। यहां उनका मुकाबला भाजपा के ठाकुर जयवीर सिंह से है। डिंपल यादव के सामने 28 साल से सपा का गढ़ बनी मैनपुरी सीट बचाने की चुनौती है।

मुलायम सिंह यादव के भतीजे धर्मेंद्र यादव एक बार फिर से आजमगढ़ लोकसभा सीट पर दांव आजमा रहे हैं। 2019 में यहां से अखिलेश यादव जीते थे। बाद में विधानसभा चुनाव जीतकर उन्होंने सीट छोड़ी तो उपचुनाव हुआ, जिसमें भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ सांसद बन गए। धर्मेंद्र यादव को हार मिली थी। वह उस हार का बदला लेने को आतुर हैं।

अखिलेश ने अपने चाचा प्रो. रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को फिरोजाबाद सीट से इतारा है। अक्षय के खिलाफ भाजपा से ठाकुर विश्वदीप सिंह मैदान में हैं।

कन्नौज सीट से अखिलेश ने भतीजे और लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव को मौका दिया है। तेज प्रताप का मुकाबला भाजपा सांसद सुब्रत पाठक से है।

उपलब्धि गिनाई मेरठ में भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोड शो किया। उन्हें देख कार्यकर्ता अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाते रहे।

सपा को आरक्षण का विरोधी बताकर साधा दलित वोट बैंक

चुनाव डेस्क

मेरठ में आयोजित कार्यक्रम में बसपा प्रमुख मायावती को मुकुट भेंट करते नेता।

मेरठ। बसपा अध्यक्ष और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने यहां आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि सपा नहीं चाहती है कि एससी- एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। मेरठ से पार्टी प्रत्याशी देवव्रत त्यागी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने दावा किया कि उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आयी तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाया जाएगा। उन्होंने भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकारी नौकरियों में एससी-एसटी का आरक्षण वर्षों से पूरा नहीं हुआ। प्रदेश में जब सपा सरकार थी तब एससी-एसटी वर्ग के सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण बिल्कुल खत्म कर दिया था। बसपा प्रमुख ने मतदाताओं को सचेत करते हुए कहा कि क्या एससी-एसटी वर्ग के कर्मचारी ऐसी पार्टी को वोट देकर अपना वोट खराब करेंगे, जो आपके आरक्षण को खत्म करने में लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए राज्यसभा में बसपा संशोधन विधेयक लेकर आई तो सपा सांसदों ने इस बिल को फाड़ दिया था।

सियासत | मोदी लहर में भाजपा ने इस सीट पर किया था कब्जा, इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में पार्टी

मछली शहर में भाजपा की मजबूत किलेबंदी तोड़ने की चुनौती

विनय जायसवाल, मऊ

बीपी सरोज।

कृपाशंकर सरोज।

प्रिया सरोज।

मछली शहर संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाने को मजबूत किलेबंदी की है। वर्तमान सांसद बीपी सरोज पर पार्टी ने फिर विश्वास जताया है। लगातार दो चुनावों से दूसरे नंबर पर रह रही बसपा इस बार हर हाल में जीत दर्ज करने की कोशिश कर रही है तो सपा- कांग्रेस गठबंधन ने भी चक्रव्यूह रच दिया है। पिछले चुनाव में मात्र 181 वोटों से बसपा यह सीट हार गई थी।

इस बार इस सीट पर मुकाबला काफी रोचक होने की उम्मीद है। सपा ने इस सीट पर कब्जा करने के लिए पूर्व सांसद एवं केराकत से विधायक तूफानी सरोज की बेटी प्रिया सरोज को चुनाव है तो बसपा ने पंजाब कैडर से रिटायर्ड आईएएस अफसर कृपा शंकर सरोज को। बेटी की जीत के लिए तूफानी सरोज लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। लोगों को यह बताने में जुटे हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आएगी तो संविधान बदल देगी और आरक्षण खत्म कर देगी। वे लगातार बसपा को भाजपा की बी टीम साबित करने में जुटे हुए हैं। बसपा उम्मीदवार भी सपा उम्मीदवार को कमजोर बता रहे हैं। यह मतदाताओं को समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि बसपा की जीत रोकने के लिए ही सपा ने यहां से कमजोर प्रत्याशी दिया है। सपा को जहां पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं पर भरोसा है तो बसपा के कृपा शंकर यह मानकर चल रहे हैं कि उनकी पार्टी की सर्वजन सुखाय की जो नीति है उसका लाभ उन्हें मिलेगा। परंपरागत वोटों के साथ ही अन्य जातियों के मतदाता भी उनका समर्थन करेंगे।

दलित और ओवीसी मतदाता निर्णायकः इस संसदीय सीट पर दलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाता ही निर्णायक भूमिका में होते हैं। पिछड़ी जातियों में सर्वाधिक संख्या यादवों की है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सुभासपा ने भाजपा के साथ गठबंधन नहीं किया था। तब इसका नुकसान भाजपा को हुआ था। पार्टी यह सीट भले ही जीत गई थी लेकिन जीत का अंतर मामूली था। सुभासपा प्रत्याशी ने इस सीट पर 11 हजार से अधिक वोट पाकर सपा- बसपा गठबंधन का खेल बिगाड़ा था। अबकी सुभासपा ने भाजपा का साथ मजबूती के साथ पकड़ा है।

181 वोटों से भाजपा को मिली थी जीत

- 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी मुश्किल से जीत मिली थी। पार्टी उम्मीदवार बीपी सरोज बसपा उम्मीदवार से मात्र 181 वोटों से ही जीत पाए थे। तब बसपा- सपा का गठबंधन था। इस बार सपा और कांग्रेस का गठबंधन है। केराकत और मछलीशहर विधानसभा सीट पर सपा के विधायक हैं तो सुभासपा, मड़ियाहू में अपना दल और पिंडरा से भाजपा का विधायक है। 2019 में पिंडरा में मिली बढ़त की वजह से ही भाजपा को 181 मतों से जीत मिली थी। भाजपा न सिर्फ जीत के अंतर को बड़ा करना चाहती है बल्कि यह भी बताना चाहती है कि कि उसके विरुद्ध होने वाला कोई भी गठजोड़ कामयाब नहीं होगा।

विशेष राज्य का दर्जा और वाईएसआरसीपी के मुख्यमंत्री का कामकाज बना आंध्र प्रदेश में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा

त्रिकोणीय रण में फंसे जगन मोहन

चुनाव डेस्क

दो जून 2014 को आंध्र प्रदेश का बंटवारा करके इसके कुछ हिस्से को निकालकर तेलंगाना नया राज्य बनाया गया था। अब अमरावती आंध्र प्रदेश की राजधानी और विशाखापत्तनम सबसे बड़ा शहर है। विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 सीटें हैं। विधानसभा सीटों की संख्या 175 है। यहां से राज्यसभा के लिए 11 सांसद चुने जाते हैं। 2019 की तरह ही आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ कराए जा रहे हैं। राज्य में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। साल 2019 के विधान सभा चुनाव में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के आगे सारे विरोधी ढेर हो गए थे। विधानसभा की 151 सीटों पर वाइएसआर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया था, तो लोकसभा चुनाव में भी पार्टी शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 सीटें जीतने में सफल रही थी। पिछली बार की तरह इस बार भी राज्य में वाइएसआर कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ रही है, जबकि उसका मुकाबला करने के लिए एनडीए के बैनर तले भाजपा के साथ तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी है।

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय दलों का खाता तक नहीं खुला था, वहीं राज्य में मुख्य विपक्षी दल एन चंद्रबाबू नायडू की अगुवाई वाली तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) को भी बड़ा झटका लगा। पार्टी महज तीन सीटों पर सिमट गई। टीडीपी को 2014 के चुनाव में राज्य में 15 सीटों पर जीत मिली थी। लेकिन वाइएसआर कांग्रेस की लहर के आगे एक दर्जन सीटें उसके हाथ से जाती रहीं। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने भी किस्मत आजमाई थी लेकिन उसे कोई जीत नसीब नहीं हुई। फिल्म एक्टर पवन कल्याण की पार्टी जन सेना ने 18 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट उसके खाते में नहीं आई।

- आंध्र प्रदेश में 13 मई को होगा लोकसभा और विधान सभा के लिए एक साथ मतदान
- इस बार टीडीपी-भाजपा-जनसेना ने गठबंधन करके बढ़ाई चुनौती, तो इंडी गठबंधन में कांग्रेस भी अगुवा
- 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा का नहीं खुला था खाता, टीडीपी को लगा था बड़ा झटका

आंध्र प्रदेश लोकसभा

- वाईएसआरसीपी 49.1%
- टीडीपी 39.6%
- भाजपा 1.0 %
- कांग्रेस 1.3 %
- अन्य 9.0 %

2019 दलीय परिणाम

पार्टी	सीट	वोट
वाईएसआरसीपी	22	1,55,37,006
टीडीपी	03	1,25,15,345
भाजपा	00	3,03,985
कांग्रेस	00	4,06,977
अन्य	00	2,84,9221

1998
तेलगू देशम के लक्ष्मी पार्वती गुट से हाथ मिलाकर संयुक्त आंध्र प्रदेश में भाजपा ने चार सीटों के साथ 18 प्रतिशत वोट लेकर देश भर में सबको चौंका दिया था।

2014
में भारतीय जनता पार्टी ने तेलगू देशम पार्टी के साथमिलकर चुनाव लड़ा और दो सांसदों के साथ नौ विधायकों को जीत दिलाकर आधार बनाया



जगन की बहन का साथ पाकर कांग्रेस राज्य की सत्ता पाने को आतुर

युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) जहां अकेले चुनाव लड़ रही है। वहीं इंडिया गठबंधन भी लोकसभा और विधान सभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारा करके मैदान में उतरा है। कांग्रेस के साथ हुए समझौते के मुताबिक सीपीएम एक लोकसभा और आठ विधानसभा सीटों के लिए चुनाव लड़ेगी, जबकि सीपीआई 14 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अराकू (आरक्षित) सीट से सीपीएम ने चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। कांग्रेस राज्य में सवा सौ से अधिक विधान सभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी खड़े कर चुकी है और एक दर्जन से ज्यादा लोकसभा सीटों पर उसके प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं। आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों कर्नाटक और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में मिली सफलता से यहां भी कांग्रेस का कैडर उत्साहित है। मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला इसी साल की शुरूआत में कांग्रेस में शामिल हो गई थीं। शर्मिला ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था। अब वह आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में चुनावी अभियान को गति देने में जुटी हैं। शर्मिला अपने अभियान में भाजपा के विश्वासघात और विशेष राज्य के दर्जे को नकारने का मुद्दा उठा रही हैं।


चंद्रबाबू नायडू।

शर्मिला रेड्डी।

आंध्र प्रदेश- 2014 लोकसभा का दलीय जनादेश

पार्टी	सीट	वोट	वोट %
टीडीपी	15	1,17,29,219	40 .5
वाईएसआरसीपी	08	1,31,31,029	45 .4
भाजपा	02	20,77,079	7 .2
अन्य	00	11,75,052	4 .1
कांग्रेस	00	8,22,614	2 .8

आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव -2019 परिणाम

पार्टी	सीट	वोट	वोट %
वाईएसआरसीपी	152	15688569	49 .95
टीडीपी	22	12304668	39 .17
अन्य	01	3340394	10 .88

टीडीपी व जन सेना के साथ समझौते के बाद भाजपा 6 लोस व 10 विस सीटों पर मैदान में

- इस बार जगन मोहन रेड्डी को टक्कर देने के लिए यहां छह साल बाद एक बार फिर भाजपा ने टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू के साथ हाथ मिलाया है। आंध्र प्रदेश के लिए भाजपा द्वारा विशेष श्रेणी का दर्जा मंजूर नहीं किए जाने पर नायडू वर्ष 2018 में एनडीए से बाहर चले गए थे और दोनों पार्टियों ने फिर कभी गठबंधन नहीं करने की कसम खाई थी। लेकिन सियासत में दोस्ती और दुश्मनी बदलती रहती है। गठबंधन के नए राजनीतिक समीकरणों के बाद अब भाजपा राज्य में 6 लोकसभा और 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। तेलगुदेशम पार्टी (टीडीपी) 17 लोकसभा और 144 विधानसभा सीटों तथा पवन कल्याण की जनसेना 2 लोकसभा और 21 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

- **टीडीपी-जनसेना-भाजपा गठबंधन को चिरंजीवी का समर्थन दे सकता ताकत:** 2019 के विधानसभा चुनाव में टीडीपी को राज्य में करारी हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी केवल 23 विधानसभा सीटें जीतने में सफल हो सकी थी। वाईएसआरसीपी ने 151 विधानसभा सीटें जीत ली थीं। जन सेना को एक विधानसभा क्षेत्र में सफलता मिली थी। इस बार विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए मेगास्टार चिरंजीवी ने टीडीपी-जनसेना-भाजपा गठबंधन को अपना समर्थन दिया है। यूपीए-2 में मंत्री रहे चिरंजीवी आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद राजनीति में निष्क्रिय हो गए थे। उनके भाई और लोकप्रिय स्टार पवन कल्याण और उनकी पार्टी जनसेना एनडीए गठबंधन का पहले ही हिस्सा है। चिरंजीवी कापू जाति से आते हैं जो आंध्र में पिछड़ी जाति है। इस जाति का करीब 15% वोट माना जाता है। अगर यह वोट एनडीए गठबंधन को मिलता है तो न सिर्फ विधानसभा चुनाव बल्कि लोकसभा चुनाव में भी कई सीटों पर उलटफेर हो सकता है।
- **तेलंगाना के केसीआर जैसा हाल होने की जताई जा रही आशंका** : चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वाईएसआरसीपी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस बार के चुनावों में राजनीतिक समीकरणों, कामकाज और जनता की आकंक्षाओं के आधार पर मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के लिए अंधकारमय भविष्य की भविष्यवाणी की है। कुछ राजनीतिक जानकार भी आंध्र प्रदेश के चुनावों में जगन मोहन रेड्डी का इस बार तेलंगाना के केसीआर जैसा हाल होने की संभावना जता रहे हैं।

टीडीपी के साथ छोड़ने से 2019 में धड़ाम हो गया था भाजपा का वोट प्रतिशत

- एनडीए के सीट बंटवारे से साफ है कि भाजपा ने आंध्र प्रदेश में अपनी निरंतर अप्रासंगिकता को समाप्त करने के लिए टीडीपी और जनसेनी की लोकप्रियता पर निर्भर होने का फैसला किया है। टीडीपी के एनडीए से बाहर निकलने से 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर धड़ाम हो गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को करीब 7 .20 प्रतिशत मत मिले थे। लेकिन 2019 के चुनाव में भाजपा का वोट बमुश्किल 1.0 प्रतिशत का आंकड़ा छूने में सफल हो पाया था।

भाजपा से टिकट कटने पर बिफरे लद्दाख के सांसद

चुनाव डेस्क

- मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग का टिकट काटकर ताशी ग्यालसन को दिया

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने लद्दाख के मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटकर मंगलवार को इस केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट से ताशी ग्यालसन को प्रत्याशी बनाने की घोषणा की। नामग्याल ने इस घटनाक्रम पर बगावती सुर में प्रतिक्रिया दी और कहा कि जल्द ही वह अपने अगले कदम की घोषणा करेंगे। ग्यालसन मौजूदा समय में लेह स्थित लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के अध्यक्ष-सह-प्रमुख कार्यकारी पार्षद हैं। भाजपा द्वारा लद्दाख लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा किए जाने के बाद नामग्याल ने कहा कि पूरे केंद्र शासित प्रदेश से उनके समर्थक इस फैसले पर असहमति व्यक्त कर रहे हैं। भाजपा द्वारा टिकट काटे जाने के बाद अपने बयान में नामग्याल ने कहा, आज, भाजपा ने लद्दाख लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद को बदलकर नए उम्मीदवार की घोषणा कर दी। इस दौरान कोई पारदर्शी कारण और पुख्ता तर्क नहीं दिया गया। नामग्याल ने कहा कि उन्होंने प्रतिबद्ध कार्यकर्ता के साथ हुए इस अन्याय को लेकर अपनी असहमति उचित माध्यम से पार्टी नेतृत्व को पहुंचा दी है। पूरे लद्दाख से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और मेरे समर्थकों ने इस फैसले को लेकर अपनी असहमति जताई है। नामग्याल ने कहा, ''हम बारीकी से स्थिति का आकलन करेंगे और लद्दाख के लोगों के हित को सबसे आगे रख कर अगले कदम पर फैसला करेंगे। मैं सभी समर्थकों के प्रति उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। नामग्याल 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले का बचाव करने के लिए लोकसभा में दिए भाषण के वायरल होने के बाद सुर्खियों में आए थे। नामग्याल को हटाने का भाजपा का फैसला लेह में बौद्धों के एक वर्ग के बीच सत्तारूढ़ दल के प्रति नाराजगी के बीच आया है। स्थानीय सूत्रों ने कहा कि ग्यालसन पेशे से एक वकील हैं। उन्होंने बताया कि ग्यालसन इस सीट पर भाजपा की पकड़ बनाए रखने के लिए बेहतर स्थिति में हैं, जिसमें मुस्लिम बहुल कारगिल भी शामिल है। लद्दाख सीट पर 20 मई को मतदान होगा।

दूसरे चरण में नितीश के साथ कांग्रेस की परीक्षा

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। मुख्यमंत्री नितीश कुमार की प्रतिष्ठा भी इस चरण में फंसी हुई है। 2019 में किशनगंज सीट पर कांग्रेस जीती थी जबकि बांका, पूर्णिया, भागलपुर व कटिहार सीट पर जदयू काबिज है। जदयू मुखिया एवं मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने भागलपुर से सांसद अजय कुमार मंडल, कटिहार से सांसद दुलाल गोस्वामी, पूर्णिया से सांसद संतोष कुशवाहा और बांका से सांसद गिरिधारी यादव को पुनः मौका दिया है तो किशनगंज से उम्मीदवार बदल दिया है। यहां से मुजाहिद आलम जदयू से चुनाव लड़ रहे हैं।

पप्पू यादव की चुनौती ने पूर्णिया में बिगाड़ा राजद का खेल: अपनी जन अधिकार पार्टी लोकतांत्रिक का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव अब इंडिया गठबंधन की ही मुसीबत बन गए हैं। महागठबंधन में यह सीट राष्ट्रीय जनता दल के कोटे में है लेकिन राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर कर राजद उम्मीदवार के माथे पर भी बल ला दिया है। वह कांग्रेस जिंदाबाद के नारे तो लगा रहे हैं लेकिन सहयोगी पार्टी राजद और उसके मुखिया को कोसने से भी नहीं हिचक रहे हैं। यहां जदयू सांसद संतोष कुशवाहा और राजद प्रत्याशी बीमा भारती के बीच मुख्य मुकाबला है लेकिन पप्पू यादव इसे त्रिकोणीय बना रहे हैं। दो बार मधेपुरा और तीन बार पूर्णिया से सांसद रहे पप्पू यादव राजद के वोटों में सेंधमारी कर रहे हैं।

इसका सीधा लाभ जदयू को मिलता दिख रहा है, जबकि पूर्णिया सीट पर लगातार दो बार के जदयू सांसद संतोष कुशवाहा को हराने के लिए राजद ने उनकी ही पार्टी की विधायक बीमा भारती को मैदान में उतारा है। बीमा जदयू से बगावत कर राजद में शामिल हुईं थीं। उधर, पप्पू यादव को उम्मीद थी कि राजद- कांग्रेस में सीटों के बंटवारे में यह सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। इसी चाहत में उन्हेंने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर दिया था। लेकिन लालू प्रसाद यादव ने यह सीट कांग्रेस को न देकर अपने पास रख ली थी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार।

समाजवादियों का गढ़ बांका का रणक्षेत्र

- बांका सीट समाजवादियों का गढ़ रही है। यहां से जदयू ने अपने सांसद गिरधारी यादव को मौका दिया है जबकि राजद ने पूर्व सांसद जयप्रकाश नारायण यादव को समर में उतारा है। मोदी लहर को धता बताते हुए जयप्रकाश 2014 का चुनाव जीत गए थे लेकिन 2019 में जदयू के गिरधारी यादव ने कड़े मुकाबले में हराया था। गिरधारी चौथी बार सांसद बनने के लिए मैदान में हैं। यहां यादव मतदाताओं की संख्या करीब तीन लाख है तो राजपूत मतदाता भी साढ़े तीन लाख के करीब हैं। कुर्मी और कुशवाहा वोटों पर जदयू की निगाह है। राजपूत मतदाता निर्णायक साबित होते हैं।

कटिहार में हार का बदला लेने के लिए तारिक अनवर ने बिछाया जाल

- कटिहार सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का है। यहां अल्पसंख्यक मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। 2019 की मोदी लहर में यहां से जदयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के तारिक अनवर को हराया था। तारिक अनवर इस सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं। 2014 की मोदी लहर में भी वे इस सीट को जीतने में कामयाब रहे थे। लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें से दो पर भाजपा, दो पर कांग्रेस, एक पर जदयू और एक सीट पर भाकपा माले का कब्जा है। तारिक अनवर लगातार मतदाताओं के बीच यह बताने में जुटे हैं कि क्षेत्र का विकास वे ही कर सकते हैं।

किशनगंज में कांग्रेस को कमजोर करने में लगी एआईएमआईएम की चुनौती

- किशनगंज लोकसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य है। यहां एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का जबरदस्त प्रभाव है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवार को यहां तीन लाख वोट मिले थे। पार्टी ने यहां से फिर उम्मीदवार उतारा है। कांग्रेस ने 2019 में जीते मोहम्मद जावेद पर पुन: दांव लगाया है। 2009 और 2014 में यहां से कांग्रेस के असरारुल हक जीते थे। जदयू ने मुजाहिद आलम को कांग्रेस के मुकाबले उतारा है। यह सीट कांग्रेस का गढ़ है, लेकिन 1999 में यहां से भाजपा के शहनवाज हुसैन भी जीत चुके हैं। माना जा रहा है कि इस बार एआईएमआईएम का उम्मीदवार और अच्छे ढंग से लड़ा तो जदयू की जीत तय है।

अकोला से प्रकाश आंबेडकर को तीसरी जीत की तलाश

मुंबई। महाराष्ट्र की अकोला लोकसभा सीट से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पौत्र और वंचित बहुजन विकास आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर चुनाव लड़ते हैं। यहां से आंबेडकर ने 11 बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और दो बार जीतकर संसद में पहुंचे। 2004 से इस सीट पर भाजपा लगातार जीत हासिल कर रही है। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना है। यहां हिंदीभाषी और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

11
बार लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले आंबेडकर दो बार जीतकर पहुंचे हैं संसद

अकोला सीट को त्रिकोणीय मुकाबले के लिए जाना जाता है। इस चुनाव क्षेत्र में 1984 में कांग्रेस प्रत्याशी तिकोने मुकाबले में ही जीती था। भाजपा ने 1989 में पहली बार विजय प्राप्त की थी। 1991 में भी यहां से भाजपा जीती। 1996 में भाजपा के पांडुरंग फुंडकर इस सीट से तीसरी बार विजयी हुए। तीनों चुनावों में उन्हें कांग्रेस के साथ प्रकाश आम्बेडकर की चुनौती का सामना करना पड़ा। 1998 के चुनाव में भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी प्रकाश आम्बेडकर ने विजय प्राप्त की। 1999 के चुनाव में भी प्रकाश आम्बेडकर दोबारा चुने गए। इसके बाद 2004, 2009 और 2014 तथा 2019 के चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के रूप में संजय धोत्रे ने लगातार विजय प्राप्त की। इन चारों चुनावों में हर बार भाजपा, कांग्रेस और भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हुआ। इस बार अकोला सीट से भाजपा ने संजय धोत्रे के पुत्र अनूप धोत्रे को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव डा.अभय पाटिल तथा वंचित बहुजन अघाड़ी से एड.प्रकाश आम्बेडकर के साथ कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और वंचित बहुजन के बीच माना जा रहा है।

दीदी का हाथ
पश्चिम बंगाल के बीर भूमि निर्वाचन क्षेत्र में तृण मूल कांग्रेस की प्रत्यशी शताब्दी राय को सफल जनसभा के बाद आशीर्वाद प्रदान करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

कांग्रेस इस बार दे रही चुनौती | इस बार भाजपा ने प्रदेश की मंत्री लता वानखेड़े को बनाया उम्मीदवार

सागर में कमल खिलाने को चेहरा बदलती रही भाजपा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। मध्य प्रदेश की सागर संसदीय सीट भाजपा का ऐसा मजबूत किला है, जिसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस पिछले कई चुनावों से कर रही है पर सफल नहीं हो पा रही है। भाजपा इस सीट पर 1996 से लगातार जीत रही है। लगातार चार चुनाव पार्टी नेता वीरेंद्र खटीक यहां से जीते। इसके बाद पार्टी ने 2009 में भूपेंद्र सिंह को मैदान में उतारा। तब भी कांग्रेस ने इस सीट पर कब्जा करने की कोशिश की पर नाकाम रही। भाजपा चुनाव दर चुनाव अपना चेहरा बदलती है और जीत जाती है। इस बार भी पार्टी ने लता वानखेड़े को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने भी इस किले को ढहाने के लिए ललितपुर- झांसी से सांसद रहे सुजान सिंह बुंदेला के बेटे गुड्डू राजा बुंदेला पर दांव लगाया है।

सागर कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। वीरेंद्र खटीक ने 1996 में इस सीट पर जीत दर्ज की और इसके बाद वे लगातार चार बार जीते। 2009 में पार्टी ने उन्हें टीकमगढ़ लोकसभा सीट से मैदान में उतारा। तब से वे इस सीट पर जीत रहे हैं और वर्तमान में केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं। इस सीट पर वैसे तो मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में ही होता है, लेकिन बसपा इसे त्रिकोणीय बनाने की कोशिश लगातार करती है। हालांकि उसे जीत कभी नहीं मिली। इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों ने नए चेहरे पर दांव लगाया है। अब देखना यह है कि बार- बार चेहरा बदलकर मैदान मार रही भाजपा का दांव इस बार सही बैठता है या गुड्डू राजा बुंदेला के सहारे कांग्रेस भाजपा से यह सीट छीन लेती है। बसपा ने भी वरिष्ठ नेता रंजोर सिंह बुंदेला को समर में उतारा है। उनकी कोशिश इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की है।

आठ में से सात विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में विदिशा की तीन और सागर जिले की पांच विधानसभा सीटें आती हैं। सात सीटों पर भाजपा का कब्जा है जबकि एक सीट कांग्रेस के खाते में है। विधानसभा चुनाव के परिणाम को देखें तो भाजपा यहां मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस के लिए उसके पांव को उखाड़ना आसान नहीं होगा। हालांकि पार्टी कार्यकर्ता और उम्मीदवार लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और आरक्षण व संविधान बचाने के नाम पर वोट मांग रहे हैं।

बसपा से कांग्रेस में आए गुड्डू राजा बुंदेला

गुड्डू राजा बुंदेला की गिनती एमपी में बसपा के बड़े नेताओं के रूप में होती है। विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने बसपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ली थी। इसके बाद पार्टी ने उन्हें प्रदेश संगठन में महामंत्री का पद दिया था।

इलेक्शन बायस्कोप

लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए प्रचार सामाग्री तैयार करने वाले भी सक्रिय हो गए हैं। इस काम को करने वाले कारीगर इस बार कुछ अलग करने की चाहत में हैं। इसी क्रम में नेताओं और चुनाव चिन्ह के कटआऊट तैयार करने के आर्डर विभिन्न दलों से कारीगरों को मिले हैं। भाजपा कार्यालय लखनऊ के सामने ऐसा ही एक कटआउट तैयार करता कारीगर कैमरे में कैद हुआ। अमृत विचार

कांग्रेस की नीति गरीबों और वंचितों के लिए समर्पित: नरेन्द्र त्रिपाठी

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस हमेशा गरीब और वंचितों के लिए खड़ी रहती हैं। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है और देश के हर वर्ग के लिए हमेशा तत्पर रहती है। कांग्रेस पार्टी जब सत्ता में थी तब हर समुदाय के वर्ग का सम्मान होता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब सिर्फ अमीरों की सुनी जाती है और उनके लिए सरकार काम कर रही हैं। यह बात मंगलवार को एक बैठक में जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सिर्फ अमीरों के लिए काम कर रही है। बेरोजगार नौकरी के लिए मारा मारा फिर रहा है लेकिन उसे नौकरी नहीं मिल रही हैं। किसान आत्महत्या कर रहा है लेकिन यह सरकार किसानों के लिए मौन हैं। लोकसभा के चुनाव शुरू हो गए है और जनता वोट के माध्यम से अपना जवाब दे रही है। जल्द ही भाजपा सरकार की आंखे खुलेंगी जब वह सत्ता से बाहर होगी। कांग्रेस सरकार हमेशा से गरीब और वंचितों के लिए समर्पित रहीं हैं।

राजपूत राजनीति पर फिसलती विपक्ष की पीडीए पॉलिटिक्स

अखिलेश और मायावती के बीच राजपूत राजनीति पर खींचतान

भाजपा ने कहा, चुनाव में कोई मुद्दा न होने के कारण विपक्ष कर रहा नाटक

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार। 'पीडीए पॉलिटिक्स' को धार देने के साथ सपा और बसपा ने अचानक 'राजपूत राजनीति' का रूख क्यों कर लिया? खासकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनसभाओं में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा नेत्री मायावती के बयान इस सवाल का जवाब तलाशने को मजबूर करते हैं।

पश्चिम से हवा उड़ी है कि राजपूत भाजपा से नाराज हैं। इसी उड़ी हवा में दोनों ही दल अपने-अपने 'राजनीतिक संदेश' को घोलकर फैलाने की फिराक में हैं। हालांकि, भाजपा के नेताओं का स्पष्ट कहना है कि सब विपक्षी पार्टियों का प्रॉपगेंडा है, उनके पास इस चुनाव में कोई मुद्दा नहीं।

बहरहाल, चुनाव का मौका नाराजगी प्रकट करने का सुअवसर भी होता है। यानि सबकुछ अगर चुनावी ही मान लें तो भी सपा और बसपा जैसी विपक्षी पार्टियां क्षेत्र विशेष में इसे अपने लिए अवसर देख रही हैं। विपक्षी दलों ने भाजपा के कथित नाराज इस कोर वोटर्स तक पहुंच बनाने की कोशिशें तेज कर दीं हैं। विपक्ष ने इसी कड़ी में सिखों पर भी नजरें गड़ा रखी हैं।

सपा भी कर रही टोपी से पगड़ी को आकर्षित

इससे दो दिन पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी गौतमबुद्ध नगर की रैली में क्षत्रिय समाज के मौजूद होने की बात कही थी। उन्होंने कहा, मैं सिर पर पगड़ी देख रहा हूं. जो लोग पारंपरिक रूप से किसी अन्य पार्टी को वोट देते रहे हैं, यहां अपनी पार्टी की पहचान लाल टोपी पहने अखिलेश बोले, मैं इस बार उनकी राजनीतिक जागरूकता के लिए आभारी हूं कि वे सम्मान और पगड़ी के साथ साइकिल का समर्थन करने जा रहे हैं। सपा प्रमुख के इस बयान पर सपा के गौतमबुद्ध नगर जिला सचिव हेमंत राघव का तर्क है कि, 'जनता में पगड़ी पहने लोग क्षत्रिय थे और जब अखिलेश यादव ने उनकी मौजूदगी को देखा तो प्रतिक्रिया दी। राघव ने दावा किया कि क्षत्रिय इस बार सपा का समर्थन करने जा रहे हैं क्योंकि वे भाजपा से नाराज हैं।

बसपा भी क्षत्रियों की नब्ज पकड़ने की फिराक में

बसपा नेत्री मायावती ने रविवार को गाजियाबाद में एक चुनावी रैली में इस मुद्दे को उठाया। वहां उन्होंने कहा कि भाजपा क्षत्रियों को नजरंदाज कर रही है। मायावती के मुताबिक, उप्र. में सभी धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं लेकिन पश्चिमी यूपी में अपर कास्ट समाज में से क्षत्रिय समाज के लोग काफी बड़ी तादाद में रहते हैं। भाजपा और अन्य पार्टियां अपने आपको क्षत्रियों की हिमायती समझती हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा और दूसरी पार्टियों ने क्षत्रिय समाज की उपेक्षा की है।

यह तो सपा-कांग्रेस का नैरेटिव है

हर चुनाव में सपा-कांग्रेस नैरेटिव चलाते हैं कि भाजपा से एक वर्ग नाराज है। इस बार चलाया है कि ठाकुर नाराज हैं। हमसे कोई नाराज नहीं, यदि नाराज हैं तो ये हमारा आपसी मामला है। सपा-कांग्रेस से पूरा उत्तर प्रदेश नाराज है। -राजनाथ सिंह

नीरज सिंह ने दूर किया भ्रम

बहरहाल, चर्चा है कि भाजपा क्षत्रियों की नाराजगी को भांपते हुए अपने नेताओं को समुदाय के लोगों को मनाने के लिए भेज रही है। इस बीच राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह का एक बयान प्रभावी माना जा रहा है। नीरज सिंह ने मीडिया को दिए एक वीडियो संदेश में कहा कि, जिस क्षत्रिय समाज को लेकर विपक्ष मुद्दा बनाने की चाहत में है, जनता को यह समझना होगा कि न केवल उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री क्षत्रिय समाज से हैं बल्कि देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी इसी समाज से हैं। ये राष्ट्रीय नेता हैं, इन्हें जाति के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। हालांकि, पार्टी ने उत्तर प्रदेश से 11 उम्मीदवार भी इसी समाज से दिए हैं।

ददरौल विधानसभा सीट के लिए एक का नामांकन

चौथे चरण के लिए 35 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। चौथे चरण में लोकसभा की 13 सीटों के लिए हो रहे चुनाव के लिए मंगलवार को 35 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें धौरहरा सीट के लिए भाजपा से रेखा वर्मा व सपा से आनंद भदौरिया, उन्नाव सीट के लिए सपा से अन्नू टंडन, बसपा से अशोक कुमार, फर्रूखाबाद सीट के लिए भाजपा से मुकेश राजपूत, कन्नौज सीट के लिए भाजपा से सुब्रत, बहराइच सीट के लिए भाजपा से आनंद कुमार आदि प्रत्याशी शामिल हैं जबकि ददरौल विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए एक प्रत्याशी भाजपा से अरविंद कुमार सिंह ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर में तीन, धौरहरा में तीन, सीतापुर में पांच, हरदोई में दो, मिश्रिख में एक, उन्नाव में तीन, फर्रूखाबाद में तीन, इटावा में तीन, कन्नौज में तीन, कानपुर में छह, अकबरपुर में दो व बहराइच में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि लोकसभा सीटों पर अब तक 80 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर (अजा) लोकसभा सीट के लिए भाजपा से अरुण कुमार सागर ने नामांकन पत्र भरा गया। सीतापुर लोकसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से महेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से चन्द्रशेखर ने नामांकन किया। कानपुर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से कुलदीप भदौरिया ने नामांकन किया। अकबरपुर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार द्विवेदी व समाजवादी पार्टी से राजाराम पाल ने नामांकन पत्र भरा। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जायेगी।

भइया बनने जौनपुर आए मुंबइया

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे कृपा शंकर सिंह अब जन्मभूमि से बनना चाहते हैं सांसद

धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह और बाबू सिंह कुशवाहा से मिल रही कड़ी चुनौती

विपिन शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : इमरती की मिठास के लिए मशहूर जौनपुर की राजनीति कड़वाहट भरी रही है। यहां के मतदाता को न फिल्मी ग्लैमर ने लुभा पाया और न ही बाहुबल झुका पाया। मतदाता बस जातीय बयार के साथ उड़ते रहे हैं। जाति की इसी बयार के भरोसे मुंबइया कृपा शंकर सिंह अब जौनपुर के भइया बनने आए हैं। क्षत्रियों के दबदबे वाले जौनपुर संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए 18 चुनावों में 10 बार क्षत्रिय बिरादरी का सांसद चुना गया। मतदाताओं ने 4 बार यादव और 2 बार ब्राह्मण जाति के प्रत्याशी के माथे पर विजय तिलक लगाया। एक बार मुस्लिम और एक बार सन्यासी को संसद भेजा।

जौनपुर संसदीय क्षेत्र में 87 प्रतिशत हिन्दू, 12 प्रतिशत मुस्लिम और 1 प्रतिशत अन्य धर्मों के मतदाता हैं। जातिगत आंकड़ों की बात करें तो सबसे अधिक करीब ढाई लाख ब्राह्मण, करीब दो लाख क्षत्रिय और सवा दो लाख यादव मतदाता हैं। इसके अलावा सवा दो लाख मुस्लिम और करीब दो लाख 40 हजार अनुसूचित जाति के वोटर हैं। अनुसूचित जाति के मतदाताओं में पासी बिरादरी के मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। जातीय गुणाभाग से सभी दलों ने चुनावी द्वंद्व में योद्धा उतारे हैं। बसपा ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीकला सिंह को टिकट दिया है।

फिल्मी ग्लैमर और बाहुबल की जब्त हुई जमानत

वर्ष 2014 के चुनाव में निवर्तमान सांसद जिला पंचायत की अध्यक्ष और सिंह अपना अलग दल बनाकर चुनाव मैदान में उतरे थे। भाजपा ने केपी सिंह, बसपा ने सुभाष पांडेय और सपा ने पारसनाथ यादव को चुनाव लड़ाया था। कांग्रेस ने फिल्म अभिनेता रवि किशन और आरसीयू ने बिहार के बाहुबली शहाबुद्दीन को टिकट दिया था। चुनाव में अभिनेता रवि किशन को 42759 और शहाबुद्दीन को केवल 19636 वोट ही मिले थे। इन दोनों प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

लहर के विपरीत चलते रहे हैं जौनपुरिया

ज्यादातर चुनाव में जौनपुर के मतदाता चुनावी लहर के विपरीत ही चले हैं। 1962 में जब देश भर में कांग्रेस की पताका फहरा रही थी तब जनसंघ के ब्रह्मजीत को संसद भेज दिया। 1980 में कांग्रेस ने देश भर में मजबूत वापसी की तब भी जौनपुर ने जनता पार्टी को जिताया। 1989 में जनता दल की लहर में भाजपा का कमल खिला गया और 2019 में जब भाजपा ने देश में सबसे ज्यादा सीटें जीतीं तब बसपा का हाथी यहां दहाड़ा।

जौनपुर में चुनाव, मुंबई में प्रचार

भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह चुनाव तो जौनपुर से लड़ रहे हैं लेकिन वोट जुटाने के लिए मुंबई में मीटिंगें कर रहे हैं। पिछले दिनों मुंबई के बांद्रा में उत्तर भारतीय संघ के सभागृह में कृपा शंकर सिंह ने प्रवासी उत्तर भारतीयों से मुलाकात की थी। इसमें जौनपुर और पूर्वांचल के विकास के लिए मुंबई में व्यापार और रोजगार कर रहे उत्तर भारतीय समाज से वोट देने और अपने लोगों से दिलाने की अपील की गई। इस मुलाकात में कृपा शंकर सिंह ने वादा किया कि ऐसा प्रयास करेंगे कि दो से तीन साल बाद किसी को रोजी-रोटी की तलाश में जौनपुर से अपना गांव छोड़कर महानगरों की तरफ न जाना पड़े। उन्होंने कहा था मैं खुद जन्मभूमि से कर्मभूमि के लिए रोजी-रोटी के लिए आया था। यहां -रोटी कमाने के साथ राजनीति में सेवा का अवसर मिला। मैं जन्मभूमि का ऋण उतारना चाहता हूं।

भाजपा ने भी महाराष्ट्र प्रदेश सरकार में मंत्री रहे क्षत्रिय बिरादरी के कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है। जौनपुर में जन्मे कृपा शंकर सिंह मुंबई में उत्तर भारतीयों की मजबूत आवाज रहे हैं, वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं।

सपा ने अपने परंपरागत यादव, मुस्लिम वोटरों के साथ भाजपा के मतदाता बन चुके कुशवाहा, मौर्या बिरादरी के मतदाताओं को अपने पाले में खींचने के उद्देश्य से बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा पर दांव लगाया है। बसपा परंपरागत अनुसूचित जाति मतदाताओं के साथ क्षत्रिय और मुस्लिमों के सहारे चुनावी रण में विजय पताका फहराना चाहती है तो भाजपा क्षत्रियों के साथ ब्राह्मण और गैर यादव ओबीसी व गैर जाटव अनुसूचित जाति वोटरों के सहारे है। इन तीनों दलों के प्रत्याशियों के बीच ही मुख्य मुकाबला दिख रहा है।

श्रीकला सिंह।

बाबू सिंह कुशवाहा।

किसी दल से नहीं बंधे मतदाता

जौनपुर के मतदाता कभी किसी दल से नहीं बंधे। सभी प्रमुख दलों के नेताओं को संसद बनने का मौका दिया। यहां छह बार कांग्रेस जीती तो एक बार जनसंघ का दीपक जला और चार बार भाजपा का कमल खिला। दो बार जनता पार्टी जीती, तो दो बार सपा की साइकिल दौड़ी। बसपा के हाथी ने भी यहां दो बार सभी प्रत्याशियों को रौंदा है।

आईना : जौनपुर लोकसभा सीट

2019 के चुनाव का लेखा जोखा



2014 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	कृष्ण प्रताप (केपी)	3,67,149
बसपा	सुभाष पांडे	2,20,839
सपा	पारसनाथ यादव	1,80,003
कांग्रेस	रवि किशन	42,759



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952 व 57	बीरबल सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	ब्रह्मजीत सिंह	भारतीय जनसंघ
1963,67 व 71	राजदेव सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे	जनता पार्टी
1980	अज़ीज़ुल्लाह आज़मी	जनता पार्टी
1984	कमला प्रसाद सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे	भारतीय जनता पार्टी
1991	अर्जुन सिंह यादव	जनता दल
1996	राज केशर सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1998	पारसनाथ यादव	समाजवादी पार्टी
1999	स्वामी चिन्मयानन्द	भारतीय जनता पार्टी
2004	पारसनाथ यादव	समाजवादी पार्टी
2009	धनंजय सिंह	बहुजन समाज पार्टी
2014	कृष्ण प्रताप सिंह	भारतीय जनता पार्टी
2019	श्याम सिंह यादव	बहुजन समाज पार्टी

2014 नोटा 2595

2019 नोटा 2,441

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
बसपा	धनंजय सिंह	3,02,618
सपा	पारस नाथ यादव	2,22,267
भाजपा	सीमा	143,377



2024

कुल मतदाता	19,58,554
पुरुष	10 ,15,545
महिला	9,42, 923

अपनी ढपली अपना राग



भाजपा की सरकार गरीबों को दो वक्त का सरकारी राशन देकर उनका असली रोजगार का अधिकार छीन रही है। - मायावती

यूपी में दंगा और गुंडई पूरी तरह समाप्त हो गई है। वे जेलों में चक्की पीस रहे और अब मंत्रियों की गाड़ियों में घूमते नजर नहीं आते। - ब्रजेश पाठक

भाजपा के पास भारत माता पर कोई पेटेंट नहीं है। इन्होंने तो दशकों तक अपने वैचारिक मुख्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया। -दानिश अली

भाजपा नेता हार की हताशा में स्तरहीन भाषा का प्रयोग कर रहे। कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में उनकी बातें दुर्भावनापूर्ण हैं। -अजय राय

मेरठ के जातीय समीकरण अपनी जगह हैं, इसमें कोई शक नहीं है कि यहां भाजपा की जीत होगी। -अरुण गोविल

भाजपा ने राजनाथ के पक्ष में लांच किया प्रचार गीत

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा पूरे जोरशोर से चुनाव प्रचार में जुट गई है। लखनऊ संसदीय सीट पर राजनाथ सिंह के प्रचार के लिए गीत लांच किया गया। लोकगीत गायिका वंदना मिश्रा ने गीत को स्वर दिए हैं। उन्होंने हलवासिया कोर्ट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान "राजनाथ भैया को फिर से जिताएंगे, राजनाथ भैया ही फिर से आएंगे, बहनों करो तैयारी कमल हम खिलाएंगे" सुनाया। गीत अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि गीत को नुक्कड़ सभा, चाय पर चर्चा, युवा चौपाल, मंडल स्तरीय सभाओं के साथ प्रचार वैन में चलाया जाएगा। इस दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल, पार्षद, मंडल अध्यक्ष, विधानसभा चुनाव संयोजक एवं सहसंयोजक मौजूद रहे।

घर-घर जाकर विकास कार्यों का पत्रक दें

अमृत विचार, लखनऊ : पार्षदों को परिवार पर्ची वितरण का काम पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। साथ ही प्रत्येक घर में जाकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के कराए गए विकास कार्यों का पत्रक देना है। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हलवासिया कोर्ट में उक्त बात बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। सभी को प्रदेश कार्यालय पर सुबह 10 बजे एकत्र होना है और नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट जाना है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनप्रतिनिधियों के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है और सभी निष्ठा के साथ इसका निवर्हन करें। इस दौरान लोकसभा चुनाव सहसंयोजक पुष्कर शर्मा आदि मौजूद रहे।

आखिर कब टूटेगा कैसरगंज का सन्नाटा

18 लाख मतदाताओं का जोश पड़ रहा ठंडा

दो दिन बाद शुरू होगा नामांकन, पर मैदान सूना

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: प्रदेश की वीआईपी सीट बन चुकी कैसरगंज का सन्नाटा टूटने से रहा। जिस जोश व उतावले पन से यहां के 18 लाख मतदाता तैयार थे अब उनका जोश भी ठंडा पड़ने लगा है। हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि क्या इस बार कैसरगंज में चुनाव होगा? किसे टिकट मिलेगा? लेकिन इसका जवाब न तो मीडिया के पास है और न राजनीतिक दल दे पा रहे हैं।

यह स्थिति तब है जब पांचवें चरण के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी हो जाएगी और नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जिन दिग्गजों ने चुनाव लड़ने के मंसूबे पाल रखे हैं वे यदा कदा क्षेत्र में भले ही दौड़ रहे हैं लेकिन वे भी इस बात की गारंटी नहीं दे पा रहे हैं कि वे लड़ेंगे ही।

कैसरगंज लोकसभा सीट से देश की जानीमानी हस्तियां चुनाव लड़ती रहीं। शकुंतला नायर से लेकर कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा तक यहां की नुमाइंदगी सदन में कर चुके हैं। लगातार तीन बार से सांसद बृजभूषण शरण सिंह सांसद हैं। लेकिन भाजपा में ही उनके नाम पर सहमति न बन पाना, उनके स्थान पर अभी तक किसी को न उताराना भले ही राजनीतिक दांवपेच हो सकता है लेकिन कैसरगंज की आम जनता को यह बात अब अखरने लगी है। वहीं समाजवादी पार्टी भी भाजपा के दांव पर अपना दांव चलने की फितरत में है। उसने भी अभी तक अपने कंडीडेट के नाम की घोषणा नहीं की है। बसपा भी इन दोनों दलों के दांवपेंच पर अपनी नजर गड़ाए हुए है। कयासबाजी व बयानबाजी से आजिज आ चुके आम मतदाताओं का जोश ठंडा पड़ गया है। प्रशासन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्यक्रम चलाया हुआ है लेकिन मतदाताओं के जोश से ही वोट पर चोट हो सकता है। यदि एक दो दिनों में उम्मीदवारों की घोषणा नहीं हुई तो मतदान प्रतिशत भी गिरने का अनुमान लगाया जा रहा है।

संभावित जातिवार आंकड़े

ब्राह्मण..	21%	कुर्मी..	05%
क्षत्रिय..	12%	एससीएसटी..	14%
मुस्लिम..	22%	अन्य..	14%
यादव..	12%		

कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए विधानसभा वार मतदाता

मतदाता	पुरुष	महिला
पयागपुर	2,04,829	1,82,554
कैसरगंज	2,06,010	1,83,676
कटरा	2,11,098	1,85,825
करनैलगंज	1,77,854	1,56,327
तरबगंज	1,98,148	1,17,607



बहराइच प्रशासन को दो चरणों में कराना होगा चुनाव

कैसरगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र के मतदाता वोट डालेंगे। लेकिन तीन विधानसभा क्षेत्र गोंडा में है और दो विधानसभा क्षेत्र बहराइच में है। बहराइच में चुनाव चौथे चरण में है जबकि गोंडा में चुनाव पांचवें चरण में है। बहराइच जिले में बहराइच सीट के लिए 25 अप्रैल तक नामांकन होना है और मतदान 13 मई को होगा। वहीं कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए पांचवें चरण में चुनाव होना है। इसके लिए 26 अप्रैल को नोटिफिकेशन होगा और 20 मई को मतदान कराना होगा। इसी तरह गोंडा सीट के लिए बलरामपुर प्रशासन को भी पांचवें चरण के लिए उतरौला विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कराना होगा, जबकि बलरामपुर में चुनाव छठवें चरण में है।

चुनावी चक्कर

चुनाव में हेमा मालिनी को याद आए जय-वीरू और गब्बर :

जहां सिने तारिका हेमा मालिनी का जिक्र हो वहां फिल्म शोले की भी याद आ ही जाती है। फिलहाल मथुरा की सांसद हेमा मालिनी एक बार फिर संसद पहुंचने की पुरजोर कोशिश में हैं। वह इन दिनों अपने चुनावी अभियान मे व्यस्त हैं। दिलचस्प तो यह है कि खुद हेमा की भी जुबां पर मीडिया को प्रतिक्रिया देते वक्त शोले फिल्म के डॉयलॉग और पात्रों के नाम आ ही जाते हैं। उनकी ऐसी ही फिल्मी प्रतिक्रिया एक टीवी इंटरव्यू के दौरान सामने आयी। हेमा मालिनी ने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों राजनीति में 'जय-वीरू' के जोड़ी से कम नहीं। जबकि विपक्ष जिस तरह से फर्जी आरोपों के जरिए राजनीति करना चाह रहा है, वो किसी गब्बर की भूमिका से कम नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जिस तरह से हल्की बातें करते हैं उससे तो यही लगता है कि वे 'राजनीति में अंग्रेजों के जमाने के जेलर' की भूमिका में हैं। यही नहीं इंडी के कई नेता फिल्म शोले के विभिन्न किरदारों की तरह लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका निभा रहे है जिनकी डायलॉग बाजी से आम जनता खूब हंसती है लेकिन वह अपने हास्यास्पद बयान बाजी से बाज नहीं आ रहे हैं। जनता इनके इरादों को बखूबी समझा रही है।

फसल में आग देखकर दौड़े किसान की करंट से मौत

आग बुझाने को खेत पर पहुंचा किसान तार की चपेट में आया

संवाददाता, करियामई/उघैती

अमृत विचार : थाना उघैती क्षेत्र के खेत में हाईटेंशन लाइन का तार गिरने से गेहूं की फसल में आग लग गई। किसान आग बुझाने के लिए दौड़ा तो खेत में पड़े हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक सतीश चंद्र।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना उघैती क्षेत्र के गांव ईखखेड़ा निवासी किसान सतीश चंद्र (48) खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। मंगलवार तड़के वह खेत पर गए थे। जहां खेत के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से उनकी गेहूं की फसल में आग लग गई थी। वह खेत की ओर भागे। इसी दौरान खेत में टूटे पड़े हाईटेंशन लाइन के तार की चपेट में आ गए। आसपास खेतों पर

- **हाईटेंशन लाइन टूटकर गिरने से फसल में लगी थी आग**

काम कर रहे किसान दौड़कर खेत पर पहुंचे। उनके परिजनों को सूचित किया। विलाप करते परिजन खेत पर आ गए। विद्युत विभाग को सूचना देकर बिजली सप्लाई बंद कराई। मृतक के बेटे पुष्पेंद्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि बिजली के तार कई साल से जर्जर हालत में हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी तार नहीं बदले गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट दर्ज करके आगे की जांच की जा रही है।

धनबाद से पानीपत जा रही कोयले से भरी मालगाड़ी में उठा धुआं

रोजा, अमृत विचार : बालामऊ और हरदोई के बीच में कोयला लेकर बिहार से पंजाब जा रही मालगाड़ी के एक वैगन में धुआं उठता देख रेल प्रशासन में खलबली मच गई। सूचना मिलते ही मालगाड़ी को रोजा यार्ड में रोककर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद वैगन पर पानी का छिड़काव कर धुंए पर काबू पाया गया। इसके बाद मालगाड़ी को सागर की ओर रवाना किया गया। रोजा स्टेशन अधीक्षक श्रीकांत ने बताया मंगलवार की सुबह कोयले से भरी एक मालगाड़ी धनबाद से पानीपत की ओर जा रही थी। बालामऊ के समीप सुबह नौ बजे जब मालगाड़ी पहुंची तो कोयले की एक बोगी से धुआं उठता हुआ दिखाई दिया। तत्काल ही वहां के कर्मचारियों ने रोजा रेलवे स्टेशन पर सूचना दी और मालगाड़ी को रोजा यार्ड में रोक कर दिया गया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, पिता-पुत्र की मौत 21 लोग हुए घायल

संवाददाता, तिलहर

अमृत विचार: मुंडन संस्कार से लौट रही ट्रैक्टर-ट्रॉली तिलहर निगोही रोड पर मंगलवार रात बड़ेपुर मोड़ के पास पलट गई। हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई और 21 लोग घायल हो गए। तिलहर, जैतीपुर, कटरा, खुदागंज पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से तिलहर सीएचसी भेजा गया। जहां से सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। खबर मिलने पर विधायक सलोना कुशवाहा भी पहुंच गई।

क्षेत्र के गांव बिहारीपुर-अजमाबाद निवासी अमित कुमार के छह माह के बेटे दीपक कुमार का मंगलवार को मुंडन संस्कार था। परिजन और रिश्तेदार समेत गांव की महिलाएं, बच्चे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली से मुंडन संस्कार में शामिल होने तिलहर के कपसेड़ा स्थित जानकी महाराज मेला में गईं थीं। अमित के पिता मुरली(62) व अन्य लोग भी शामिल थे। मुंडन संस्कार निपटने के बाद लोगों ने मेले में खरीदारी की और फिर शाम को वहां से चल दिए। रात करीब 8:15 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली तिलहर-निगोही

क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर और मौके पर मौजूद लोग।

रोड पर आगे पीछे तेज रफ्तार से दौड़ रही थी, इस दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठे लोग घायल हो गए और चीख-पुकार मच गई। कुछ ही देर में आसपास गांव के लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर अमित की सांसे थम चुकीं थी और उनके पिता मुरली ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया।

सार-संक्षेप

लापरवाही में16 आशाओं को सेवा समाप्ति का नोटिस

रामपुर, अमृत विचार : संचारी रोग सर्वे हो या आभा आईडी बनाने का कार्य। नगर की 16 आशाएं स्वास्थ्य योजनाओं पर कार्य नहीं कर रही हैं। कई चेतावनी के बाद भी यह आशाएं अपने कार्य में रुचि नहीं दिखा रही हैं। सीएमओ के आदेश पर एसीएमओ डा. ओपी आर्य ने लापरवाह आशाओं को सेवा समाप्ति के नोटिस जारी किए हैं। इनमें चेतावनी दी है कि तीन दिन के भीतर कार्य में सुधार नहीं होने पर नई आशाओं का चयन किया जाएगा। समन्वयक मोहम्मद अनादिल ने बताया है कि शहर में 16 आशा कई माह से कार्य में रुचि नहीं दिखा रही हैं। कई बार नोटिस देने के बाद भी कार्य के प्रति गंभीरता नहीं आयी। इसीलिए इन्हें सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ओपी आर्य ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान, आभा आईडी बनाने के लिए 50 दिन का प्रतिदिन लक्ष्य दिया गया था। इनकी प्रगति शून्य या असंतोषकजनक है।

प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी कर युवक के 1.50 लाख हड़पे

रामपुर, अमृत विचार : प्लॉट बेचने के नाम पर आरोपी ने पीड़ित से 1.20 लाख रुपये हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टांडा थाना क्षेत्र के गांव चंदुपुरा सीकमपुर निवासी हेमराज का कहना है कि उत्तराखंड के थाना काशीपुर की रोनिक कालोनी निवासी वीरपाल से जान पहचान थी। इसके कारण वह 17 अगस्त 2021 को उसके घर आया था। उसने काशीपुर स्थित अपने प्लॉट को बेचने की बात कही। पुरानी जान-पहचान के कारण पीड़ित ने वीरपाल की बातों पर आसानी से विश्वास कर लिया। उसने वीरपाल से 100 गज के प्लॉट का सौदा छह लाख रुपये में कर लिया। इसके बाद उसने वीरपाल को डेढ़ लाख रुपये दे दिए। बची रकम बैनामे के समय देना तय हुआ। जब 21 दिसंबर 2021 को पीड़ित बैनामा कराने के लिए पहुंचा तो वीरपाल ने कोई प्लॉट नहीं होने की बात कही। इस पर हेमराज के होश उड़ गए। उसने अपने पैसे मांगे, तो वीरवाल ने उसे चेक दे दिया। जो पैसे नहीं होने के कारण वापस हो गया। कुछ दिन बाद जब हेमराज ने पैसे मांगे तो आरोपी ने साफ मना कर दिया। तब उसने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

हाइटेंशन लाइन से जली ट्रैक्टर ट्राली, चालक की मौत

गंजडुंडवारा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र सुन्नगढी के गांव नागर में चिकोरी भरने आई ट्रैक्टर ट्राली खेत के ऊपर से झूलते हाइटेंशन लाइन की चपेट मे आ गई और करंट प्रवाह के कारण चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्राली के टायर धू- धू कर जल उठे। चालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों में विद्युत निगम के अधिकारियों के विरुद्ध आक्रोश है। पुलिस में चालक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव नागर निवासी राजेश के खेत मे चिकोरी की खुदाई हो रही थी। जिसकी भराई के लिए चिकोरी प्लांट से गांव मयासुर निवासी परवेन्द्र(22 वर्ष) पुत्र बालक राम ट्रैक्टर ट्राली लेकर खेत पहुंचे थे। भराई करते समय ट्राली खेत के ऊपर झूल रही लटकी हाइटेंशन लाइन से छू गयी, जिससे ट्राली मे करंट दौड गया। ट्रैक्टर चालक परवेन्द्र भी उसकी चपेट मे आ गए और मौके पर दम तोड दिया।

बेटे की हत्या के आरोपी पिता-माता व बहन का चालान

मितौली, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर में हुए बिजेंद्र सिंह हत्याकांड में पुलिस ने मृतक के पिता, माता और बहन को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने तीनों को जेल भेज दिया है। सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि गांव गनेशपुर ग्रंट निवासी रामनक्षत्र अपने बेटे बिजेंद्र को जमीन और मकान में हिस्सा नहीं देना चाहता था। बिजेंद्र सिंह और उसकी पत्नी जब अपना हिस्सा मांगते तो लड़ाई-झगड़ा होता था। रामनक्षत्र उसकी पत्नी दुलारी देवी और पुत्री सोनी बिजेंद्र और उसकी पत्नी के साथ मारपीट करते थे। जमीन व मकान में हिस्सा मांगने से नाराज रामनक्षत्र सिंह ने पत्नी और पुत्री के साथ मिलकर 16 अप्रैल को बिजेंद्र की गला दबाकर हत्या कर दी थी और शव जलाने के बाद हड्डियां तालाब में फेंक दीं। पुलिस ने मृतक की पत्नी नीलम देवी की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

रिश्ते में चचेरे भाई-बहन ने जहर खाकर दी जान

घाटमपुर (कानपुर), अमृत विचार : रेउना थाना क्षेत्र झबैया अकबरपुर ग्राम पंचायत में रिश्ते में चचेरे भाई-बहन ने सोमवार की रात जहर खाकर जान दे दी। इस पूरे मामले में प्रेम प्रसंग की बात सामने आ रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि जब तक पुख्ता तथ्य सामने नहीं आ जाते, तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता। एसीपी के साथ थानाध्यक्ष ने घटना की प्रारंभिक तौर पर छानबीन की है। फोरेंसिट टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए हैं। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रेउना थाना क्षेत्र के झबैया अकबरपुर गांव में दिनेश कुमार गौतम की 16 वर्षीया पुत्री राखी गौतम ने सोमवार की रात करीब 11 बजे जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत गंभीर होने पर परिजनों को जानकारी हुई तो उसे फौरन कानपुर देहात के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। डॉक्टर की ओर से मृत घोषित किए जाने के बाद परिवार वाले उसका शव लेकर गांव लौट आए। उधर, परिवार वाले राखी को लेकर अस्पताल के लिए निकले, इधर झबैया अकबरपुर के मजरे पूरनपुर निवासी राज गौतम के 22 वर्षीय पुत्र अर्जुन उर्फ बादल ने भी रात करीब 11 बजे ही जहरीला पदार्थ खाकर घर के अंदर लेट गया। उसकी भी हालत बिगड़ गई।

सीवर लाइन के खुले मैनहोल ने ले ली बच्चे की जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **मृतक के परिजनों को पांच लाख का मुआवजा, निजी कंपनी के सुपरवाइजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

अमृत विचार : जानकीपुरम थाना क्षेत्र के सेक्टर-सात में हनुमान जयंती का प्रसाद लेकर लौट रहा बच्चा मैनहोल का ढक्कन खुला होने से सीवर लाइन में गिर गया। सूचना मिलने के आधे घंटे बाद पहुंची पुलिस व दमकल टीम को उसे बाहर निकालने में करीब तीन घंटे लग गए। तब तक बच्चे की जान जा चुकी थी।

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने जांच के लिए कमेटी बना दी है। बताया कि जलकल विभाग की ओर से मृतक के परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा दिया गया है। उधर] देर रात निजी कंपनी के सुपरवाइजर के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एडीसीपी उत्तरी जयप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि सीतापुर जनपद के अकबरपुर गांव निवासी सैफुद्दीन आश्रयहीन कालोनी में परिवार के साथ रहते हैं। सैफुद्दीन का छोटा बेटा शाहरुख (8 वर्ष) मंगलवार दोपहर स्कूल से लौटने बाद बहन खूशबू और महक उर्फ जोया के साथ भंडारे का प्रसाद लेने गया था। लौटते समय वह खुले मैनहोल में गिर गया।

चुनाव बाद बदलेंगे कई जिलों के सीएमओ डॉक्टर होंगे प्रमोट

लखनऊ, अमृत विचार : चुनाव के बाद कई जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदले जायेंगे। इसके लिए शासन में करीब डेढ़ दर्जन डॉक्टरों की फाइल लंबित है। इतना ही नहीं, ग्रेड चार से ग्रेड पांच में प्रमोशन पाने के लिए 353 डॉक्टरों की फाइल भी विचाराधीन है। बदायूं, बहराइच समेत कई जिलों में स्वास्थ्य सेवाएं कार्यवाहक सीएमओ के भरोसे चल रही हैं। साथ ही लखनऊ के सीएमओ डॉ.मनोज अग्रवाल की तरह कई सीएमओ प्रोन्नति पाकर अपर निदेशक बन चुके हैं। ऐसे में उनकी जगह नए सीएमओ की तैनाती होनी है।

नाबालिग लड़की को बाल गृह भेजने पर सीडब्ल्यूसी पर लगाया 5 लाख का जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग बच्ची को सरकारी बाल गृह में रखने के सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) के फैसले पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि यह आश्चर्यजनक और चौंकाने वाली बात है कि नारी निकेतन/ बाल कल्याण समिति, कानपुर नगर ने नाबालिग बच्ची को सरकारी बाल गृह (महिला) में भेजने का निर्णय लिया जो एक ऐसी जगह है, जहां आमतौर पर ऐसे बच्चों को रखा जाता है, जिनकी कस्टडी का दावा करने वाला कोई नहीं होता जबकि वर्तमान मामले में पिता ने स्वीकार किया है कि वह अपनी नाबालिग बेटी की देखभाल करने में सक्षम है और पिछले कई सालों से कस्टडी उसके पास है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने मां के साथ रह रही लड़की को बाल गृह भेजने के समिति के फैसले पर नाराजगी जताते हुए समिति पर 5 लाख का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि लड़की के पिता को सौंपने का निर्देश दिया है, जिसे बच्ची के पालन-पोषण के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि अगर समिति जुर्माने का भुगतान नहीं करती है तो पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर यह सुनिश्चित करेंगे कि सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष अगली सुनवाई यानी 23 मई को कोर्ट में मौजूद रहेंगे। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की खंडपीठ ने लड़की की मां द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। लड़की अपनी मां के साथ रह रही थी। लड़की के अनुसार वह कक्षा-7 में पढ़ती है और नारी निकेतन भेजने के कारण वह परीक्षा में शामिल नहीं हो सकी।

आचार संहिता का उल्लंघन, बांट दी मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट

मसौधा, अयोध्या

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के बीच मसौधा के राणी सती मंदिर परिसर में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में बेटियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट बांटी गई। अबकी बार 400 पार का नारा लिखी टी-शर्ट को दो सामाजिक संगठनों द्वारा बांटा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी व सांसद लल्लू सिंह थे। विपक्षी राजनीतिक दलों ने इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन बताया है। सपा ने जिला निर्वाचन अधिकारी व चुनाव आयोग से शिकायत की है। उप जिलाधिकारी सोहावल ने टी-शर्ट वितरण को गंभीर मामला माना है। उन्होंने कहा कि नोटिस जारी किया जा रहा है।

सोहावल तहसील क्षेत्र के मसौधा बाजार स्थित राणी सती मंदिर परिसर में मंगलवार को श्यामा देवी मानव सेवा संस्थान और अवध खेल एसोसिएशन

मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट वितरित करते भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह।

द्वारा संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के समापन मौके पर मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने 55 बालिकाओं को गोल्ड मेडल और 80 को सिल्वर मेडल प्रदान किया।

भाजपा प्रत्याशी भी आ सकते हैं कारवाई की जद में

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह भी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। माना जा रहा है कि उनके हाथों बालिकाओं को टी-शर्ट वितरण किया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। एसडीएम सोहावल का कहना है कि सभी पक्षों को नोटिस दिया जाएगा। भाजपा प्रत्याशी से पूछा जाएगा मौके पर क्यों नहीं देखा गया कि टी-शर्ट में फोटो और नारा उल्लिखित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम करने की अनुमति किसी भी प्रशासनिक अधिकारी से नहीं ली गई थी। पूरा कलंदर थाना प्रभारी को कहा गया था। उनकी भी उपस्थित नहीं थी। प्रधानमंत्री की फोटो वाली टी-शर्ट इंटर कॉलेज की छात्राओं सहित संस्था से जुड़ी बेटियों में वितरित की गई है। जो संस्था के पास पहले से उपलब्ध थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 बेटियों ने भाग लिया था।

सपा के एक और बागी विधायक के रिश्तेदार भाजपा में

लखनऊ, अमृत विचार : सपा के बागी विधायक अभय सिंह की पत्नी व पिता के सोमवार को भाजपा में शामिल होने के बाद मंगलवार को अमेठी में सपा को झटका देते हुए गौरीगंज से सपा के विधायक राकेश प्रताप सिंह के दो भाइयों और भाभी ने भी भाजपा का दामन थामा है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा विधायक के रिश्तेदारों, उनके समर्थकों समेत अमेठी क्षेत्र के कई नेताओं को भाजपा में शामिल कराया।

उत्तराखंड

स्कूल बस खाई में पलटी, दो घायल

अल्मोड़ा, अमृत विचार : पिथौरागढ़ जिले में मंगलवार की सुबह फिर एक सड़क हादसा हो गया। चौकोड़ी में एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। संयोग से बस सड़क से करीब 50 फिट नीचे जाकर चीड़ के एक विशालकाय पेड़ से टकराकर रुक गई। वरना एक बड़ा हादसा सामने आ सकता था। हादसे में बस में सवार दो बच्चों को चोटें आई हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार की सुबह हिमालय इंटर कालेज चौकोड़ी के करीब दो दर्जन बच्चे और एक शिक्षक बस (यूके 04पीए 0399) से स्कूल जा रहे थे। रास्ते में बेड़ीनाग तहसील मुख्यालय से एक किमी की दूरी पर छलौड़ी मोटर मार्ग पर एक जगह बिजली के तार सड़क पर फैले हुए थे।

नाबालिग ने ऑनलाइन गेमिंग में गंवाए पिता के 1.75 लाख रुपये

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : मल्लीताल क्षेत्र स्थित एक गेमिंग स्टोर में नाबालिग ने रोजाना दो से तीन हजार का गेम खेलकर पिता के पौने दो लाख रुपये गंवा दिए। खाते से रकम कटी देख पिता के होश उड़ गए।

वह तुरंत बेटे को लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां नाबालिग ने बीते कुछ माह में लगातार ऑनलाइन गेम खेलने में रकम खर्च हो जाने की बात बताई। पुलिस ने गेम स्टोर संचालक से पूछताछ के साथ ही नाबालिग की काउंसलिंग कराई और उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। तल्लीताल निवासी एक व्यापारी ने सोमवार को अपना बैंक खाता चेक किया तो उसमें

से करीब पौने दो लाख रुपये कटे देख उनके होश उड़ गये। इस संबंध में जब उसने घरवालों से जानकारी ली तो किसी ने कुछ नहीं बताया। बेटे पर सख्ती दिखाने पर सामने आया कि उसे ऑनलाइन गेमिंग की लत लग गई है। बीते कुछ समय से वह रोजाना दो से तीन हजार खाते से निकलकर ऑनलाइन गेम खेलने मल्लीताल जाया करता था। यह बात पता चलने के बाद पिता कोतवाली

- **पुलिस तक पहुंचा मामला, काउंसलिंग कर परिजनों के सुपुर्द किया**

पहुंच गए। इस बीच पुलिस ने गेमिंग स्टोर संचालक को भी कोतवाली बुला लिया। बिना परिजनों की अनुमति के रोजाना हजारों का ऑनलाइन गेम खिलवाने पर पुलिस ने गेमिंग स्टोर संचालक को कड़ी फटकार लगाई। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि किशोर के परिजनों ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं चाही। जिस कारण बच्चे की काउंसलिंग के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं ऑनलाइन गेम स्टोर संचालक को परिजनों की अनुमति के बाद ही गेम खिलाने के निर्देश दिए हैं।

शराब के लिए डांटने पर आरोपी ने रेत दिया था बच्चे का गला

काशीपुर, अमृत विचार : चैती मेले में जूस का स्टॉल लगाने वाले व्यक्ति के 13 महीने के बेटे का गला रेतकर हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नदीम की पत्नी द्वारा शराब के लिए डांटना आरोपी को नागवार गुजरा। पत्नी को सबक सिखाने के आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया।

मंगलवार को थाना आईटीआई में मामले का खुलासा करते हुए सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि चैती मेले में जूस की दुकान लगाने आए सहारनपुर के बासठकुटा रोड राशिद गार्डन निवासी मोहम्मद नदीम ने सोमवार को डायल 112 नंबर पर कॉल कर अपने बच्चे की गायब होने की सूचना दी थी।

सर्वजीत के घर पर चस्पा किया नोटिस

तरसेम हत्याकांड

संवाददाता, रुद्रपुर

- **तरनतारन के मियां विंड पहुंची पुलिस की टीम, 82 की कार्रवाई का नोटिस लगाया, जल्द हो सकती है कुर्की**

अमृत विचार : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के शूटर सर्वजीत की गिरफ्तारी नहीं होने के बाद अब पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके चलते पुलिस की टीम ने फरार हत्यारोपी के घर मियां विंड जाकर नोटिस चस्पा कर न्यायालय में पेश होने का आदेश पत्र चस्पा किया है। इसके बाद भी फरार आरोपी पेश नहीं होता है, तो पुलिस हत्यारोपी के घर की कुर्की कर सकती है।

हत्यारोपी सर्वजीत सिंह।

28 मार्च की सुबह छह बजे नानकमता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की बाइक सवार सिख व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्याकांड में जहां एसटीएफ व हरिद्वार पुलिस ने मुठभेड़ में गोली चलाने वाले शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिटटू उर्फ गंडा निवासी सिहोरा बिलासपुर यूपी को मार गिराया था। वहीं हत्याकांड के दौरान बाइक चलाने वाले दूसरा शूटर मियां विंड तरनतारन पंजाब निवासी सर्वजीत सिंह फरार हो गया था। उसकी तलाश में 13 टीमों ने कई स्थानों पर दबिश दी। बावजूद इसके हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से दूर रहा। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय में प्रार्थना डालकर कुर्की की कार्रवाई का आदेश प्राप्त किया और कार्रवाई के पहले चरण में एसओजी प्रभारी संजय पाठक और निरीक्षक हरेंद्र मलिक के नेतृत्व में टीम सोमवार को रवाना हुई। जहां मंगलवार को पंजाब पुलिस के साथ टीम ने हत्यारोपी सर्वजीत सिंह के घर मियां विंड तरनतारन पंजाब 82 की कार्रवाई का नोटिस चस्पा किया। उधर, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि गिरफ्तारी के अथक प्रयास करने के बाद भी हत्यारोपी फरार चल रहा है। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय से आदेश पत्र लेकर 82 की कार्रवाई की। इसके बाद भी हत्यारोपी सर्वजीत न्यायालय में पेश नहीं हुआ तो नियमानुसार कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

सिडकुल में लीज में ली फैक्ट्री का 54 लाख रुपये किराया हड़पा, रिपोर्ट

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: सिडकुल में लीज पर ली फैक्ट्री के पते पर धोखाधड़ी से दूसरी कंपनी पंजीकृत कराने सहित किराए का 54 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पंतनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिडकुल के सेक्टर छह की एम/एस इवयोम टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर चंद्रकांत अरोड़ा ने कोर्ट को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने गुरुग्राम हरियाणा निवासी रोहित ढींगरा और बायोकेम इंडिया रिसर्च एंड डेवलपमेंट कंपनी के डायरेक्टर रहमान शरीफ को अपनी फैक्ट्री विभिन्न शर्तों के साथ 29 नवंबर 2022 को पांच साल के लिए लीज पर दी थी। कुछ दिन बाद रोहित ढींगरा ने उनसे बायोकेम इंडिया रिसर्च एंड डेवलपमेंट कंपनी के पक्ष में लीज डीड बदलने की बात कही। रोहित ढींगरा ने कूटरचित सहमति पत्र पर उसके फर्जी हस्ताक्षर करके आरओसी विभाग में लगाकर, उसकी फैक्ट्री के पते पर अपनी नई कंपनी को 19 दिसंबर 2022 को रजिस्टर करवा दिया।

महिलाओं की भागीदारी से बड़ा बदलाव : मुर्मू

ब्यूरो, देहरादून/ऋषिकेश

अमृत विचार : 'भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े नीति निर्धारण से लेकर स्वास्थ्य क्षेत्र तक में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक बड़े और अच्छे सामाजिक बदलाव की तस्वीर प्रस्तुत करती है' यह बात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कही। वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चौथे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को संबोधित कर रहीं थीं।

राष्ट्रपति कहा कि पिछले सप्ताह मेरी मुलाकात भारतीय आर्थिक सेवा (इंडियन इकोनोमिक सर्विस)

एम्स ऋषिकेश के दीक्षांत समारोह में उपस्थित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

के अधिकारियों के बैच से हुई थी। इस बैच में 60 प्रतिशत से अधिक संख्या महिलाओं की थी। एम्स में भी विद्यार्थियों की कुल संख्या में छात्राओं की संख्या 60 प्रतिशत से अधिक है। भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े नीति निर्धारण से लेकर तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल (टर्शियरी हेल्थकेयर) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी एक बड़े और

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एम्स के दीक्षांत समारोह में लिया हिस्सा**

अच्छे सामाजिक बदलाव की तस्वीर प्रस्तुत करती है। उन्होंने इस बात पर भी प्रशंसा जताई कि दीक्षांत समारोह में पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं की संख्या भी छात्रों की अपेक्षाकृत अधिक है। इससे पूर्व राष्ट्रपति मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में 598 विद्यार्थियों को उपाधि दी। परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले 14 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदकों सहित 16 पदकों से नवाजा गया। वर्ष 2012 से एम्स ऋषिकेश में एमबीबीएस पाठयक्रम शुरू हुआ था।

जंगलों में आग से लाखों की वन संपदा राख, सात क्रू स्टेशन बनाए गए

संवाददाता रानीखेत

अमृत विचार : गर्मियां शुरू होते ही क्षेत्र में जंगलों में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी हैं। रानीखेत के राय स्टेट, गोल्फ ग्राउंड और चिलियानौला सहित आसपास के जंगलों में इन दिनों आग लगने से लाखों की वन संपदा राख हो गई। साथ ही धुएं के कारण पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है।

माना जा रहा है कि अराजक तत्वों द्वारा जानबूझकर जंगलों में आग लगाई जा रही है। इससे अमूल्य वन सम्पदा जलकर राख हो रही है। वन महकमे द्वारा जंगलों में लगने वाली आग पर काबू करने के लिए सात क्रू स्टेशन बनाए गए हैं। 30 से अधिक वन कर्मियों को आग से निपटने के लिए तैनात किया गया है। इसके बावजूद आग की घटनाएं रोकना संभव नहीं हो पा रहा है। जंगलों में आग लगने से चारों तरफ धुआं छाया हुआ है। इस वर्ष बर्फबारी न होने व कम बारिश होने से हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। वन क्षेत्राधिकारी तापेश मिश्रा ने बताया कि जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए सात क्रू स्टेशन रानीखेत रेंज में बनाए गए हैं।

सार-संक्षेप

स्क्रैप माफिया रवि काना थाईलैंड में गिरफ्तार

रवि नागर उर्फ रवि काना।

गर्लफ्रेंड काजल झा।

लखनऊ, अमृत विचार : काफी समय से फरार चल रहा स्क्रैप माफिया गैंगस्टर रवि नागर उर्फ रवि काना को मंगलवार को थाईलैंड में उसकी गर्लफ्रेंड के साथ गिरफ्तार किया गया है। नोएडा में महिला के साथ गैंगरेप की घटना में नाम आने के बाद पुलिस रवि काना के ठिकानों पर लगातार दबिश डाल रही थी। उसके दादूपुर स्थित घर पर कुर्की का नोटिस भी चस्पा किया गया था। पुलिस ने रवि और उसकी गर्लफ्रेंड काजल झा को लेकर लुकआउट नोटिस भी जारी कर रखा था। बता दें कि काजल झा रवि की राइट हैंड है। पुलिस ने कुछ दिन पूर्व काजल की साउथ दिल्ली स्थित 70 करोड़ का बंगला भी सील कर दिया था।

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र में आजम, परिवार को राहत नहीं

विध संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सपा नेता आज़म खान और उनके परिवार को फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए मामले की सुनवाई आगामी 6 मई को सुनिश्चित कर दी है। आजम खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले में मंगलवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। अगली सुनवाई पर सपा नेता की ओर से एक बार फिर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल अपना पक्ष रखेंगे। मालूम हो कि रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में रामपुर के गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे, पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र होने का मामला दर्ज कराया था। आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत सपा नेता आज़म खान, उनकी पत्नी डॉ. तंजीम फातिमा और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को आरोपी बनाया गया था। रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती देते हुए संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही को रद करने की मांग की गई है।

डीजीपी ने किया मेरी पुलिस यात्रा पुस्तक का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र सिंह लौर द्वारा लिखित मेरी पुलिस यात्रा पुस्तक का विमोचन किया। अलीगढ़ के ग्राम गौरोला निवासी, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र सिंह लौर वर्ष 1966 में बतौर उपनिरीक्षक के पद पर अपनी सेवाओं की शुरुआत कर 39 वर्षों तक उप्र. पुलिस सेवा में रहते हुए वर्ष 2004 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस उपाधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। लौर द्वारा लिखित पुस्तक मेरी पुलिस यात्रा में अपने सेवाकाल के अनुभवों का उल्लेख किया गया है। लौर को राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं सहित कई पुलिस अफसर मौजूद रहे।

अजय राय के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्यवाही पर रोक

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ वाराणसी में वर्ष 2015 में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए लाठी चार्ज के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मुकदमे की अगली सुनवाई 30 जुलाई 2024 तक के लिए याची के खिलाफ किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। पिछली सुनवाई में सरकारी अधिवक्ता से हलफनामा मांगा गया था, जिस पर सरकारी अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में 82 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिनमें से 81 आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा राज्य सरकार द्वारा उचित कार्रवाई के बाद वापस ले लिया गया है। यह नीतिगत मामला है और जहां तक याची अजय राय का सवाल है, उनके संबंध में निर्णय चुनाव के बाद लिया जाएगा। मालूम हो कि वाराणसी में वर्ष 2015 में गंगा में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सहित अन्य लोगों पर लाठी चार्ज किया गया। इसके विरोध में 5 अक्टूबर 2015 को मैदागिन स्थित टाउन हॉल मैदान से अन्याय प्रतिकार यात्रा निकाली गई, जिसमें साधु-संतों ने बड़ी मात्रा में हिस्सा लिया था।

नियोक्ता से ब्याज वसूली नहीं कर सकता श्रम न्यायालय

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रम न्यायालय द्वारा नियोक्ता से ब्याज वसूली के आदेश पर आपत्ति जताते हुए कहा कि श्रम न्यायालय के पास नियोक्ता द्वारा देय राशि के विलंबित भुगतान पर कर्मचारियों को ब्याज देने की शक्ति नहीं है। औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 33 सी (1) में प्रावधान है कि अगर किसी कर्मचारी का कोई पैसा बकाया है तो अपने पैसे की रिकवरी के लिए उसे उपयुक्त अधिकारी के पास आवेदन करना होगा। अगर संबंधित अधिकारी को लगता है कि पैसा बकाया है तो ऐसी राशि की वसूली के लिए कलेक्टर के पास आवेदन करना चाहिए। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि धारा 33 सी (2) के तहत देय राशि पर विवाद होने पर श्रम न्यायालय कार्यवाही कर सकता है, लेकिन किसी कर्मचारी द्वारा पुनर्नियुक्ति के अधिकार पर फैसला नहीं ले सकता है, साथ ही ब्याज प्रदान करना उक्त धारा के दायरे से बाहर है। अंत में उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने कार्यकारी अभियंता विद्युत ट्रांसमिशन डिवीजन की याचिका को स्वीकार कर श्रम न्यायालय,आगरा के आदेश को रद्द करते हुए पारित किया।

अयोध्या में सेना की जमीन पर अवैध कब्जा

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या जनपद के कैंट क्षेत्र में सेना की जमीनों पर अवैध कब्जे के मामले में स्वत: संज्ञान याचिका दर्ज करने का आदेश दिया है। मंगलवार को इस सम्बंध में दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए कहा कि इस मामले में बेहतर होगा कि वर्तमान याचिका पर सुनवाई के बजाय स्वत: संज्ञान (सुओ मोटो) याचिका दर्ज की जाए। इसके साथ ही न्यायालय ने स्वत: संज्ञान याचिका को सुनवाई के लिए बुधवार को पेश करने का भी आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अयोध्या निवासी प्रवीण कुमार दूबे की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। न्यायालय ने उक्त मामले में रजिस्ट्री को 'प्रोटेक्शन ऑफ डिफेंस लैंड एट अयोध्या' शीर्षक से स्वत: संज्ञान याचिका दर्ज करने का आदेश दिया। हेडक्वार्टर, अयोध्या कैंट की ओर से 11 फरवरी 2023 को जिलाधिकारी, अयोध्या को भेजे गए एक पत्र का हवाला दिया गया, इसके साथ ही जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा 19 फरवरी 2024 को डिफेंस अधिकारियों को उक्त मामले में भेजे गए पत्र को भी पेश करते हुए, दावा किया गया कि लगभग 13391 एकड़ जमीन सेना के रायफल रेंज के तौर पर संरक्षित है जो कैंट क्षेत्र के कई गांवों में विस्तारित है।

आरओ-एआरओ प्रश्नपत्र लीक मामले में एक और गिरफ्तारी

2010 से दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल कर रहा नौकरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक कराने वाले 16वें आरोपी को मेरठ एसटीएफ ने मंगलवार को पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुआ आरोपी दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल तैनात है। उसने दिल्ली पुलिस के प्रथम बटालियन, तृतीय बटालियन एवं सीएम बटालियन में भी सेवाएं दे रखी हैं।

एसटीएफ ने विक्रम पहल पुत्र कंवर सिंह निवासी बराह खुर्द, जींद हरियाणा को पेरिफेरल एक्सप्रेस वे स्थित खेकड़ा फ्लाईओवर के पास से सुबह 9 बजे गिरफ्तार किया है। उसके पास से उत्तर कुंजी भी बरामद हुई है। विक्रम से पूछताछ के दौरान बताया कि वह 2010 में दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल भर्ती हुआ था। दिल्ली पुलिस में उसकी पोस्टिंग तृतीय बटालियन, प्रथम बटालियान, यातायात, सीएम बटालियन में भी रही है। उसने बताया कि 2021 में उसकी मुलाकात सोनीपत के रहने वाले नितिन से हुई थी जो पहले उसके साथ पढ़ा-लिखा है। नितिन प्रतियोगी परीक्षाओं में साल्वर व पेपर आउट कराने का कार्य करता था। नितिन ने ही उनकी मुलाकात रवि अत्री से कराई थी।

मामले में अब तक पकड़े गए कई आरोपी

पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ मेरठ ने बीती 5 मार्च को दीप उर्फ दीपक पुत्र दिनेश, बिटटू पुत्र दया राम, प्रवीण पुत्र ओम पाल, रोहित उर्फ ललित पुत्र बिनोद कुमार, नवीन कुमार पुत्र सलेख चन्द, साहिल पुत्र अमरनाथ को गिरफ्तार किया। 12 मार्च को महेन्द्र पुत्र रामफल को, 14 मार्च को अभिषेक कुमार शुक्ला पुत्र ब्रम्हदेव शुक्ला, शिवम गिरि पुत्र राम अचल, रोहित कुमार पाण्डेय पुत्र विजयनाथ पांडेय, 21 मार्च को अभियुक्त सतीश धनकड, 3 अप्रैल 2024 को अभियुक्त राजीव नयन मिश्रा, 10 अप्रैल रवि अत्री पुत्र गोरख सिंह, 18 अप्रैल 2024 को अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र राजदेव चौहान, अजय कुमार चौहान पुत्र त्रिवेणी को गिरफ्तार किया।

आगरा में 96 साल के बुजुर्ग पर रेप की रिपोर्ट

आगरा, एजेंसी : जिले में एक महिला ने 96 साल के बुजुर्ग पर ही रेप की रिपोर्ट लिखाई है। जिस बुजुर्ग के मुंह में दांत नहीं और पैरों से चल नहीं सकते, उस पर और उसके बेटे पर रेप का आरोप लगा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इस मामले में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने कहा है कि इसमें पुलिस की लापरवाही दिख रही है। इस आरोप से परेशान बुजुर्ग ने इंसाफ के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी आवाज उठाई है। बुजुर्ग ने बताया कि कैसे एक महिला ने उसपर रेप का झूठा इल्जाम लगाया। पीड़ित चौधरी प्रताप सिंह ने बताया कि जब उसने और उसके बेटे ने अपने खेत में एक महिला को बकरी चराने से रोका, तो उक्त महिला ने अपने कपड़े फाड़कर पिरता-पुत्र पर रेप का इल्जाम लगा दिया। चौधरी प्रताप सिंह ने अपने सोशल मीडिया के जरिये कानून से इंसाफ की गुहार लगाई है।

अखिलेश के पास नहीं विकल्प, खुद नेता प्रतिपक्ष बने रहने को मजबूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोस चुनाव से किया किनारा, अब रणनीतिकार की भूमिका निभाएंगे

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लोकसभा चुनाव न लड़ने के राजनीतिक निहितार्थ हैं। वह न केवल उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में बने रहना चाहते हैं बल्कि इस लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र रहकर प्रचार की कमान संभालते हुए चुनावी रणनीतिकार की भूमिका निभाना चाहते हैं। अखिलेश की पत्नी डिंपल समेत परिवार के कई सदस्य चुनाव मैदान में हैं। अपनी पार्टी के प्रमुख स्टार प्रचारक होने के नाते उन्हें सपा और इंडी गठबंधन के लिए सभाएं भी करनी हैं।

दरअसल, अखिलेश यादव के पास सांसद बन कर नेता प्रतिपक्ष की सीट किसी और को सौंपने का या तो विकल्प नहीं या फिर विकल्प वह तलाशना नहीं चाहते? नेता प्रतिपक्ष की भूमिका का महत्व और इससे जुड़े अधिकारों को वह समझते हैं। एक तो विधानसभा में सीधा मुख्यमंत्री के समक्ष सवाल-जवाब और दूसरा उनकी इस सीट से पार्टी की बागडोर हाथ में मजबूत रहती है। पीछे जाएं तो पाते हैं कि अखिलेश यादव ने मैनपुरी के करहल से विधायक बनने के बाद आजमगढ़ लोस सीट से इस्तीफा दिया और नेता प्रतिपक्ष का पद संभाला। चाचा शिवपाल के साथ आने के बाद नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर कयासबाजी तो शुरू हुई, लेकिन उन्होंने समझौता नहीं किया। अखिलेश यह भी समझते हैं कि, खुद उम्मीदवार बनकर पार्टी की कार्यप्रणाली को छोड़ सीमित हो जाने का यह समय सही नहीं। संगठन और परिवार दोनों को साधते हुए मौजूदा लोस चुनाव संभालने और बाद 2027 के विस चुनाव की जमीन तैयार करने में ही समझदारी है।

डिवाइडर फांदकर ट्रक से टकराई बस, 4 की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

- कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के भीषण हादसा

अमृत विचार : ठठिया थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के एक स्लीपर बस डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी साइड पर जाकर ट्रक से टकरा गई। इससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 36 यात्री घायल हो गए। 10 यात्रियों को कानपुर रेफर कर दिया गया।

गोरखपुर से यात्रियों को लेकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए दिल्ली जा रही स्लीपर बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। मंगलवार तड़के करीब सवा चार बजे ठठिया थाना के बीरमपुर गांव के पास चालक को झपकी आ गई थी जिससे दुर्घटना हुई। मृतकों में नवीन (22 निवासी मथुरा, कु. अदिति श्रीवास्तव (24) निवासी गोरखपुर, राम कंठ (33) निवासी बाराबंकी, मनीष (09) निवासी बाराबंकी शामिल हैं।

मिर्जापुर में स्कूली छात्रायें गंगा में कूदी

मिर्जापुर, एजेंसी : जिले के चुनार क्षेत्र में मंगलवार को दो स्कूली छात्रायें गंगा नदी में कूद गयी जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार वाराणसी जिले के राजातालाब थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी सतीश की पुत्री गरिमा (15) एवं सुरेश की पुत्री जानकी (15) सहेली है। दोनों मालवीय इंटर कालेज शहंशाहपुर में एक ही कक्षा में पढ़ती थी। दोनों आज सुबह विद्यालय गई थी पर समय से नहीं लौटी तो खोजबीन शुरू हुयी। घर से छह किलोमीटर दूर चुनार के गंगा नदी के पुल पर दोनो की साइकिल और बस्ता मिला। आशंका व्यक्त की गई कि दोनों गंगा में कूद गई है।

प्रेमी को कमरे में बंद कर पीटा, मूछें और भौंह काट कर पुलिस को सौंपा

संवाददाता, औरैया

अमृत विचार : दिबियापुर थाना के एक गांव में शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को प्रेमिका के ससुरालियों ने जमकर पीटा। युवक की मूछें और भौंह भी साफ कर दीं। रात भर घर में बंद रखकर मंगलवार की सुबह युवक और महिला को पुलिस के सुपुर्द किया गया। थाने में महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की बात कह रही थी।

दिबियापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी शादीशुदा महिला जो की गर्भवती भी है। उससे मिलने मिलने गए युवक को महिला के ससुरालीजनों ने पकड़ लिया। सोमवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी लगभग दो माह की गर्भवती महिला का पति बाहर काम करने गया था। रात लगभग एक बजे गांव हीरा का पूर्वा निवासी मेहरबान महिला से मिलने पहुंच गया। इस बीच महिला के भतीजे ने दोनों को कमरे में बात करते देख लिया। हड़बड़ाहट में महिला ने प्रेमी मेहरबान को कमरे से रखे बक्से में बंद कर दिया। इस बीच रात लगभग ढाई बजे महिला के ससुरालीजन और पास में रहने वाले रिश्तेदार पहुंच गए। महिला ने बताया कि उसके मायके और ससुराल के लोगों ने उसे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया है। अब वह अपने प्रेमी के साथ रहेगी।

सोशल मीडिया साइट पर हुई दोस्ती

पीड़ित महिला ने बताया कि लगभग सात माह से उसकी, फेसबुक पर पास के ही गांव हीरा का पूर्वा निवासी मेहरबान से दोस्ती हो गई थी। दोनों के बीच फेसबुक मैसेंजर पर मेसेज के माध्यम से बात होने लगी। इसके बाद मोबाइल पर भी बात होनी शुरू हो गई थी। सोमवार की रात उसका प्रेमी उससे पहली बार मिलने आया था। दिबियापुर पुलिस दोनो को अपने हिरासत में लिए है। अभी तक तहरीर किसी ने नहीं नही दी है।

रिश्वत लेते मत्स्य विकास अधिकारी को किया गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार : भ्रष्टाचार निवारण संगठन सहारनपुर इकाई की टीम द्वारा मंगलवार को मत्स्य विकास अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी आनंद कुमार के खिलाफ यह कार्रवाई एक शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर की गई है। आरोप है कि शिकायतकर्ता से आनंद कुमार निजी भूमि पर तालाब निर्माण अनुदान राशि को लेकर रिश्वत की मांग कर रहा था। भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा आनंद कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की गई है।

दूल्हा बनने से पहले युवक ने की आत्महत्या, चार पर रिपोर्ट

बहराइच, एजेंसी : पुलिस चौकी में समझौते के नाम पर कथित तौर पर की गई पिटाई से अपमानित एक युवक द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या करने के एक मामले में संबंधित चौकी प्रभारी व आरक्षी सहित चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बालापुर गांव के युवक अनूप कुमार (21) का विवाह एक गांव में तय हुआ था और 26 अप्रैल को बारात जानी थी। दोनों पक्षों के बीच दहेज की मोटरसाइकिल को लेकर कुछ विवाद हुआ और शादी टूटने लगी। मसला सुलझाने के लिए चौकी इंचार्ज ने दोनों पक्ष को शनिवार सुबह चौकी पर बुलाया। अनूप शनिवार रात को चौकी से वापस अपने घर पहुंचा और उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों का आरोप है कि चौकी प्रभारी अयोध्या सिंह व एक आरक्षी ने मृतक अनूप की चौकी में पिटाई कर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। शिकायत में कहा गया है कि लड़की के पिता कुंजीलाल व एक अन्य ने अनूप को समझौते के लिए धमकाया था। युवक अपनी बेइज्जती बर्दाश्त न कर सका और उसने फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी।

बिहार के टाइगर गैंग का सदस्य नोएडा से गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिहार पुलिस ने रखा था एक लाख का इनाम

अमृत विचार : बिहार के टाइगर गैंग का सदस्य और विगत दो वर्षों से हत्या के प्रयास, अपहरण और डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देकर फरार अपराधी सुशील राय को मंगलवार को एसटीएफ ने नोएडा से गिरफ्तार किया है।

बिहार पुलिस ने सुशील राय पर एक लाख का इनाम रखा था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नोएडा के नोली थाने में रखा गया है। बिहार पुलिस द्वारा सहयोग मांगे जाने पर एसटीएफ मुख्यालय द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम सक्रिय की गई थी। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक नवेन्दु कुमार, केशव शांडिल्य द्वारा सूचनाएं संकलित की जा रही थीं। मंगलवार को पता चला कि सुशील राय नोएडा में मौजूद है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और सुशील राय को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के मुताबिक सुशील राय की उम्र लगभग 38 साल है और वह कक्षा 10 पास है। पूछताछ में सुशील ने बताया कि वर्ष 2001 में गांव की जमीन की रंजिश को लेकर उसके भाई मुन्ना राय की हत्या सुबोध राय एवं रामाधार राय ने अपने परिजन के साथ मिलकर कर दी थी। बदला लेने के लिए उसने रामाधार राय के ऊपर गोली चलाकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके कारण थाना तेघड़ा, जनपद बेगूसराय पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

वर्ग पहेली-49

बाएं से दाएं

3.1. पहचानना, ताड़ना 2. अनुमान करना, दूर से देखकर समझना।
6.1. शक्ति
7.1. नीचे की ओर झुकने की क्रिया 2. पैर पड़ना 3. गुण
9.1. सिनकने की क्रिया या भाव 2. नाक से निकलने वाला कफ़ या मैल।
10.1. झपटकर या तेज़ी से आगे बढ़ना, तेज़ी से जाना 2. पाने के लिए हाथ बढ़ाना 3. टूट पड़ना।

ऊपर से नीचे

1.1. किसी वस्तु से अंग लगाना या सटाना, स्पर्श करना 2. उंगली या हाथ लगाना 3. दौड़ या खेल की बाज़ी में जा पकड़ना 4. दान के लिए कोई वस्तु स्पर्श करना 5. बहुत हलकी चपत लगाना।
2. ओढ़ने का छोटा कपड़ा, ओढ़नी, दुपट्टा, चुनरी।
4. एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने का साधन, (ट्रांसपोर्ट)।
5.1. किसी चीज़ में हवा भरना, हवा फूंकने का काम 2. धौंकनी या भाथी से हवा करना, धौंकना 3. भाथी चलाने वाला व्यक्ति 4. धुँकाई, धौंक 5. फूंकने की नली, नरकट।
6. बांस की पतली लचीली फट्टी जिससे टोकरी या पंखे आदि बनाए जाते हैं।
8.1. पाखंडी व्यक्ति, कपटी, वंचक 2. घमंडी 3. प्रताड़ना।



वर्ग पहेली -48 का हल

■	■	■	■	1 चि	
2 गु	लं	3 च	■	4 फ़ि	ग	र
■	5 ला	6 म	■	प	
7 सु	र	वा	ह	न	■	रि
ले	■	■	ता	■	चि
मा	■	■	■	8 सा	के	त
9 न	हू	स	त	■	■

सुडोकू-128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8				1	5			6
		2		3	7		5	
	1					3	2	
	9		8			5		
		6				4		
		7			2		1	
	3						8	
	2		1	6				
4	7							3

सुडोकू -127 का हल

6	3	7	9	4	2	5	8	1
8	5	4	7	6	1	9	3	2
1	2	9	5	8	3	4	6	7
9	6	3	4	7	8	2	1	5
5	8	1	3	2	9	7	4	6
7	4	2	1	5	6	8	9	3
2	9	6	8	1	7	3	5	4
4	1	8	2	3	5	6	7	9
3	7	5	6	9	4	1	2	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा पूर्णरात्रि तक।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-स्वाती 25 अप्रैल 12.41 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे। कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों के माध्यम से आपको आज लाभ हो सकता है।

वृष — आज समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। आज कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

मिथुन — आज प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई को लेकर परेशानी होगी। साहस के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी रखनी चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

कर्क — आज घर में नकारात्मक वातावरण हो सकता है। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए।

सिंह — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

कन्या — आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिये जा सकते हैं। कारोबार के लिये आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा।

तुला — आज आप सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। जीवनस्तर में वृद्धि होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं।

वृश्चिक — आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।

धनु — आज आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जा सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

मकर — आज व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होंगे। आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका काफी अच्छा प्रदर्शन होगा। जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

कुंभ — आज आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। पिताजी के साथ चर्चा लाभकारी रहेगी। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

मीन — आज आपको उदासीन यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। बदहज़मी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। अनावश्यक विचारों के कारण नकारात्मकता महसूस कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- प्रेम दिवाने — सुबह : 11.40
- धमाल — रात : 07.11

&pictures
- मेरा तेरा हीरो — सुबह : 11.09
- गजनी — शाम : 04.18

SONY PIX
- सचिन : ए बिलियन ड्रीम्स — सुबह : 09.26
- इन द हार्ट ऑफ द सी — शाम : 06.33

ZEE CINEMA
- दुल्हन — सुबह : 09.10
- बदलापुर — रात : 09.20

colors CINEPLEX
- राफू चक्कर — सुबह : 10.31
- वन टू का फोर — रात : 08.49

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात :09.20 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया...
ऑपरेटर - आपको क्या समस्या है?
गर्लफ्रेंड - मेरे पैर की ऊंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है
ऑपरेटर - और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
गर्लफ्रेंड - नहीं, एंबुलेंस तो मेरे बॉयफ्रेंड के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।

वीरू- सुना है कि शादियां आसमान में ही तय हो जाती हैं, जय- बिल्कुल ठीक, लेकिन यह भी याद रखना कि तूफान और बिजली भी आसमान से ही कड़कती हैं...।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	73,738.45	22,368
तेजी	89.83	31.60
प्रतिशत में	0.12	0.14

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, बुधवार, 24 अप्रैल 2024

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक-985 फ्लैग-1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1160

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1820, राज श्री 1310, फ़ॉर्चून कि. 1840, रविन्द्रा 1785, फॉर्चुन ली0 1680, जय जवान 1420, सचिन 1575, सूरज 1445, अवसर 1670, राग गोल्ड 1670, गृहणी 1565, क्लासिक (kg) 1700, मोर 1565, चक्र टिन 1635, ब्लू 1685, आशीर्वाद मस्टर्ड 1710, स्वास्तिक 1790 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल - (प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7175-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16500 । चीनी -डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090 (नयी), बहेड़ी 4100 (नयी)।

कृषि निर्यात अप्रैल-फरवरी में 8.8% घटकर पहुंचा 43.7 अरब डॉलर

रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज पर लगे घरेलू प्रतिबंध से आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का कृषि निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर रहा। इसका मुख्य कारण लाल सागर संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर लगाए गए घरेलू प्रतिबंध हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कृषि निर्यात 47.9 अरब डॉलर रहा था। देश के कृषि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी गिरावट देखी गई। यह 2023-24 में केवल 0.7% बढ़ी, जो 2022-23 में 4.7% थी।

आंकड़ों से पता चला कि एपीडा (कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) 'बास्केट' में 719 अनुसूचित कृषि उत्पादों का

निर्यात पिछले वर्ष के 11 महीनों के दौरान 6.85% घटकर 22.4 अरब डॉलर रहा। जबकि अप्रैल-फरवरी 2022-23 में यह 24 अरब डॉलर था। अधिकारी ने कहा कि चावल, गेहूं, चीनी और प्याज जैसी वस्तुओं पर निर्यात प्रतिबंध से पिछले वर्ष में पांच-छह अरब डॉलर का कृषि निर्यात प्रभावित हुआ है। 24 प्रमुख वस्तुओं में से 17 में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। इसमें ताजे फल, भैंस का मांस, प्रसंस्कृत सब्जियां, बासमती चावल और केला शामिल हैं।

कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना पर काम जारी

नई दिल्ली। सरकार केला, आम, आलू और बेबी कॉर्न सहित 20 कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार कर रही है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इनमें से प्रत्येक उत्पाद के लिए कार्ययोजना अगले 3-4 महीनों में तैयार होने की संभावना है। आगे की कार्रवाई के लिए राज्यों सहित सभी सबंधित पक्षों के साथ कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। इन वस्तुओं के निर्यात को बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि इनका उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ अधिक मात्रा में उत्पादन होता है और ये वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी हैं। हमने 20 उत्पादों की पहचान की है। इस समय वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी कम है। हम इन सभी उत्पादों के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर काम कर रहे हैं।

मौसम कर सकता है जीडीपी को प्रभावित

मुंबई, एजेंसी

देश में जीडीपी वृद्धि दर तेज होने की स्थितियां बनी हैं लेकिन वैश्विक स्तर पर तनाव के साथ प्रतिकूल मौसम से मुद्रास्फीति का जोखिम पैदा हो सकता है। आरबीआई के अप्रैल बुलेटिन में ये कहा गया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.9 प्रतिशत हो गई। इससे पहले दो महीनों में यह औसतन 5.1 प्रतिशत ही थी।

रिजर्व बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति का निर्धारण करते समय खुदरा महंगाई को ध्यान में रखता है। केंद्रीय बैंक ने फरवरी, 2023 से ही रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक लेख कहता है कि 2024 के वसंत में गर्मी बनी हुई है। दरअसल इसका इशारा मार्च, 2024 के पिछले 170 साल का सबसे गर्म मार्च महीना होने की तरफ है। डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने इस लेख में कहा है कि गर्मियों के दौरान नजर रखनी होगी। मानसून के दस्तक देने से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतों में अधिक गर्मी से झटके लगने का अंदेशा है। निकट अवधि में प्रतिकूल मौसमी घटनाओं के साथ लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव से मुद्रास्फीति का जोखिम पैदा हो सकता है। आरबीआई ने साफ किया कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और यह उस का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

मौजूदा हालात में पूंजी बफर व्यवस्था जरूरत नहीं

मुंबई। आरबीआई ने कहा कि उसने प्रति-चक्रीय यानी मुश्किल हालात से निपटने के लिए लाई गई पूंजी बफर (सीसीवाईबी) व्यवस्था को सक्रिय नहीं करने का फैसला किया है, क्योंकि मौजूदा हालात में इसकी जरूरत नहीं है। आरबीआई ने फरवरी, 2015 में कठिन समय से पार पाने के लिए पूंजी बफर व्यवस्था से संबंधित रूपरेखा लागू की थी। इसमें यह सलाह दी गई थी कि सीसीवाईबी को परिस्थितियों के हिसाब से जरूरत महसूस होने पर लागू किया जाएगा और इस बारे में सामान्य तौर पर पहले घोषणा की जाएगी। केंद्रीय बैंक की रूपरेखा के मुताबिक, सीसीवाईबी को लागू करने के मुख्य संकेतक के रूप में ऋण-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अंतर यानी कर्ज जीडीपी अनुपात और इसके दीर्घकालीन रुख के बीच अंतर पर गौर किया जाएगा।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	82200
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	54900-55100
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	74,150
सोना रवा	74,000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	84,100
चांदी (999)	84,100
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	74000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	73000
सिल्वर (पक्की)	810 (अनुमानित)

सोना 1,450 रुपये टूटकर 72,200 रुपये पर, चांदी 2,300 रुपये लुढ़की

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख और व्यापारियों की मुनाफावसूली से सोने में दूसरे दिन भी गिरावट देखी गई। मंगलवार को सोना 1,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी की कीमत में भी 2,300 रुपये प्रति किलो की गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि दिल्ली में सोना 1,450 रुपये की गिरावट के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह, चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये लुढ़ककर 83,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही। इसका पिछला बंद भाव 85,800 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि दिल्ली के बाजार में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। यह पिछले बंद भाव से 1,450 रुपये कम है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,310 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 55 डॉलर नीचे है।

सिंगापुर, हांगकांग से मसाला उत्पादों पर रोक पर भारत ने मांगी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा

मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं पर एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों पर प्रतिबंध लगाया है।

वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है। उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि कंपनियों से विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान संबंधित निर्यातकों के साथ मिलकर किया जाएगा। सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से तकनीकी विवरण, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और निर्यातकों के बारे में ब्योरा मांगा गया है। सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग से भी विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला बोर्ड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध पर विचार कर रहा है।

महिंद्रा फाइनेंस के वाहन ऋण कारोबार में 150 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

नई दिल्ली। महिंद्रा फाइनेंस ने मंगलवार को कहा कि उसकी एक शाखा में खुदरा वाहन कर्ज में लगभग 150 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला मार्च में पता लगा था और वित्तीय नतीजों को अंतिम रूप देने के लिए निदेशक मंडल की बैठक 30 मई तक के लिए टाल दी गई है। कंपनी ने इसकी जानकारी शेयर बाजार को दे दी है। इससे पहले महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज के निदेशक मंडल की दिन में हुई बैठक में उधारी सीमा को 1.10 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.30 लाख करोड़ रुपये करने की मंजूरी दी गई। एम एम निसिम एंड कंपनी और एम पी चितले एंड कंपनी को तीन साल के लिए कंपनी के संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त करने का भी फैसला किया गया। महिंद्रा फाइनेंस ने कहा कि 31 मार्च, 2024 को चौथी तिमाही के अंत में एक शाखा में धोखाधड़ी का पता चला। खुदरा वाहन ऋण वितरण के संबंध में केवाईसी की जालसाजी की गई जिससे कंपनी के धन का गबन हुआ। मामले में जांच अग्रिम चरण में है। धोखाधड़ी से 150 करोड़ रुपये तक का वित्तीय प्रभाव पड़ने की आशंका है।

राष्ट्रीय

एक नजर

मप्र में कार से 1.03 करोड़ नकद और चार किग्रा चांदी के आभूषण जब्त

मंदसौर (मप्र)। मंदसौर जिला पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान कार से 1.03 करोड़ की नकदी और चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किये हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया कि कार सवार दो पुरुष और एक महिला को हिरासत में लिया गया। नई आबादी थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने बताया कि देर रात कार को रोका और आगे की सीटों के नीचे डिब्बे बनाकर रखी गई नकदी और चांदी के आभूषण बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि जब्ती के बारे में आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा। मंदसौर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा।

नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को कोर्ट ने सुनाई 20 वर्ष कारावास की सजा

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के पोक्सो न्यायालय ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी मौसा को 20 साल के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। लोक अभियोजक रूपेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि मामला 16 जुलाई 2023 का केकड़ी के बोराड़ा थाने से जुड़ा है, जहां सगे मौसा ने 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। दुष्कर्म के मामले में पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश बन्ना लाल जाट ने अपने फैसले में दुष्कर्म के आरोपी मौसा को 20 साल का कारावास, 49 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया है। न्यायाधीश ने अपने फैसले में पीड़िता को प्रतिकर स्कीम में छह लाख रुपये दिये जाने के भी आदेश दिये हैं।

कश्मीर में आठ ड्रग तस्करों के खिलाफ केस

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने आठ कुख्यात ड्रग तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तस्करों को हिरासत में ले लिया गया है और बाद में जम्मू के सेंट्रल जेल कोट-भलवाल भेज दिया गया। आरोपी बांदी, कुंजर, ओगमुना, पट्टन, मिरगुंड वागुरा, क्रेरी और जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करके नशीली दवाओं के दुरुपयोग को बढ़ावा देने में शामिल थे।

पति ने की गला रेतकर पत्नी की हत्या

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ढिगावडा में मंगलवार अल सुबह एक व्यक्ति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि खेड़ला, मालाखेड़ा निवासी देवीदयाल मीना ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बहन काली की सुबह उसके पति ढिगावडा के श्रीराम ने गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस मौके पहुंची तो घर में काली का शव पड़ा था और उसका गला कटा था। अभी हत्या करने के कारणो का पता नहीं चला है। आरोपी मौके से फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मेघालय : यूट्यूबर से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में तीन गिरफ्तार

शिलांग। 26 वर्षीय यूट्यूबर से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन लोग गिरफ्तार किए गए है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अपराध का कथित वीडियो व्हाट्सएप पर वायरल हो रहा है, जिसके बाद पीड़िता ने 20 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने स्थानीय समाचार चैनल को बताया कि मुझे मेरे दोस्त ने नशीला पदार्थ दिया था। मेरे साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने बताया कि 18 से 20 साल के तीनों आरोपियों को पूर्वी जैंतिया हिल्स जिले से गिरफ्तार किया गया है। पूर्वी खासी हिल्स जिले के पुलिस अधीक्षक ऋतुराज रवि ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

लोगों का धन अपने खास में बांटने की कांग्रेस ने रची साजिश : मोदी

दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण खत्म नहीं होने दिया जाएगा

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण को मुसलमानों को देना चाहती थी। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों का धन अपने 'खास' लोगों में बांटने की गहरी साजिश रची है। मोदी ने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा। कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह है। मोदी ने कांग्रेस पर यह टिप्पणी उस दिन की जबकि देश भर में हनुमान जयंती मनाई जा रही है।

मोदी ने टोंक के उनियारा में चुनावी सभा में कहा कि 2004 में जैसे ही कांग्रेस केंद्र में आई तो उसके सबसे पहले आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण को कम कर मुसलमानों को देने का प्रयास था। 'संपत्ति के पुनर्वितरण' संबंधी टिप्पणी पर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने लोगों का धन अपने 'खास' लोगों को बांटने की गहरी साजिश रची है। मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने भाषण दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। ये संयोग नहीं था। ये अकेला बयान नहीं था। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता से वो ऐसा नहीं कर पाए। जब कर्नाटक में भाजपा आई तो उसने मुस्लिमों को दिये आरक्षण को खत्म किया।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले बांसवाड़ा में दिए 90 सेकंड के भाषण में वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति उजागर होने के बाद कांग्रेस व गठबंधन में भगदड़ मच गई है। मैंने देश के सामने सत्य रखा। दो-तीन दिन पहले मैंने कांग्रेस की इस वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था। इससे कांग्रेस को इतनी मिर्ची लगी है कि वे हर तरफ मुझे गालियां देने में जुटे हैं।

कांग्रेस उम्मीदवार की टिप्पणी पर पीएम बोले- देश तोड़ने की चाल है

सक्ती (छत्तीसगढ़)। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर उसके गोवा के उम्मीदवार की उस टिप्पणी पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि तटीय राज्य पर भारतीय संविधान थोपा गया है। मोदी ने इसे देश को तोड़ने की चाल करार दिया। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में चुनावी रैली में मोदी ने आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद से ही तुष्टिकरण में लगी है। मोदी ने दक्षिण गोवा के कांग्रेस उम्मीदवार विरीएटो फर्नांडिस के बयान पर कहा कि कांग्रेस को देश के बड़े हिस्से ने नकार दिया है इसलिए वह देश में अपने लिए ऐसे टापू बनाना चाहती है। प्रधानमंत्री जांजगीर-चांपा क्षेत्र के सक्ती कस्बे के चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

मेरी मां का मंगलसूत्र देश के लिए कुर्बान हुआ : प्रियंका गांधी

बेंगलुरु। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलसूत्र संबंधी प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी मां सोनिया गांधी का मंगलूत्र देश के लिए कुर्बान हुआ है।

प्रियंका ने बेंगलुरु की चुनावी सभा में कहा कि अगर प्रधानमंत्री मंगलसूत्र का महत्व समझते को ऐसी बातें नहीं करते। राजस्थान में रविवार को रैली में मोदी ने कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की गाढ़ी कमाई और संपत्ति 'घुसपैठियों' तथा ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले लोगों को देने की है। ये अर्बन नक्सल वाली सोच.... मेरी माताओ- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। प्रियंका ने कहा कि क्या कांग्रेस ने किसी का सोना या मंगलसूत्र छीना? जब देश युद्ध लड़ रहा था, इंदिरा जी ने गहने दे दिए थे। जब मेरी बहनों को नोटबंदी के चलते मंगलसूत्र गिरवी रखने पड़ते तब प्रधानमंत्री कहां थे।

उच्चतम न्यायालय ने निलंबित की कांग्रेस विधायक की सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को जारी किया नोटिस
- तीन साल कारावास और 50 हजार जुर्माने की हुई थी सजा

उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कटक-बाराबती के विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को नोटिस जारी किया। विधायक ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करें। पक्षों को सुनने और सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, याचिकाकर्ता की सजा को निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। मुकीम को एक सतर्कता अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में तीन साल के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई थी और उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। उनकी अपील को हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को रद किया था। भुवनेश्वर में सतर्कता मामलों के विशेष न्यायाधीश ने उन्हें 29 सितंबर 2022 को दोषी ठहराया था। सतर्कता विभाग ने कहा कि मेट्रो बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुकीम ने अधिकारी संग मिलीभगत करके राज्य संचालित ओडिशा ग्रामीण आवास एवं विकास निगम लिमिटेड (ओआरएचडीसी) से ऋण की आड़ में रियल एस्टेट कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाया।

कांग्रेस विधायक पर कार्रवाई के लिए आयोग को लिखा पत्र

नई दिल्ली/बेंगलुरु। ईडी ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा कि विस चुनाव के दौरान रिश्वत देने सहित गैरकानूनी लेन-देन के लिए 42 करोड़ रुपये जुटाने के मामले में कर्नाटक से कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी पर कार्रवाई की जाए। कर्नाटक लोकायुक्त को लिखे पत्र में बेल्लारी शहर सीट से विधायक के खिलाफ सबूतों पर गौर करने और मामला दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

बिहार में कांग्रेस ने उतारे नौ प्रत्याशी रविशंकर के सामने मीरा के पुत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- वरिष्ठों के साथ नए चेहरों और दूसरे दलों से आए नेताओं पर लगाया दांव

कांग्रेस ने मंगलवार को बिहार के पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के खिलाफ पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अविजित को उतारने के साथ ही गठबंधन में पार्टी के कोटे की सभी नौ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

बिहार में कांग्रेस ने वरिष्ठ नेताओं को टिकट देने के साथ ही नए चेहरों और दूसरे दलों से आए नेताओं पर दांव लगाया है। बिहार में कांग्रेस गठबंधन के तहत नौ सीट पर चुनाव लड़ रही है, जिन पर उसने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। अविजित पटना साहिब सीट पर भाजपा के रविशंकर प्रसाद को चुनौती देंगे। प्रसाद इस क्षेत्र से सांसद हैं। सासाराम सीट से मनोज कुमार कांग्रेस के उम्मीदवार है। इस सीट का लोस की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार चार प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। मुजफ्फरपुर सीट से अजय निषाद प्रत्याशी है। निषाद भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए हैं। महाराजगंज सीट से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र आकाश प्रसाद सिंह चुनाव लड़ेंगे। समस्तीपुर सीट से बिहार सरकार के मंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के नेता महेश्वर हजारी के पुत्र सनी हजारी को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। पश्चिमी चंपारण से मदन मोहन तिवारी को टिकट दिया गया है। कटिहार से पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर, किशनगंज से सांसद मोहम्मद जावेद और भागलपुर से कांग्रेस नेता अजीत शर्मा मैदान में हैं। बिहार प्रदेश कांग्रेस के नेता किशोर कुमार झा का कहना है कि पार्टी ने कई सीटों पर दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट दिया है जिससे कार्यकर्ता निराश हैं। पिछले चुनाव में भी यही फार्मूला अपनाया था।

देश में कांग्रेस ने 302 प्रत्याशी उतरे

बिहार में गठबंधन के तहत राष्ट्रीय जनता दल 23, कांग्रेस नौ, वीआईपी तीन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले), तीन और भाकपा एवं माकपा एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए देश भर में अब तक कुल 302 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

भोजशाला : एएसआई ने सर्वे पूरा करने को मांगा और समय

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में महीने भर से वैज्ञानिक छानबीन कर रहे एएसआई ने यह कवायद पूरी करने के लिए अदालत से आठ सप्ताह की मोहलत मांगी है। एएसआई ने इंदौर पीठ में दायर अर्जी में कहा कि परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की दरकार है। कोर्ट ने इस पर अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख पहले ही तय कर रखी है। इस तारीख को एएसआई की ताजा अर्जी पर भी सुनवाई हो सकती है। कोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह में सर्वे करने का आदेश दिया था।

श्रीराम के चित्र वाली प्लेट में बिरयानी बेचने की शिकायत पर दुकानदार हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने शिकायत के बाद एक व्यक्ति को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया कि उसने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी में एक बार इस्तेमाल होने वाली (डिस्पोजेबल) प्लेटों में बिरयानी बेची थी जिन पर कथित तौर पर भगवान श्रीराम की तस्वीर थी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि दुकानदार ने एक कारखाने से 1000 प्लेट खरीदी थीं और उनमें से केवल चार पर भगवान श्रीराम का चित्र था। उसे प्लेटों पर भगवान श्रीराम के चित्र की जानकारी नहीं थी और कारखाना मालिकों ने भी इस बात की पुष्टि की है। दिल्ली पुलिस को शनिवार शाम को जहांगीरपुरी इलाके से किसी का फोन आया था कि एक व्यक्ति भगवान श्रीराम के चित्र वाली प्लेटों में बिरयानी बेच रहा है। टीम वहां पहुंची तो कुछ लोग दुकान के बाहर दिखे। उन्हें जांच का आश्वासन देकर शांत कराया गया। दुकान को पहले हिरासत में लिया गया और बाद में छोड़ दिया गया। प्लेट भी जब्त कर ली गई है। अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है और जांच जारी है।

भाजपा विधायक नीतेश राणे, गीता जैन पर भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को बंबई हाईकोर्ट को सूचित किया कि जनवरी में ठाणे जिले में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में उन्होंने भाजपा विधायकों नीतेश राणे और गीता जैन के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजुषा देशपांडे की खंडपीठ ने पिछले सप्ताह संबंधित पुलिस आयुक्तों से इस बारे में व्यक्तिगत रूप से सत्यापन करने को कहा था कि क्या दोनों नेताओं के भाषण अपमानजनक और भड़काऊ थे। सरकारी अभियोजक हितेन वेंगांवकर ने मंगलवार को कोर्ट से कहा कि पड़ताल से पता चलता है कि इस साल जनवरी में ठाणे के मीरा भायंदर इलाके में सांप्रदायिक हिंसा के बीच राणे और जैन द्वारा दिए गए भाषण अपमानजनक थे। वेंगांवकर ने कहा कि राणे पर मुंबई के मालवानी, मानखुर्द और घाटकोपर इलाकों में अपनी रैलियों में नफरत भरे भाषण देने का आरोप है।

कोर्ट का पूर्व विशेष डीजीपी की सजा निलंबित करने से इनकार

यौन उत्पीड़न का मामला

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न के मामले में तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजेश दास को सुनाई गई तीन साल की सजा निलंबित करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम दंडपाणि ने दास को निचली अदालत में आत्मसमर्पण करने से छूट देने से भी मनाकर दिया। 2021 में महिला अधिकारी का यौन उत्पीड़न के मामले में विल्लुपुरम कोर्ट ने दास को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी।

नोवाक साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी स्पेन की टीम को भी लॉरियस पुरस्कार

मैड्रिड। पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को 'ब्रेकथ्रू पुरस्कार' मिला जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड से नवाजा गया। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में खिताब जीतने के साथ रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांचवीं बार लॉरियस पुरस्कार जीता। लॉरियस के अनुसार नडाल के फाउंडेशन को स्पेन और भारत में 1,000 से अधिक कमजोर युवाओं की मदद करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

5 वीं बार मिला जोकोविक को लॉरियस पुरस्कार

"2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं अपने पीछे एक अविश्वसनीय टीम और प्रेरणादायक प्रतिद्वंद्वियों के बिना ये सफलता हासिल नहीं कर पाता।
- नोवाक जोकोविच

भारतीय ट्रैप निशानेबाजों को ड्रॉ में मिली हार

दोहा, एजेंसी

आईएसएसएफ ओलंपिक शॉटगन क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे छह भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में से कोई भी फाइनल में जगह बनाने में कामयाब नहीं हुआ। कतर के दोहा में आयोजित चैंपियनशिप की पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में तीन भारतीय निशानेबाज विवान कपूर, जोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन में से कोई भी क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए। इसके अलावा मनीषा कीर, नीरू और श्रेयसी सिंह का महिला टीम भी अपने स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में असफल रही।

पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में, पृथ्वीराज टोंडिमान 119 के स्कोर के साथ

क्वालिफिकेशन राउंड में 23वें स्थान पर रहते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। विवान कपूर 116 स्कोर के साथ 56वें स्थान पर रहे, जबकि जोरावर सिंह संधू 114 के स्कोर के साथ 140 में 82वें स्थान पर रहे। इस दौरान केवल शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। मनीषा कीर 111 के स्कोर के साथ 37वें स्थान पर रहते हुए महिलाओं के ट्रैप क्वालीफायर में शीर्ष स्थान पर रहीं।

दिल्ली कैपिटल्स को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा। सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ नोर्किया बिलकुल भी लय में नजर नहीं हैं। वहीं, पीठ में जकड़न से बाहर चल रहे इशांत शर्मा के वापसी की उम्मीद होगी।

मुकाबला आज

दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटंस
समय : शाम 7:30 बजे

वहीं, नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टाइटंस के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट की जीत की बदौलत यह पूर्व चैंपियन टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। टाइटंस की नजरें भी लय को बरकार रखने पर टिकी होंगी।

खेल डायरी

चमारी अटापट्टू महिला बल्लेबाजी वनडे रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंची

दुबई। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रनों रिकार्डो वाली पारी खेलने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू आईसीसी की महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। चमारी की इस पारी ने महिला क्रिकेट के कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे, जिसमें एकदिवसीय में सफल लक्ष्य हासिल के दौरान सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था।

एशियाई अंडर-20 प्रतियोगिता के लिए भारतीय एथलीट तैयार

दुबई। प्रतिभाशाली एथलीट सिद्धार्थ चौधरी और मध्यम दूरी की धाविका लक्षिता सैंडिलिया बुधवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमश : पुरुष और महिला वर्ग में अपने गोला फेंक और 1500 मीटर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एशियाई अंडर-20 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 31 पुरुषों सहित 60 सदस्यीय टीम का चयन किया है।

आशी और स्वप्निल को थ्रीपी ट्रायल में मिला शीर्ष स्थान

नई दिल्ली। आशी चौकसी और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को राइफल/पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) के क्वालीफिकेशन में क्रमश : महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे। आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। तोक्यो ओलंपियन अंजुम मोदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं श्रीजा अकुला

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं।

अदब से भेदा चेन्नई का किला

मार्कस स्टोइनिस ने खेली नाबाद 124 रनों की पारी, लखनऊ छह विकेट से जीता

चेन्नई, एजेंसी

मार्कस स्टोइनिस नाबाद (124) और निकोलस पूरन (34) रनों की शानदार पारियों की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद किला कहे जाने वाले चेपोक स्टेडियम को भेद कर चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया।

211 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (शून्य) को विकेट गवां दिया। उन्हें दीपक चाहर ने बोल्ड आउट किया। उसके बाद कप्तान के एल राहुल 14 गेंदों में (16) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। देवदत्त पड़िक्कल (13) रन बनाकर आउट हुये। मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों के बीच 70 रनों की साझेदारी हुई। निकोलस 15 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (34) रन बनाए। मार्कस स्टॉयनिस ने 63 गेंदों में 13 चौके और छह छक्कों की मदद से नाबाद (124) रनों की पारी खेली। दीपक हुड्डा छह गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 213 रन बनाकर कर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। चेन्नई की ओर से मथीशा पथिराना को दो विकेट मिले। दीपक चाहर और मुस्तफिजुर रहमान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (108) की शतकीय और शिवम दुबे (66) रनों की अर्धशतकीय आतिशी पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया।

शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते मार्कस स्टोइनिस। ● एजेंसी

शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन करते ऋतुराज

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	08	379
ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके)	08	349
ट्रेविस हेड (हैदाराबाद)	06	324

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

चेन्नई 210/4 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अजिंक्या रहाणे का राहुल बो हेनरी	1	3	0/0
ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद	108	60	12/3
डेरिल मिचेल का हुड्डा बो यश ठाकुर	11	10	1/0
रविंद्र जडेजा का राहुल बो मोहसिन	16	19	2/0
शिवम दुबे रन आउट	66	27	3/7
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	4	1	1/0

गेंदबाजी : हेनरी 4-0-28-1, मोहसिन 4-0-50-1, बिश्नोई 2-0-19-0, यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस 4-0-49-0, कृणाल 2-0-15-0

लखनऊ 213/4 — 19.3 ओवर, अतिरिक्त : 09

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक बो चाहर	0	3	0/0
लोकेश राहुल का गायकवाड़ बो रहमान	16	14	1/1
मार्कस स्टोइनिस नाबाद	124	63	13/6
देवदत्त पडिक्कल बो पथिराना	13	19	0/0
निकोल्स पूरन का शारदुल बो पथिराना	34	15	3/2
दीपक हुड्डा नाबाद	17	6	2/1

गेंदबाजी : चाहर 2-0-11-1, देशपांडे 3-0-34-0, रहमान 3.3-0-51-1, शारदुल 3-0-42-0, मोईन 2-0-21-0, जडेजा 2-0-16-0, पथिराना 4-0-35-2

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
लखनऊ	8	5	3	10	+0.148
चेन्नई	8	4	4	8	+0.415
गुजरात	8	4	4	8	-1.055
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
दिल्ली	8	3	5	6	-0.477
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

"ये हार को पचा पाना मुश्किल है। मैच 13वें ओवर तक हमारी पकड़ में था लेकिन लखनऊ ने आखिर में अच्छी वापसी की इसका श्रेय स्टोइनिस को देना होगा। इस हार में ओस की बड़ी भूमिका रही। इसने हम स्पिनरों का इस्तेमाल नहीं कर सके, लेकिन ये खेल का हिस्सा है इस पर किसी का नियंत्रण नहीं होता। **- ऋतुराज गायकवाड़, कप्तान, सीएसके**

एम ए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद डैरिल मिचेल ने ऋतुराज के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 45 रन जोड़े। छठें ओवर में यश ठाकुर ने हुड्डा के हाथों कैच आउट कराकर मिचेल (11) को पवेलियन भेज दिया। 12वें ओवर में रवींद्र जडेजा (16) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि दूसरे छोर से ऋतुराज लगातार रन बनाते रहे। उन्होंने नाबाद (108) रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने ऋतुराज चौथे विकेट लिए 104 रनों की साझेदारी की। महेन्द्र सिंह धोनी ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर टीम का स्कोर चार विकेट पर 210 रन पहुंचा दिया।

टी-20 विश्वकप में खेलने की संभावनाओं को सुनील नारायण ने किया खारिज

कोलकाता, एजेंसी

वेस्टइंडीज ऑलराउंडर स्पिनर सुनील नारायण ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए कहा कि 'अब दरवाजे बंद' हो चुके है।

बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के नारायण ने कहा कि मुझे इस बात से खुशी है और मैं आभारी भी हूं कि मेरे फॉर्म के कारण लोग चाहते हैं कि मैं संन्यास से वापसी करूं और आगामी टी-20 विश्व कप खेलूं, लेकिन मैंने संन्यास के निर्णय के साथ शांति चुनी थी और अब वे दरवाजे बंद हो चुके हैं। मैं वेस्टइंडीज के लिए खेल रहे लड़कों का समर्थन करूंगा, जिन्होंने टीम में आने के लिए पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। ये खिलाड़ी एक और टी-20 विश्वकप खिताब जीतने की काबिलियत रखते हैं। नारायण के इस फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान रोवमन पॉवेल ने कहा था कि वह पिछले 12 माह से नारायण से संन्यास से वापसी के बारे में बोल रहे हैं।

धीमी होंगी पिचें, बड़े स्कोर की उम्मीद नहीं

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मिलर को कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में ज्यादा स्कोर वाले मैचों की उम्मीद नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वहां की पिचें धीमी होंगी। अनुकूल परिस्थितियों और बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम ने मौजूदा आईपीएल में बल्लेबाजों को दबदबा बनाने में मदद की है। मिलर ने कहा यह कहना मुश्किल होगा कि विश्व कप में अधिक स्कोर वाले मुकाबले होंगे या नहीं क्योंकि परिस्थितियां बहुत अलग होंगी। भारतीय विकेटों की तुलना में कैरेबियाई विकेट धीमे हो सकते हैं। यह उस दिन की परिस्थितियों का आकलन करने और उसके अनुसार खेलने से जुड़ा है।

दिल्ली में आने के बाद परिपक्व हो गया हूं : कुलदीप

नई दिल्ली। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा थे तब उनके प्रदर्शन में काफी गिरावट आई थी लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जुड़ने के बाद इस गेंदबाज ने आईपीएल के साथ राष्ट्रीय टीम के लिए भी शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली की टीम से जुड़ने के बाद कुलदीप ने 33 मैचों में 41 विकेट चटकाए है। कुलदीप बताया कि 2020 में घुटने की ऑपरेशन के बाद कोच कपिल पांडे की देखरेख में अभ्यास करते हुए उन्होंने नए कौशल विकसित किए जिसका फायदा मिला। मैं जब केकेआर में था तब मुझे मार्गदर्शन की जरूरत थी लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। अब मैं अपनी समझ से चीजें नियंत्रित करता हूं। माही भाई ने 2019 के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना छोड़ दिया था और उसके बाद मुझे मार्गदर्शन की जरूरत महसूस हुई।

टोरंटो में भारतीय भूचाल, गुकेश की जीत से आएगा बदलाव : कास्परोव

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि 'टोरंटो में भारतीय भूचाल' आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है।

17 साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूस का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कास्परोव ने 'एक्स' पर लिखा, बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे। गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 14वें और अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और संभावित 14 में से नौ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

विश्व में छाए हुए हैं विशी आनंद के बच्चे

कास्परोव ने भारतीय शतरंज में आनंद के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा विशी आनंद के बच्चे छाए हुए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कास्परोव ने शतरंज के शक्ति केंद्र में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, अमेरिका और इंग्लैंड के कई शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों के नाम देखें, यह देखने के लिए कि चीन और भारत के प्रवासी शतरंज में उपलब्धि हासिल करने के लिए उतने ही जुनूनी हैं। वर्ष 1985 से 1993 तक निर्विवाद विश्व चैंपियन रहे कास्परोव ने लिखा, कास्परोव शतरंज फाउंडेशन ने इस लहर को बढ़ते देखा है और गुकेश की सफलता इसे और ऊपर उठाएगी।

लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम के घर में होगा फाइनल मैच

मुंबई, एजेंसी

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी।

मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही। अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं। ओडिशा एफसी और एफसी गोवा ने क्रमशः केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ अपने नॉकआउट मैच जीते और सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत 23 अप्रैल को भुवनेश्वर में मोहन बागान सुपर जाइंट और ओडिशा के बीच होगी। अगले दिन 24 अप्रैल को मुंबई सिटी गोवा में एफसी गोवा के खिलाफ सेमीफाइनल का पहला चरण खेलेगी।

स्पेनिश लीग: मालोर्का की बढ़ीं मुश्किलें

सेविले (स्पेन)। सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा (रेलीगेशन) मंडरा रहा है। लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। मालोर्का की टीम सेविला के खिलाफ पहले हाफ में हावी रही लेकिन मेजबान टीम ने दूसरे हाफ में यूसेफ एन नेसरी के हेडर से दागे गोल से बढ़त बनाई और 15 मिनट बाद इसाक रोमेरो ने स्कोर 2-0 कर दिया।

बॉलीवुड हलचल

सलमान की फिल्म सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म सिकंदर का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। सिकंदर अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करेगे अनिल कपूर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर, अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म ''दे दे प्यार दे'' अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई थी। दे दे प्यार दे बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब इस फिल्म के सेकंड पार्ट में रकुल प्रीत सिंह की फैमिली का इंट्रोडोक्शन हो सकता है। कहा जा रहा है कि दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर काम करते नजर आ सकते हैं। वह इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह के पिता का रोल कर सकते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

सैन्य खर्च करने वाला भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ोतरी के साथ 83.6 अरब डॉलर सैन्य पर खर्च हुआ है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है।

83.6 अरब डॉलर सैन्य खर्च के साथ अमेरिका, चीन और रूस के बाद रहा भारत

- पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक है। साल 2014-18 और 2019-23 के बीच भारत का हथियार आयात 4.7 फीसदी बढ़ा है। भारत 9.8 फीसदी हथियार आयात के साथ दुनिया में पहले नंबर पर है। भारत ने रूस से सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। भारत के कुल हथियार आयात का यह 36 फीसदी रहा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 1960-64 के सोवियत समय के बाद यह पहली बार है जब भारत के हथियार आयात में रूस की हिस्सेदारी 50 फीसदी से कम है।

अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता

पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। हथियारों के आयात में संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा 34 प्रतिशत है, जबकि रूस का 19 प्रतिशत और चीन का 13 प्रतिशत है।

ये देश हैं सबसे बड़े खरीदार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के रिपोर्ट के मुताबिक भारत के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार सऊदी अरब (8.4%) हथियारों का आयात करता है। वहीं, कतर (7.6%), यूक्रेन (4.9%), पाकिस्तान (4.3%), जापान (4.1%), मिस्र (4.0%), ऑस्ट्रेलिया (3.7%), दक्षिण कोरिया (3.1%) और चीन (2.9%) ने खरीदा है।

रूस-यूक्रेन युद्ध प्रमुख कारण

सैन्य खर्चों के बढ़ने के मुख्य कारकों में से एक तो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध है। यूक्रेन सैन्य खर्च के आठवां देश रहा है। उसका खर्च 51 फीसदी बढ़कर 64.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

डीआरडीओ ने विकसित की सबसे हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक इकाई ने देश की सबसे हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट विकसित की है। जैकेट उच्चतम खतरे के स्तर 6 से सुरक्षा प्रदान करेगी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि जैकेट में नई प्रक्रियाओं के साथ नवीन सामग्री का उपयोग किया गया है।

डीआरडीओ के रक्षा सामाग्री और भंडार अनुसंधान ने आर एपीआई गोला बारूद के खिलाफ सुरक्षा के लिए देश में सबसे हल्का बुलेटप्रूफ जैकेट सफलतापूर्वक विकसित किया है। हाल ही में टीबीआरएल, चंडीगढ़ में बुलेटप्रूफ जैकेट का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। ऑपरेशन के दौरान यह पहनने की क्षमता और आराम को बढ़ाती है।

अमेरिका में 2 भारतीय छात्रों की सड़क हादसे में मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

संयुक्त राज्य अमेरिका के एरिजोना में लेक प्लेजेंट के पास आमने-सामने की टक्कर में दो भारतीय छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि, मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। दोनों ही छात्र भारत के थे। वे अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के तौर पर पंजीकृत थे।

पेरिया पुलिस के अनुसार, 'स्टेट रूट- 74' के ठीक उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर 20 अप्रैल को शाम करीब छह बजकर 18 मिनट दो कारों के बीच टक्कर हो गई। पुलिस ने एक बयान में कहा, यह पता लगाया जा रहा है

कि वाहनों में टक्कर कैसे हुई। उसने बताया कि सड़क हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया की मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। उसने बताया कि दोनों भारतीय थे।

राजस्थान में हल्दी की रस्म के दौरान दूल्हे की करंट से मौत

कोटा। राजस्थान के कोटा में शादी के कुछ घंटे पहले दूल्हे की मौत हो गई। कोटा शहर के एक होटल में शादी की रस्में चल रही थीं, परिवार के लोग हल्दी के बाद दूल्हे को नहलाने ले जा रहे थे। इस दौरान दूल्हे का हाथ पोल पर लग गया और दूल्हा अचेत होकर गिर गया। परिजन तुरंत अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

हादसा नांता थाना क्षेत्र के बूंदी रोड स्थित होटल मेनाल रेजीडेंसी का है। पुलिस ने बताया कि कोटा के केशवपुरा निवासी सूरज सक्सेना की मंगलवार शाम को शादी होनी थी, जिसकी रस्में होटल में की जा रही थीं। एसएचओ ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया है। उन्होंने कहा- होटल मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक नजर



सालासर बालाजी ने जन्मदिन पर पहना 21 तोला सोने का नया चोला

सुजानगढ़। हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में तीन दिवसीय लक्खी मेले का मुख्य मेला मंगलवार शुरू हुआ है। बालाजी साल में पांच बार वस्त्र पहनते हैं। मंगलवार को अपने जन्मदिन पर 21 तोले सोने का नया चोला पहना। सोने से बना बालाजी का चोला विशेष है। चोले पर राम नाम के शब्द उकेरे गए हैं। चोले में डायमंड, नग-नगीने, चांदी व मोतियों का भी उपयोग लिया गया है।

ओडिशा में एक करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त, दो लोग गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की ब्राउन शुगर ड्रग्स जब्त की गई है। इस मामले में ओडिशा के अंगुल जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार एक खबरी से यह जानकारी मिली थी, जिसके बाद स्पेशल टास्क फोर्स और ओडिशा पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया। मौके से 1.1 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। गिरफ्तार किए गए तस्करों का नाम रकीबुल इस्लाम और बिजय बिरबर्मा बताया गया है। रकीबुल पश्चिम बंगाल का रहने वाला है, जबकि बिजय बिरबर्मा अंगुल जिले का ही रहने वाला है।

सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को 20 साल की सजा

सिंगापुर। भारतीय मूल के एक विवाहित व्यक्ति को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराने के बाद सोमवार को 20 साल की सजा सुनाई गई। व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका को अन्य पुरुषों से संबंध होने के चलते मौत के घाट उतार दिया था। एम कृष्णन ने मल्लिका बेगम राहतांसा अब्दुल रहमान (40) की 17 जनवरी 2019 को मृत्यु हो गई थी। 40 वर्षीय कृष्णन ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय में अपना दोष स्वीकार कर लिया। जिसके बाद कोर्ट युवक को 20 साल की सजा सुनाई।

80 भूकंप के झटकों से कांपा ताइवान, कई इमारतें हिलीं

ताइपे। ताइवान में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबित, सोमवार देर रात आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 आंकी गई है। सोमवार रात से लेकर मंगलवार तड़के तक 80 से अधिक भूकंप आए, जिसमें 6.3 तीव्रता सबसे शक्तिशाली था। कुछ भूकंपों के कारण राजधानी ताइपे की कुछ इमारतें भी हिल गई हैं। भूकंप बड़े पैमाने पर ग्रामीण पूर्वी काउंटी हुलिएन पर केंद्रित थे।

मलेशिया: प्रशिक्षण के दौरान 2 सैन्य हेलीकॉप्टर टकराए, 10 क्रू की मौत

नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के लिए कर रहे थे अभ्यास, मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल

कुआलालंपुर, एजेंसी

मलेशियाई नौसेना के दो हेलीकॉप्टर बीच हवा में टकराने से 10 लोगों की मौत हो गई है। नौसेना ने एक बयान में कहा कि यह घटना मंगलवार को रॉयल मलेशियाई नौसेना के अभ्यास के दौरान घटी है। कई हेलीकॉप्टरों ने एक साथ उड़ान भरी थी, जिसमें से दो अचानक बहुत करीब आकर आपस में टकरा गए, हादसे में सवार चालक दल के 10 सदस्यों की मौत हो गई।

मीडिया के अनुसार, नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हेलीकॉप्टर अगले महीने नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण ले रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। सभी सवार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत की पुष्टि हो गई। उन्होंने कहा कि अवशेषों को पहचान के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कई हेलीकॉप्टरों को एक संरचना में नीचे उड़ते हुए दिखाया गया है। एक विमान किनारे की ओर मुड़ गया और दूसरे हेलीकॉप्टर के रोटर से टकरा गया, जिससे दोनों नीचे गिर गए और दुर्घटनाग्रस्त हो गए। एक स्थानीय पुलिस

पेराक राज्य में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के मलबे से क्रू सदस्यों को निकालते सैनिक।

अधिकारी ने खुद को मीडिया को बताया है कि, हेलिकॉप्टरों इतने क्षतिग्रस्त हो गए थे कि उन्हें पहचाना नहीं जा सका। बचावकर्मियों ने शवों को ढूंढने के लिए मलबे की तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों में तीन महिलाएं और सात पुरुष शामिल हैं।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने देश के दिल और आत्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नौसेना तुरंत यह पता लगाने के लिए जांच करेगी कि दुर्घटना का कारण क्या था। नौसेना ने कहा कि एडब्ल्यू 139 समुद्री ऑपरेशन हेलीकॉप्टर में चालक दल के सात सदस्य सवार थे। उस विमान का निर्माण अगस्ता वेस्टलैंड द्वारा किया गया है, जो इटेलियन डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर लियोनार्डो की सहायक कंपनी है। चालक दल के तीन अन्य सदस्य यूरोपीय बहुराष्ट्रीय रक्षा समूह एयरबस द्वारा निर्मित फेनेक हल्के हेलीकॉप्टर पर थे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि एडब्ल्यू139 नौसैनिक अड्डे के एक खेल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जबकि फेनेक पास के स्विमिंग पूल से टकरा गया।

झामुमो संपत्तियों की जांच पर 10 मई तक कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम उठाने पर रोक लगाई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल के समक्ष शिकायत दायर करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है।

याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गई है। लोकपाल ने अपने आदेश में झामुमो के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय में 10 मई को आगे की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि सीबीआई को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में लोकपाल को देने की अनुमति है। हालांकि, सुनवाई की अगली तारीख यानी 10 मई तक लोकपाल द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा। उधर दिल्ली हाईकोर्ट में झामुमो की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी पेश हुए। उन्होंने कहा कि दोनों संपत्तियां राजनीतिक दल की हैं, सोरेन की नहीं।

ब्रिटेन की संसद ने दी रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी

- अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों को भेजा जाएगा रवांडा

लंदन, एजेंसी

ब्रिटिश संसद ने दो महीने की कशमकश के बाद आखिरकार रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी दे दी। इससे आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को काफी राहत मिली है।

पीएम सुनक ने उम्मीद जताई कि जुलाई तक रवांडा के लिए उड़ानें शुरू हो जाएंगी। रवांडा विधेयक को अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। इसके तहत अवैध शरणार्थियों को रवांडा भेजा जाएगा, इसके लिए वहां की सरकार के साथ संधि की गई है।

ब्रिटेन सरकार इसके लिए रवांडा को कुछ अग्रिम भुगतान भी कर चुकी है। प्रस्ताव के तहत रवांडा भेजे जाने के बाद शरणार्थी ब्रिटेन की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन्हें मंजूरी मिल जाएगी वे लोग ब्रिटेन में बस जाएंगे, लेकिन जिनका आवेदन खारिज होगा उन्हें वापस अपने देश भेज दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में ब्रिटेन में छोटी नौकाओं से इंग्लिश चैनल पार कर 45,744 अवैध शरणार्थी पहुंचे थे। ब्रिटेन के उच्च सदन लार्ड सभा में यह विधेयक अटका हुआ था। आखिर उसने

विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद विमान में पत्रकारों से बात करते ऋषि सुनक।

मंगलवार तड़के निर्वाचित सदन कामंस सभा की प्रधानता स्वीकार कर ली। इससे पहले सोमवार सुबह पीएम सुनक ने आश्चर्यजनक रूप से प्रेसवार्ता आयोजित कर लार्ड सभा से रवांडा विधेयक को न रोकने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने भी रवांडा विधेयक को मानवाधिकारों के विरुद्ध मानते हुए रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब ब्रिटेन खुद अफ्रीकी देश रवांडा को असुरक्षित मानता रहा है तो ऐसे में वह शरणार्थियों को वहां कैसे भेज सकता है।

पहली बार 4 लाख पर्यटक पहुंचे

श्रीनगर : ट्यूलिप गार्डन में मार्च 23 से अब तक 3,99, 138 पर्यटक पहुंच चुके हैं। इनमें 2,738 विदेशी भी हैं। अकेले ईद के अगले दिन यहां 30,600 पर्यटक पहुंचे। अभी पर्यटन का एक हफ्ता और बच्चा है। यह पहली बार है जब एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में 4 लाख पर्यटक पहुंचे। ● एजेंसी

सीमा पार बैठे आकाओं के इशारे पर हत्याएं करने वाला गिरफ्तार

- आतंकी मॉड्यूल का एक सदस्य पंजाब से गिरफ्तार, हथियार जब्त

चंडीगढ़, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में टारगेट किलिंग करने वाले आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को पंजाब से गिरफ्तार किया गया है। आतंकी पाकिस्तान में बैठे आकाओं के इशारे पर घटनाओं को अंजाम देता था। उसके पास से एक चीनी पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपी को जम्मू-कश्मीर में भय, अशांति पैदा करना और टारगेट किलिंग का काम सौंपा था। उन्होंने बताया है कि पाकिस्तान में बैठे उसके आका निर्देश देते थे। डीजीपी ने कहा- पंजाब पुलिस ने आतंकियों की साजिश को नाकाम कर दी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमृतसर के उधो नंगल गांव के लवप्रीत सिंह उर्फ पिचो के रूप में हुई है।

राजौरी हत्याकांड में आतंकी अबू हमजा का हाथ

जम्मू। पुलिस ने मंगलवार को दावा किया कि प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा का अबू हमजा नाम वाला एक विदेशी आतंकी जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सरकारी कर्मचारी की हत्या में शामिल था। पुलिस ने इसके बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख ईनाम की घोषणा की है। बता दें, थानामंडी क्षेत्र के कुंडा टॉप गांव में सोमवार को मोहम्मद रज्जाक की आतंकियों ने हत्या कर दी गई थी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, आतंकवादी कृत्य का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा-हमलावरों में से एक की पहचान अबू हमजा छद्म नाम वाले विदेशी आतंकवादी के रूप में हुई है।

अगले साल तक भारत को मिल जाएगी एस-400 मिसाइल

नई दिल्ली। यूक्रेन युद्ध के कारण रूस सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली की अंतिम खेप की आपूर्ति करने में लगातार देरी कर रहा है। हालांकि, आधिकारिक सूत्रों की मानें तो नई समय सीमा के तहत भारत को प्रणाली की दो इकाइयां अगले साल तक मिल जाएंगी। सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत अपनी वायु शक्ति क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मिसाइल प्रणालियों की खरीद कर रहा है। भारत ने रूस से पांच मिसाइल प्रणालियों की खरीद के लिए 2018 में 5.5 अरब अमेरिकी डॉलर का सौदा किया था। इनमें से तीन लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों को रूस भारत को सौंप चुका है।

5.5 अरब अमेरिकी डॉलर का 2018 में किया था सौदा

रूस ने 2021 में भेजी थी पहली यूनिट

रूस ने दिसंबर 2021 में मिसाइल सिस्टम की पहली इकाई की आपूर्ति की थी। इन्हें चीन की सीमा के कुछ हिस्सों के साथ-साथ पाकिस्तान सीमा पर तैनात किया जा चुका है। सूत्रों को मानें तो भारत को रूस निर्मित दो युद्धपोतों में से पहले युद्धपोत तुशिल की आपूर्ति सितंबर में मिलने की उम्मीद है और दूसरे युद्धपोत तमल की आपूर्ति रूस द्वारा जनवरी में की जाएगी। हालांकि, पहले दोनों जहाजों की आपूर्ति 2022 तक होनी थी लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति में लगातार देरी हो रही है। रूस 2018 में हुए चार युद्धपोत सौदे के तहत स्टील्थ युद्धपोत की आपूर्ति कर रहा है और शेष दो भारत में बनाए जा रहे हैं।

कर्नाटक सरकार का हुक्का बार प्रतिबंध का फैसला सही

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा- हुक्का सिगरेट से कम खतरनाक नहीं इससे फैलती हैं कई बीमारियां

बेंगलुरू, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के हुक्का बार पर प्रतिबंध जारी रखने के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि हुक्का भी सिगरेट जितना ही खतरनाक है। सिगरेट पर तो दुनिया भर में किसी न किसी तरह का प्रतिबंध है, लेकिन हुक्का पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

जहां सिगरेट-शराब पर चेतावनी लिखी होती है, वहीं हुक्के पर कोई चेतावनी तक नहीं होती। यह मान्यता है कि हुक्का ज्यादा नुकसान नहीं करता। कोर्ट ने कहा- यही वजह है कि हुक्का बार धड़ल्ले से चल रहे हैं। कोर्ट ने कहा- हुक्का में भी वहीं हानिकारक तत्व हैं, जो सिगरेट में हैं। दोनों में तंबाकू होता है। कई अध्ययनों में यह साफ है कि हुक्का से भी फेफड़ों का कैंसर

हो सकता है। यहां तक कि हुक्का सिगरेट से ज्यादा खतरनाक है क्योंकि हुक्के का एक सत्र करीब 1 घंटे का चलता है, जिसमें 200 पफ लेते हैं। यह 100 सिगरेट पीने जैसा है। कोर्ट ने कहा कि हुक्का पीने से हेपेटा इटिस और अल्सर जैसी बीमारियां हो रही हैं, क्योंकि हुक्का समूह में पीते हैं और एक-दूसरे को देते जाते हैं। ऐसा करने से सफाई का ध्यान नहीं रखा जा पाता और बीमारियां एक से दूसरे में फैलती हैं।

समुद्री चुनौतियों से निपटने को सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ओमान

नई दिल्ली। भारत और ओमान ने समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए एक दूसरे के साथ सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है इससे क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और रॉयल ओमान पुलिस तटरक्षक (आरओपीसीजी) के बीच मंगलवार को पांचवीं वार्षिक उच्च-स्तरीय बैठक में यह सहमति बनी। इस बैठक को समुद्री क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय अवैध गतिविधियों से निपटने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों में मील का पत्थर माना जा रहा है। रॉयल ओमान पुलिस कोस्ट गार्ड के सहायक कमांडिंग अधिकारी कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी ने बैठक में अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल की अध्यक्षता में हुई।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने नए शोध में किया खुलासा, सौर मंडल के गठन के तुरंत बाद शुरू हुआ विशाल ग्रह का प्रवासन

ग्रहों को ऑर्बिट में स्थापित होने में लगे 60 से 100 मिलियन वर्ष

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : हमारे सौर मंडल के पृथ्वी समेत अन्य ग्रहों को अपनी ऑर्बिट बनाने में 60-100 मिलियन वर्षों का समय लगा। इन्हें एक स्थान में स्थापित करने में बड़ी भूमिका विशाल ग्रहों की रही। नए शोध के बाद यह रोचक जानकारी सामने आई है।

वैज्ञानिकों के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि हमारे सौर मंडल में प्राकृतिक स्थिरता कैसे आई। यह हम जानते हैं कि ग्रहों के निर्माण के साथ सौर मंडल कैसे अस्तित्व में आया। मगर इनको अपनी ऑर्बिट में स्थापित होने के बारे में हमारी जानकारी आज भी अधूरी है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों ने हाल ही में शोधकर,

हमारे सौर मंडल के गठन की प्रतीकात्मक तस्वीर।

इस रहस्य से पर्दा उठाया है। शोधकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे सौर मंडल में करोड़ों वर्ष पहले जो कुछ हुआ, उसे सुलझाना चुनौतीपूर्ण है। मगर इतना जरूर है कि ग्रहों को प्राकृतिक स्थिरता की तलाश में बेतहाशा अलग-अलग द्रव्यमान वाली लाखों वस्तुएं, अरबों वर्षों तक परस्पर क्रिया करती रहीं। विशाल ग्रहों का प्रवास भी इस प्रक्रिया में शामिल रहा है।

शोध से पता चलता है कि विशाल ग्रह का प्रवासन सौर मंडल के गठन के तुरंत बाद शुरू हुआ।

ग्रहों का प्रवास एक सुस्थापित विचार है। ग्रैंड-टैक परिकल्पना के अनुसार बृहस्पति पहले 3.5 खगोलीय इकाई एयू की दूरी मे स्थापित हुआ। इसके बाद 1.5 एयू तक अंदर की ओर चला गया।

और फिर से 5.2 एयू पर वापस चला गया और यहीं पर प्राकृतिक अवस्था में स्थिर हो गया। शनि ग्रह भी इसी तरह से एक स्थान पर स्थापित होकर, अपनी कक्षा में चक्कर लगाने लगा। लीसेस्टर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजिक्स एंड एस्ट्रोनॉमी के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध डॉ. क्रिसा एवडेलिडौ के नेतृत्व में किया गया। डॉ. एवडेलिडौ के अनुसार हमारे ग्रहों की कक्षाएँ गतिशील प्रक्रियाओं के कारण अस्थिर हो गईं और फिर उन्होंने अपनी अंतिम स्थिति ले ली। जैसा कि हम आज देखते हैं।

जटिल सुंदर पहेली है सौर मंडल का अतीत

शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि सौर मंडल का इतिहास एक जटिल सुंदर पहेली है। जिसे समझ पाना आसान नही है। नए शोध से इस बारे में तथ्यात्मक जानकारी मिलती है। पृथ्वी पर जीवन का उद्भव कैसे हुआ, यह बेहद रोचक है। मगर इस ग्रह पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखना भी बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को हम सबको स्वीकार कर पृथ्वी के वातावरण को शुद्ध रखना होगा।